खबरों के 70 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

जबलपुर, मंगलवार 16 जून 2026 । वर्ष –70 । अंक –207 पृष्ठ –12 मूल्य – 3.00 रु.

■ लोकतांत्रिक गिरावट... ■ जिबह किया जाता है... 04
■ टेक टैक्स हटाओ, वरना फ्रेंच वाईन... ■ मजबूरी में करनी पड़ी ईरान से डील... 09
■ ईंधन व खाद्य कीमतों में तेजी से थोक... ■ बाजार में शानदार बढ़त, सेंसेक्स 736... 11
■ काई हावर्ज के दो... ■ भारत दिलप्रीत व... 10

# अमेरिका-ईरान शांति समझौते पर सहमत


## दोनों देश 19 जून को स्विट्जरलैंड में एक समारोह में करेंगे हस्ताक्षर

◆ ट्रंप ने किया ऐलान, होर्मुज खोलने को भी मंजूरी

◆ ईरान ने भी अमेरिका के साथ समझौते की पुष्टि की

**वाशिंगटन, (एजेंसियां)।** पश्चिमी एशिया में युद्ध खत्म करने को लेकर अमेरिका और ईरान शांति समझौते पर सहमत हो गये है। दोनों देश 19 जून को स्विट्जरलैंड में एक आधिकारिक समारोह में इसपर हस्ताक्षर करेंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रूथ सोशल पर रविवार देर रात इस संबंध में जानकारी देते हुए लिखा, 'ईरान के इस्लामी गणराज्य के साथ समझौता अब संपन्न हो चुका है।

होर्मुज़ जलडमरूमध्य को बिना किसी शुल्क के पूरी तरह खोलने की अनुमति देता हूं। साथ ही, अमेरिका की नौसैनिक नाकाबंदी को तत्काल प्रभाव से हटाने का भी आदेश देता हूं। ट्रंप ने कहा-दुनिया भर के जहाज अब अपनी यात्रा शुरू करें। तेल का प्रवाह फिर से शुरू होने दें।' ईरान ने भी अमेरिका के साथ समझौते को लेकर पुष्टि की है। ईरान के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने कहा कि इस पर 19 जून को स्विट्जरलैंड में हस्ताक्षर किए जाएंगे। गरीबाबादी ने कहा कि इस ज्ञापन में लेबनान सहित सभी मोर्चों पर आज रात से सैन्य अभियानों को तुरंत रोकने की बात भी शामिल है।



*तेल परिवहन हेतु अमेरिका की नौसैनिक नाकाबंदी को तत्काल प्रभाव से हटाने का भी आदेश देता हूं। दुनिया भर के जहाज अब अपनी यात्रा शुरू करें।*
*– डोनाल्ड ट्रंप, राष्ट्रपति, अमेरिका*



*समझौता मसौदा तैयार हो गया है और शुक्रवार को स्विट्जरलैंड में इस ज्ञापन पर आधिकारिक रूप से हस्ताक्षर होंगे।*
*–काजेम गरीबाबादी, उप विदेश मंत्री, ईरान*

अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच 28 फरवरी से जंग की शुरुआत हुई थी। ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामेनेई जंग के पहले दिन ही मारे गए। इसके बाद दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया. 8 अप्रैल 2026 को यूएस ईरान के बीच सीजफायर पर सहमति बनी थी। इसके बाद शांति समझौते को लेकर मध्यस्थों के जरिए बातचीत की जा रही थी। जून में इसी सप्ताह तब हालात और नाजुक हो गए। जब ईरान द्वारा यूएस के अपाचे हेलीकॉप्टर के मार गिराए जाने के बाद दोबारा हमले शुरू हुए थे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक अन्य पोस्ट में कहा, 'यह ऐतिहासिक समझौता पूरे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा लेकर आएगा। मुझसे पहले कई राष्ट्रपतियों ने ईरान के साथ शांति स्थापित करने की कोशिश की लेकिन वे सफल नहीं हो सके। पहली बार क्षेत्र के नेताओं को ऐसा राष्ट्रपति मिला है जो उन्हें वास्तविक और स्थायी शांति दिलाने में मदद कर सकता है।' श्री ट्रंप ने बताया कि आगामी शुक्रवार को समझौते पर हस्ताक्षर होने के साथ ही होर्मुज जलडमरूमध्य खोल दिया जाएगा ताकि वहां बिछी समुद्री बारूदी सुरंगों को हटाया जा सके।

### ईरान परमाणु हथियार हासिल नहीं कर पाएगा: वेंस

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस ने गतिरोध के एक प्रमुख बिंदु यानि परमाणु हथियारों के लेकर कहा कि समझौता यह सुनिश्चित करता है कि ईरान कभी भी परमाणु हथियार हासिल नहीं कर पाएगा। श्री वेंस ने फॉक्स न्यूज़ से कहा, 'इसका मतलब है कि ईरान के पास कभी परमाणु हथियार नहीं होगा। वह न तो परमाणु हथियार बनाने की कोशिश करेगा और न ही उन्हें खरीदने या हासिल करने की कोशिश करेगा। यह बात इस समझौते में शामिल है।' उन्होंने यह नहीं बताया कि समझौते में अमेरिका को क्या-क्या मिलेगा।

### मोदी बोले- टिकाऊ समझौते की उम्मीद करते हैं

अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते को लेकर बनी सहमति का पीएम नरेंद्र मोदी ने स्वागत किया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव की वजह से दुनिया भर में गंभीर आर्थिक दिक्कतें आई हैं और कई देशों में जानें गई हैं। उन्होंने कहा कि भारत को उम्मीद है कि इस सहमति को लागू करने से इस इलाके में शांति और स्थिरता वापस लाने में मदद मिलेगी और आवाजाही और व्यापार की आजादी पक्की होगी। हम बाकी मुद्दों पर बातचीत से एक टिकाऊ आखिरी समझौते पर पहुंचने की उम्मीद करते हैं।

सार संक्षेप

### थोक महंगाई दर में भी उछाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में महंगाई पिछले कुछ समय से तेजी से ऊपर आ रही है। खुदरा महंगाई दर ने अप्रैल और मई में जहां उछाल ली है वहीं थोक महंगाई दर ने भी अब तीखे तेवर दिखाए हैं। थोक महंगाई में मई महीने में तेजी देखने को मिली है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, थोक महंगाई मई में बढ़कर 9.68% हो गई, जो अप्रैल में 8.26% थी। ईंधन व बिजली, विनिर्मित उत्पादों और खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेज वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने आधार वर्ष को 2011-12 से संशोधित कर 2022-23 करने के बाद थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई के आंकड़े सोमवार को जारी किए। बढ़ी थोक महंगाई से बाजार पर तेज असर पड़ेगा।

**(विस्तृत खबर पृष्ठ 11 पर)**

### नीट री-एग्जाम पेपर लीक के नाम पर साइबर ठगी करने वाले बंधे

**अहमदाबाद।** साइबर क्राइम ब्रांच ने सोमवार को राजस्थान के दो लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों के अनुसार, दोनों पर टेलीग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से री-नीट परीक्षा का प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने का दावा कर छात्रों और अभिभावकों से कथित ठगी करने वाले एक अंतरराज्यीय साइबर नेटवर्क को संचालित करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, जांच में यह पता लगने के बाद कि कुछ लोग टेलीग्राम के माध्यम से री-नीट परीक्षा के प्रश्नपत्र और परीक्षा से जुड़ी गोपनीय जानकारी होने का दावा कर रहे थे, मामले में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 319(2) और 54 तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66 के तहत साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था।




**चूहा-सुनती हो**- ट्रंप ने ऐलान किया है कि- अमेरिका-ईरान के बीच शांति समझौता हो गया है। अब हस्ताक्षर शेष रह गए हैं।
**चुहिया- हां प्रिये**- युद्ध छेड़ने का काम भी तो ट्रंप ने ही किया था।

### स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री से मिले मोदी



## दोनों नेताओं ने किए 11 समझौतों पर हस्ताक्षर

**पेरिस/ब्रातिस्लावा, (एजेंसियां)।** भारत और स्लोवाकिया के रिश्ते व्यापक साझेदारी तक बढ़ाए गए हैं। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्लोवाकियन पीएम रॉबर्ट फिको के बीच बातचीत के बाद द्विपक्षीय डिफेंस और ट्रेड डील हुई। ब्रातिस्लावा के महल में स्लोवाकिया के पीएम रॉबर्ट फिको से मुलाकात के बाद मोदी ने फिको को भारत आने का न्योता भी दिया। स्लोवाकियन पीएम फिको ने मोदी को भारत के सबसे लंबे समय तक चुने गए प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी और इस उपलब्धि को राजनीतिक चमत्कार बताया।

पीएम मोदी दो देशों के दौरे के दूसरे फेज में रविवार रात 2:18 बजे स्लोवाकिया पहुंचे। राजधानी ब्रातिस्लावा में विदेश और यूरोपीय मामलों के मंत्री जुराय ब्लानार ने उनका स्वागत किया। मोदी को पारंपरिक स्लोवाक रीति से ब्रेड और नमक भेंट किया गया, जिसे यहां आतिथ्य, सम्मान और सद्भावना का प्रतीक माना जाता है। मोदी ने एयरपोर्ट पर स्लोवाकिया में मौजूद भारतीयों से भी मुलाकात की। दरअसल, मोदी 13 जून से फ्रांस-स्लोवाकिया के 6 दिन के दौरे पर हैं। वे 17 जून को फ्रांस के एवियान में जी-7 समिट में शामिल होंगे। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से भी मिल सकते हैं।

भारत और स्लोवाकिया ने अपने संबंधों को व्यापक साझेदारी के स्तर तक उन्नत करते हुए द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने के लिए 11 समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको के बीच हुई वार्ता के बाद प्रवासन, डिजिटल प्रौद्योगिकी और रक्षा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

## सुप्रीम कोर्ट पहुंचा राम मंदिर दान पेटी से चोरी का मामला

◆ कोर्ट की निगरानी में जांच कराने की मांग की गई

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** अयोध्या के राम जन्मभूमि मंदिर में भक्तों द्वारा दिए गए दान और चढ़ावे के प्रबंधन में कथित गड़बड़ियों का मामला अब सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। इस संबंध में शीर्ष अदालत में एक याचिका दायर की गई है, जिसमें दान और चढ़ावे के प्रबंधन में कथित हेराफेरी की जांच कराने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता और अधिवक्ता अनूप प्रकाश अवस्थी ने सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया है कि कथित अनियमितताओं के मामले में एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया जाए। साथ ही अदालत की निगरानी में केंद्रीय जांच ब्यूरो से मामले की जांच कराने पर भी विचार करने की मांग की गई है। याचिका में दान और चढ़ावे के प्रबंधन से जुड़े पहलुओं की विस्तृत जांच की आवश्यकता बताई गई है। यह मुद्दा समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा उठाए जाने के बाद व्यापक चर्चा का विषय बना। इसके बाद कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने भी मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। वहीं साधु-संतों के बयान भी सामने आए, जिससे यह विवाद और सुर्खियों में आ गया।

मामले के तूल पकड़ने के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने जांच के लिए विशेष जांच दल का गठन किया है। इस टीम में लखनऊ मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, पुलिस महानिरीक्षक किरण एस. और वित्त विभाग के विशेष सचिव नील रतन को शामिल किया गया है।

## मप्र में बनेगा साइबर सिक्योरिटी रिसर्च सेंटर : मुख्यमंत्री

◆ मुख्यमंत्री ने किया कार्यशाला का शुभारंभ

◆ सीमाओं की तरह महत्वपूर्ण है डेटा की सुरक्षा

**भोपाल, देशबन्धु।** डिजिटल युग में बढ़ते साइबर खतरों और डेटा सुरक्षा की चुनौतियों से निपटने के लिए मध्यप्रदेश सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य में साइबर सिक्योरिटी रिसर्च सेंटर स्थापित करने की घोषणा की है।



यह घोषणा उन्होंने सोमवार को भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित 'राज्य डेटा के लिए साइबर सुरक्षा फ्रेमवर्क को सुदृढ़ बनाने' विषयक परामर्श कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर की। मुख्यमंत्री ने कहा कि तकनीक के विस्तार के साथ साइबर अपराधों का स्वरूप भी लगातार बदल रहा है। ऐसे में राज्य को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने बताया कि महू स्थित मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग तथा अन्य शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से प्रस्तावित रिसर्च सेंटर साइबर सुरक्षा, अनुसंधान, नवाचार और कौशल विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। डॉ. यादव ने कहा कि आज के समय में डेटा की सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण विषय बन चुका है। यदि किसी नागरिक की जीवनभर की जमा पूंजी साइबर अपराधियों द्वारा ऑनलाइन ठगी के जरिए हड़प ली जाए तो यह गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नागरिकों के डिजिटल विश्वास को मजबूत बनाने और ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

### प्रदर्शन कर रहे अभिजीत दीपके के साथ हुई धक्का-मुक्की

**जयपुर।** कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके के साथ जयपुर में प्रदर्शन के दौरान धक्का-मुक्की और हंगामे की घटना सामने आई है। सोमवार को शहीद स्मारक पर आयोजित विरोध-प्रदर्शन के दौरान एक अज्ञात व्यक्ति ने अभिजीत दीपके को थप्पड़ मार दिया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जिसके बाद पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया।

### 140 करोड़ की 'कवच' परियोजना को रेलवे की मंजूरी

**नई दिल्ली।** रेलवे ने रेल सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद मंडल में 'कवच 4.0' लगाने को मंजूरी प्रदान की है। रेलवे ने सोमवार को बताया कि 48 ब्लॉक सेक्शन और 598 किलोमीटर पर मार्ग पर 'कवच 4.0' लगाने के लिए 140 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी दी गई है। यह मंजूरी भारतीय रेलवे के बाकी रूटों पर दीर्घकालिक विकास (एलटीई)-बेस्ड कम्युनिकेशन बैकबोन के साथ 'कवच' लगाने के बड़े प्रोग्राम के तहत दी गई है। इससे पहले अहमदाबाद मंडल के लगभग 702 किलोमीटर मार्ग पर 'कवच' लगाने का काम पहले ही मंजूर किया जा चुका था।

### नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर वाणिज्यिक उड़ानें शुरू

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार यानी 15 जून से आधिकारिक तौर पर वाणिज्यिक उड़ानें शुरू हो गईं, जिससे उत्तरी भारत में हवाई संपर्क को महत्वपूर्ण बढ़ावा मिला है। कम लागत वाली एयरलाइन इंडिगो ने जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनआईए) से उड़ान संचालन शुरू करने वाली पहली एयरलाइन बनकर इतिहास रच दिया है। एयरलाइन के अनुसार, पहली फ्लाइट लखनऊ से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंची, जबकि इसके कुछ ही समय बाद पहली उड़ान बेंगलुरु के लिए रवाना हुई।

JAN JYOTI SUPER SPECIALITY EYE HOSPITAL

अब पाइये चश्मे से छुटकारा
मात्र कुछ सेकेण्ड्स में



Teneo- 2 तकनीक से इलाज
TRANS EPI सबसे आधुनिक और सुरक्षित
आज ही विजिट करें
9165108121 janjyotieyehospital.com
1051, Gol Bazar, Near Keshwarwani College, Wright Town, Jabalpur

Excellence in Education, Excellence in Life
A.P.N. C.B.S.E.
SENIOR SECONDARY SCHOOL
(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302 )
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2026-27
Class Nursery to XII Science I Commerce I Humanities
Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games
राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट
Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200

### अलनीनो को लेकर खिची चिंता की लकीर

## बढ़ सकती हैं किसानों की मुश्किलें, महंगाई और उछल सकती है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया तनाव के कम होने के आसार के साथ अब मौसम नई मुसीबत अलनीनो के रूप में खड़ी कर रहा है। जिसका असर खेत-खलिहानों से लेकर अर्थव्यवस्था पर सीधा पड़ने की बात विशेषज्ञों द्वारा कही जा रही है। मौसम विभाग ने जून-सितंबर 2026 के मानसून कमजोर रहने का अनुमान जताया है। इसके चलते देश के 25 फीसदी हिस्से में सूखा पड़ने की आशंका है। इसका असर फसल उत्पादन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और खाद्य कीमतों पर पड़ सकता है। केंद्र सरकार सूखे से होने वाले नुकसान को कम करने की तैयारी में जुट गई है। इस कमजोर मानसून की वजह अल नीनो को बताया जा रहा है।

**अल नीनो है क्या-** अल-नीनो एक स्पैनिश भाषा का शब्द है, जिसका शाब्दिक अर्थ है- लिटिल बॉय यानी छोटा लड़का। यह प्रशांत महासागर में होने वाली एक प्राकृतिक जलवायु घटना है, जो हर दो से सात साल में होती है। एक बार अल-नीनो की स्थिति बनने के बाद इसका चक्र आमतौर पर नौ से 12 महीने तक चलता है। अल-नीनो की स्थिति तब रिकॉर्ड होती है, जब भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर के केंद्रीय और पूर्वी हिस्से में समुद्र की सतह का पानी असामान्य रूप से गर्म हो जाता है। **भारत पर इसका क्या असर पड़ सकता है-** भारत में अल नीनो का संबंध कमजोर दक्षिण-पश्चिम मानसून से जोड़ा जाता है। हालांकि हर अल नीनो वर्ष में सूखा नहीं पड़ता, लेकिन इतिहास बताता है कि देश के कई बड़े मानसूनी संकट इसी घटना के दौरान देखने को मिले हैं। कृषि मंत्रालय ने देशभर में 197 ऐसे जिलों की पहचान की है जिन पर अल नीनो का सबसे ज्यादा असर पड़ सकता है। इन जिलों में सिंचाई सुविधाओं की पहुंच सीमित होने के कारण खरीफ फसलों की बुआई प्रभावित होने की आशंका है।




### सरकार की तैयारी

कृषि मंत्रालय ने 'खेत बचाओ अभियान' भी शुरू किया है, जिसके जरिए किसानों तक समय रहते मौसम संबंधी चेतावनियां, फसल प्रबंधन सलाह और वैकल्पिक कृषि उपाय पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। सरकार की कोशिश संकट आने के बाद राहत देने के बजाय पहले से तैयारी कर नुकसान को कम करना। इसके लिए प्रत्येक राज्य के लिए अलग-अलग आकस्मिक योजना तैयार की गई हैं, ताकि बारिश की कमी या सूखे जैसी स्थिति बनने पर स्थानीय जरूरतों के अनुसार तुरंत कदम उठाए जा सकें। अल नीनो की स्थिति की समीक्षा के लिए नियमित रूप से साप्ताहिक बैठकें की जा रही हैं। सरकार का दावा है कि खाद्य सुरक्षा को लेकर भी तैयारी की गई है। केंद्रीय वित्त मंत्री वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के अनुसार देश में पर्याप्त खाद्यान्न बफर स्टॉक मौजूद है।

# देश-विदेश

## प्रकाश राज के खिलाफ तिरुपति कोर्ट में शिकायत

**तिरुपति।** अभिनेता प्रकाश राज के खिलाफ तिरुपति के एक कोर्ट में आपराधिक शिकायत दर्ज की गई है। यह मामला उनकी कथित तौर पर हिंदू देवी-देवताओं और रामायण पर की गई टिप्पणी से जुड़ा है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि अभिनेता ने सार्वजनिक मंचों पर ऐसे बयान दिए, जिनसे धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। यह शिकायत भाजपा नेता और तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ट्रस्ट बोर्ड के सदस्य जी. भानुप्रकाश रेड्डी ने दर्ज कराई है। उन्होंने तिरुपति की एडिशनल ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास कोर्ट में यह मामला सोमवार को दाखिल किया।

## कांगो में इबोला से 181 मौतें, 782 मामलों की पुष्टि हुई

**किन्शासा।** कांगो में अब तक इबोला से 181 मौतें हो चुकी है और पुष्ट मामलों की संख्या बढ़कर 782 हो गई है। कांगो के स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार शाम को 'एक्स' पर यह जानकारी दी। कांगो में मामलों की संख्या इससे कहीं अधिक होने की आशंका है, क्योंकि इस बीमारी के फैलने की पुष्टि 15 मई को हुई थी। इसके अलावा, संक्रमितों के संपर्क में आये लोगों की तलाश की दर भी महज 56 फीसदी है। इबोला का यह नया प्रकोप दुर्लभ 'बुंडीबुग्यो वायरस' से फैला है। इसकी कोई स्वीकृत वैकसीन या इलाज अभी उपलब्ध नहीं है।

प्रो.नं. 1458/26, Dt. 15/6/2026

**वर्तमान पत्रात जाहिरात देण्याबाबतचे नोटीस**

(आदेश ५ नियम २० (१-अ))

**कोर्ट विद्यमान दिवाणी न्यायाधीश व. स्तर, सावनेर**

वि.दि.दावा १७४/२०२२

पेशी तारीख : १७.०६.२०२६

वादी/अर्जदार : नरेंद्र नथुजी करनेवार

..विरुद्ध...

प्रतिवादी/गैरअर्जदार : मो. शाकीर मेहमुदाभाई प्रति,

कृष्णराव शिताराम जाधव, रा. १११७/३, समाधान हॉस्पीटल राईट टाऊन, भवानी प्रसाद वार्ड, जबलपूर - ४८२००१.

सदरहु वादी नरेंद्र नथुजी करनेवार यांनी या न्यायालयात वि.दि. दावा १७४/२०२२ दाखल केला आहे. तुम्हाला या जाहीर नोटीसद्वारे सुचित करण्यात येते की, तुम्ही सदर दावा चे उत्तर देण्याकरीता दि. १७.०६.२०२६ रोजी सकाळी ११.०० वाजता स्वतः किंवा ज्याला योग्यरित्या सूचना दिलेल्या आहे व जो महत्वाच्या सर्व प्रश्नांची उत्तरे देऊ शकेन अश्या वकीला मार्फत या न्यायालयात उपस्थित राहावे. तुम्हाला नोटीस देण्यात येत आहे की वर नमुद केलेल्या दिवशी उपस्थित राहावे जर नमुद केलेल्या दिवशी उपस्थित राहण्यास कसूर केल्यास तुमच्या अनुपस्थितीत दाव्याची एकतर्फी सुनावणी केली जाऊन निर्णय केला जाईल. आणखी असा नोटीस देण्यात येत आहे की वर नमुद केलेल्या तारखेस किंवा तत्पुर्वी बजावणीतील तुमच्या पत्ता दाखल करण्यात तुम्ही कसुर केल्यास तुमचा बचाव रद्द केला जाण्यास पात्र ठरेल. आज दि. १५/०६/२०२६ रोजी माझ्या सहीने व न्यायालयाच्या शिक्यानिशी दिला.

शिक्का आदेशान्वये, सहा. अधिक्षक दिवाणी न्यायालय व. स्तर, सावनेर

**FOR CHANGE OF NAME**

It is for general information that I, KANTA VINODIYA W/o Late VIJAY KUMAR VINODIYA D/o MOOL CHAND VINODIYA, residing at H.No.1450/842, Ganga Nagar Colony, Chandan Colony, Garha, Jabalpur (M.P.) 482003, declare that name of mine has been wrongly written as KANTA in Pension Payment Order No. 807198700416 of P.C.D.A. (Pension) Allahabad. The actual name of mine is KANTA VINODIYA, which may be amended accordingly.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

(KANTA VINODIYA)

R.No. 994 Applicant

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### मप्र में बनेगा....

साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने समय रहते डिजिटल व्यवस्था को मजबूत करने और संभावित खतरों के प्रति समाज को जागरूक करने का कार्य किया है। जनधन खातों और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) जैसी व्यवस्थाओं ने पारदर्शिता बढ़ाने के साथ लाभार्थियों तक योजनाओं का पूरा लाभ पहुंचाने में अहम योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध और डीपफेक जैसी नई चुनौतियों से मुकाबले के लिए केवल प्रतिक्रिया आधारित नहीं, बल्कि पूर्वानुमान और सतत निगरानी पर आधारित व्यवस्था विकसित करने की आवश्यकता है। प्रस्तावित रिसर्च सेंटर साइबर हमलों की समय रहते पहचान और रोकथाम में भी मदद करेगा। कार्यशाला में प्रमुख सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एम. सेलवेंद्रन ने कहा कि मध्यप्रदेश डिजिटल सेवाओं के क्षेत्र में अग्रणी राज्यों में शामिल है। राज्य के कई विभागों को डिजिटल नवाचारों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिल चुका है। उन्होंने कहा कि नागरिकों के डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करना वर्तमान समय की सबसे बड़ी जरूरत है और इसी उद्देश्य से साइबर सुरक्षा तंत्र को और मजबूत किया जा रहा है। देशभर से आए विशेषज्ञों ने कार्यशाला में साइबर सुरक्षा से जुड़े विभिन्न नीतिगत और तकनीकी पहलुओं पर चर्चा की।

**MP POWER MANAGEMENT CO. LTD.**

Dn. I, Rampur, Jabalpur

**TENDER INVITATION**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Tender No. | 2026_MPPMC_515489_1 |
| 2 | Tender Specification No | EE/C/I/1112 |
| 3 | Tender Type/ Mode of Tender | Double Envelope/e-Tendering |
| 4 | Tender for | Annual Contract for Misc. Civil Maintenance work of Colony and Office area at Rampur MPPMCL, Jabalpur. |
| 5 | Bids Submission Last Date & Time | 03-July-2026 15:00:00 |
| 6 | Tender Opening Date and Time | 06-July-2026 15:30:00 |
| 7 | Bid Fee (INR) | Rs. 590/- (with GST) |
| 8 | Earnest Money (INR) | Rs. 17,700/- |
| 9 | Eligibility of Contractor- | Registered in MPPMCL in D or above category or having experience as per bid data sheet. |
| 10 | Tender Forms Available at Website | www.mptenders.com |
| 11 | Contract No. for any other details required. | 0761-2702833/2702888 |

**Note -** The due date of extension or any corrigendum will not be published in newspapers and only uploaded on MP Tenders Site.

M.P. Madhyam/126394/2026 EXECUTIVE ENGINEER (CIVIL)

**सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया Central Bank of India**

**अचल संपत्तियों का विक्रय नोटिस ई-नीलामी दिनांक- 20/07/2026**

क्षेत्रीय कार्यालय – साउथ एवेन्यू मॉल के सामने, ग्वारीघाट रोड, पोलीपाथर, जबलपुर (म.प्र)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई– नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति–दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का प्रलक्षित कब्जा (नीचे वर्णित) प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **''जहाँ है जैसा है और जो कुछ भी है, जिस प्रकार है, एवं दायित्व रहित''** के आधार पर निम्नलिखित देनदारों, प्रत्याभूति–दाता तथा जमानतदारों से प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि की वसूली हेतु ई– नीलामी द्वारा बेचे जाने हेतु विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :

| क्र. | ऋण खाता/ ऋणी/ प्रत्याभूति-दाता/ जमानतदार एवं संबंधित शाखा | मांग सूचना दिनांक आधिपत्य दिनांक बकाया राशि (मांग सूचना के अनुसार) | साम्यबंधक अचल संपत्तियों का विवरण/ कब्जे का प्रकार | आरक्षित मूल्य / अग्रिम धरोहर जमा राशि / बिड वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मे. श्री माँ रेवा हॉस्पिटल एंड रीसर्च सेंटर प्रा. लि. द्वारा निदेशक डा. ब्रिजेश विश्वकर्मा एवं श्रीमती कल्पना विश्वकर्मा (मुख्यउधारकर्ता) पता – प्लॉट न . 30, दुर्गा मंदिर के पास, वृन्दावन नगर, रिमझा कटंगी रोड, जबलपुर म.प्र., 482001 डा. ब्रिजेश विश्वकर्मा निदेशक मे. श्री माँ रेवा हॉस्पिटल एंड रीसर्च सेंटर प्रा. लि.(उधारकर्ता) पता – प्लॉट न . 30, दुर्गा मंदिर के पास, वृन्दावन नगर, रिमझा कटंगी रोड, जबलपुर म.प्र., 482001 ब्रिजेश विश्वकर्मा(उधारकर्ता) पता-30, कटंगी रोड , दुर्गा मंदिर के पास, वृन्दावन नगर, जबलपुर 482001 श्रीमती कल्पना विश्वकर्मा निदेशक मे. श्री माँ रेवा हॉस्पिटल एंड रीसर्च सेंटर प्रा. लि. (उधारकर्ता) पता – प्लॉट न . 30, दुर्गा मंदिर के पास, वृन्दावन नगर, रिमझा कटंगी रोड, जबलपुर म.प्र., 482001 श्रीमती कल्पना विश्वकर्मा W/O ब्रिजेश(उधारकर्ता) पता :- पत्नी ब्रिजेश 481/1, कटंगी रोड करमेता , जाटा शंकर मंदिर के पास, जबलपुर-482001 श्री संतोष कुमार वर्मा पुत्र बाबू लाल बारी (गारंटीदाता एवं बंधककर्ता) पता- वार्ड न. 12, स्टेशन रोड, आम पेड़ के पास, ग्राम व थाना चंदिया, तहसील चंदिया, जिला उमरिया, म.प्र., 484660 श्री रवि वर्मा पुत्र श्री संतोष कुमार वर्मा (गारंटीदाता) पता – वार्ड न. 8, स्टेशन रोड, आम पेड़ के पास, ग्राम व थाना चंदिया, तहसील चंदिया, जिला उमरिया, म.प्र., 484660 शाखा : म.प्र. हाउसिंग बोर्ड | 22/07/2025 08/10/2025 रु 1,29,19,734.65 + भविष्य ब्याज + विधिक व्यय | साम्य बंधक भूमि / भवन: संपत्ति ऐसे सभी भाग, जिसमे खसरा नं 2300/2/3/1/1, कुल खसरा क्षेत्रफल 1000(680+320) वर्गमीटर, नगर पंचायत चंदिया वार्ड न . 08 ग्राम चंदिया पटवारी हल्का चंदिया रा. नि . म. चंदिया तहसील चंदिया जिला उमरिया म. प्र. जंगम संपत्ति, दृष्टि बंधक मशीनरी:औज़ार, चिकित्सक उपकरण एवं अस्पताल मे मौजूद अन्य उपलब्ध मशीनरी। संपत्ति/ भवन स्वामी: श्री संतोष कुमार वर्मा पुत्र बाबू लाल बारी चतु:सीमा: उत्तर - शंकर लाल अग्रवाल कि दुकान व गोदाम, दक्षिण- दुकान मकान मालिक के द्वारा छोड़ा गया रास्ता 10 फीट, पूर्व- दुकान मकान मालिक कि भूमि, पश्चिम- नेशनल हाइवे 78 रोड प्रलक्षित कब्जा | रू. 2,84,70,000.00 रू. 28,47,000.00 रू. 50,000/- |
| 2. | मे० हैल्थ प्लस फ्लेवर्ड मिल्क प्रोप. श्रीमति सुरिंदर कौर छाबड़ा पिता श्री हरजीत सिंह छाबड़ा (उधारकर्ता/ संपत्ति बंधककर्ता) पता- म.क्र. 366, गुप्तेस्वर रोड, मदन महल, जिला जबलपुर, म.प्र. 482001 पता- 7बी, बेसमेंट, जी के 4, न्यू दिल्ली 110048 पता- 7बी, बेसमेंट, जी के 4, न्यू दिल्ली 110048 एवं पता- ग्राम मेढ़ी औद्योगिक विकास फूड पार्क मनेरी के प्लाट नं. 44 औद्योगिक क्षेत्र मनेरी, तहसील निवास, जिला मंडला, म.प्र. शाखा : म.प्र. हाउसिंग बोर्ड | 29/05/2025 09/10/2025 रु 2,39,34,032.82 + भविष्य ब्याज + विधिक व्यय | साम्य बंधक भूमि / भवन: संपत्ति ऐसे सभी भाग, जिसमे ग्राम मेढ़ी औद्योगिक विकास फूड पार्क मनेरी के प्लाट नं. 44 का रकवा 17754 वर्गफुट (1650 वर्गमीटर) जिस पर निर्मित शेड का रकवा 11879 वर्गफुट (1104 वर्गमीटर) जो कि औद्योगिक क्षेत्र मनेरी तहसील निवास जिला मंडला में स्थित है। संपत्ति/ भवन स्वामी: मे० हैल्थ प्लस फ्लेवर्ड मिल्क प्रोप. श्रीमति सुरिंदर कौर छाबड़ा पिता श्री हरजीत सिंह छाबड़ा चतु:सीमा: उत्तर - प्लाट नं. 43, दक्षिण- रोड, पूर्व- प्लाट नं. 45, पश्चिम- रोड, दृष्टि बंधक मशीनरी प्रलक्षित कब्जा | रू. 36,69,500.00 रू. 3,66,950.00 रू. 20,000/- |
| 3. | मे. सिद्धि ग्रामीण गोडाउन प्रोप. श्रीमति सुशीला पटेल पत्नी बलदेव सिंह पटेल (उधारकर्ता/ संपत्ति बंधककर्ता) पता- निवास: ग्राम खटिया लोहारी, तहसील पाटन जिला जबलपुर 482001 पता-: ख.न. 38,प.ह.न. 22/11 न.ब. 45 आर०एन०एम कटंगी ग्राम खटिया लोहारी, तहसील पाटन जिला जबलपुर482001 श्री सुनील पटेल पुत्र श्री बलदेव सिंह पटेल(जमानतदार) पता: ग्राम खटिया लोहारी, तहसील पाटन जिला जबलपुर 482001 श्री बलदेव सिंह पटेल पुत्र श्री खेत सिंह पटेल (जमानतदार) पता: ग्राम खटिया लोहारी, तहसील पाटन जिला जबलपुर482001 संबन्धित शाखा : म.प्र. हाउसिंग बोर्ड | 20/05/2025 30/08/2025 रु 51,10,567.14 + भविष्य ब्याज + विधिक व्यय | स्थावार संपत्ति का विवरण: संपत्ति ऐसे सभी भाग, जिसमे न. ब. 45, प.ह.क्र. 22/11, खसरा न. 38, डाइवरटेड भूमि क्षेत्रफल 25000 वर्गफुट एवं भूमि पर निर्मित गोदाम ग्राम खटिया लोहारी तहसील पाटन, जिला जबलपुर 482001 (म.प्र.) संपत्ति/भवन स्वामी:- श्री बलदेव सिंह पटेल पुत्र श्री खेत सिंह पटेल चतु:सीमा: उत्तर - ख. न. 39 संपत्ति, पूर्व- रोड, दक्षिण- ख. न.36 एवं 37 संपत्ति, पश्चिम- विजय पल संपत्ति ख. न. 23 प्रलक्षित कब्जा | रू. 91,80,000.00 रू. 9,18,000.00 रू. 50,000/- |
| 4. | श्री दयादास कुशमानी पिता स्व.गुरुदास कुशमानी ( उधारकर्ता /संपत्ति बंधककर्ता) पता : 2811,जोगी मोहल्ला,बनारसीदास,भनोत वार्ड,गोरखपुर तहसील व जिला-जबलपुर, म.प्र. 482001 श्री प्रभुदास कुशमानी पिता स्व. गुरुदास कुशमानी(जमानतदार/ संपत्ति बंधककर्ता) पता : 2811,जोगी मोहल्ला,बनारसीदास,भनोत वार्ड, गोरखपुर तहसील व जिला-जबलपुर, म.प्र. 482001 श्रीमती गोमती कुशमानी पत्नी स्व. गुरुदास कुशमानी (जमानतदार/ संपत्ति बंधककर्ता) पता : 2811,जोगी मोहल्ला,बनारसीदास,भनोत वार्ड,गोरखपुर तहसील व जिला-जबलपुर, म.प्र. 482001 श्रीमती शिवानी कुशमानी पत्नी श्री दयादास कुशमानी (सहउधारकर्ता) पता : 2811,जोगी मोहल्ला,बनारसीदास,भनोत वार्ड,गोरखपुर तहसील व जिला-जबलपुर, म.प्र. 482001 शाखा: नेपियर टाउन | 22/08/2025 13/11/2025 रु 35,96,994/- + भविष्य ब्याज + विधिक व्यय | साम्य बंधक भूमि / भवन: संपति ऐसे सभी भाग, जिसमे निर्मित मकान मौज़ा-गोरखपुर सेटलमेंट न.-605 ,प.ह.न. 29,ख. न. 272,प्लॉट न.182 के भाग में स्थित भू-खंड का रकवा करीबन 2167 वर्गफुट तहसील व जिला-जबलपुर(म.प्र.) संपत्ति/ भवन स्वामी: 1) श्री दयादास कुशमानी 2) श्री प्रभुदास कुशमानी 3) श्रीमती गोमती कुशमानी चतु:सीमा: उत्तर- कंजरवेंसी लैंड, दक्षिण - रोड, पूर्व - नंदुलाल का मकान, पश्चिम - गली प्रलक्षित कब्जा | रू. 36,72,000.00 रू. 3,67,200.00 रू. 20,000/- |
| 5. | श्री निधि फूड प्रोपराइटर श्री मनीष पटेल श्री मनीष पटेल S/O श्री प्रदीप पटेल (उधारकर्ता) पता - ग्राम खमोंद खैरी, पोस्ट उडना सड़क, तहसील पाटन, जिला जबलपुर, पिन-483113 पता-581/14, कंचन विहार रोड़, विजय नगर, दमोह रोड़, तहसील जबलपुर जिला जबलपुर, पिन-482001 श्रीमती निर्मला पटेल w/o श्री प्रदीप पटेल (गारंटर/ संपत्ति बंधककर्ता) पता - ग्राम खमोंद खैरी, पोस्ट उड़ना सड़क, तहसील पाटन, जिला जबलपुर, पिन-483113 शाखा: मिलौनीगंज | 15/07/2022 04/10/2022 रु 55,43,684.00 + भविष्य ब्याज + विधिक व्यय | साम्य बंधक भूमि / भवन: संपत्ति ऐसे सभी भाग, जिसमे भूमि एवं भवन मौजा मुड़िया, प.ह.नं. 20/23, खसरा नं. 22/1 (नया खसरा नं. 22/4) परिवर्तिक भूमि का भाग, बंदोबस्त नंबर-369, R.I. सर्कल पाटन, तहसील पाटन, जिला जबलपुर (म.प्र), कुल प्लॉट एरिया 6000 वर्गफुट संपत्ति/भवन स्वामी: श्रीमती निर्मला पटेल W/O श्री प्रदीप पटेल चतु:सीमा: उत्तर -साइड रोड, दक्षिण-श्री प्रदीप पटेल की संपत्ति, पूर्व- श्री प्रदीप पटेल की संपत्ति, पश्चिम-श्री जितेंद्र पटेल की संपत्ति प्रलक्षित कब्जा | रू. 52,72,500.00 रू. 5,27,250.00 रू. 50,000/- |
| 6. | मे. नेस्ट फ़ार्मा प्रो. श्री राहुल क्लेमेंट पिता श्री जॉर्ज एबिल (उधारकर्ता) पता : मकान नं. 21, लक्ष्मी विहार , राम नगर , वॉटर टैंक के पास , रामपुर , जबलपुर म. प्र. 482001 श्री जॉर्ज एबिल पिता गिरगोरी फिलिप (ज़मानतदार/ संपत्ति बंधककर्ता) पता : मकान नं. 21, लक्ष्मी विहार , राम नगर , वॉटर टैंक के पास , रामपुर , जबलपुर म. प्र. 482001 संबन्धित शाखा : नेपियर टाउन | 01.03.2025 17.05.2025 रु. 11,25,395.37 + भविष्य ब्याज + विधिक व्यय | संपत्ति ऐसे सभी भाग, जिसमे निर्मित मकान मौज़ा रामपुर नं. बं. 1 प. ह. नं. 28 ख. नं. 31/3 के भाग मे स्थित यू. भू. क्र. 21 का रकवा 10.3 फुट बाइ 41 फुट करीबन 423.3 व. फु. शंकरशाह नगर वार्ड तह. व जिला जबलपुर संपत्ति/भवन स्वामी:- श्री जॉर्ज एबिल पिता गिरगोरी फिलिप चतु:सीमा: उत्तर- प्लॉट नं. 22, दक्षिण - प्लॉट नं. 20, पूर्व - नाला , पश्चिम - साइड रोड प्रलक्षित कब्जा | रू. 13,98,500.00 रू. 1,39,850.00 रू. 10,000/- |

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्योरे के लिए कृपया नीचे दिये गए प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट अर्थात www.centralbankofindia.bank.in देखें या बैंक अनुबंधित सेवा प्रदाता PSB alliance के वेबपोर्टल http://baanknet.com पर उपलब्ध लिंक देखें। क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर प्राधिकृत अधिकारी (मो. 8226014333) से संपर्क कर सकते है। ये ऋणियों/ प्रत्याभूति-दाता/ जमानतदार को सरफेसी अधिनियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन तीस (30) दिनों की वैधानिक विक्रय सूचना है।

दिनांकः 16/06/2026, जबलपुर कृते सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, प्राधिकृत अधिकारी

(विक्रय-पत्र)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर

रा.प्र.क्रं./1470/अ-6/2026-27

जबलपुर, दिनांक 04/06/26

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राम प्रसाद प्रमाणिक पिता/पति स्व. सुधांशु भूषण प्रमाणिक निवासी - न्यू राम नगर आधारताल के द्वारा मौजा अमखेरा/ ब्लॉक नंबर... प्लॉट नंबर... स्थित भूमि खसरा नंबर 287/18 में से रकवा 800 वर्गफुट भूमि जो आवेदक के द्वारा मध्य प्रदेश शासन से रजिस्टर्ड वसीयतनामा दिनांक 18/7/22 से क्रय किया जाना लेख किया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 22/06/26 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

अतिरिक्त तहसीलदार

र.नं. 997 अधारताल, जबलपुर

न्यायालय नायब तहसीलदार अधारताल जबलपुर

**आम इश्तहार**

रा.प्र.क. /अ-6/2026-27

आवेदक अनिल कुमार जायसवाल ..पिता जयनारायण जायसवाल निवासी चेरीताल जबलपुर म.प्र.. द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र क्र./दानपत्र कमांक / वसीयत क्र./ फौत दि. 403. दिनांक 20-04-1981 के माध्यम से मौजा /नजूल ब्लाक 660 प.ह.नं. 25 स्थित भूमि खसरा नं. / प्लाट नं./152/1/25/1 /1/1/1/1/1 रकवा 1500 वर्गफुट पर विक्रेता / वसीयतकर्ता / फौतकर्ता / दानकर्ता राष्ट्रीय गृह निर्माण सहाकरी समिति मर्यादित जबलपुर म.प्र. से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रयपत्र / दानपत्र / एवं फार्म पी- ।। खसरा की छाया प्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि पर वर्तमान खसरे में भूमि स्वामी के रूप में राष्ट्रीय गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित जबलपुर म.प्र. का नाम दर्ज है। अतः उपरोक्त नामांतरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 25-6-26 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 11.6.26. इश्तहार किया गया।

जारी दिनांक 11.6.26

पेशी दिनांक 25-6.26

नायब तहसीलदार

र.नं. 993 तहसील अधारताल, जबलपुर

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है।

श्री नर्मदा विहार जबलपुर द्वारा पार्टनर श्री जोगेन्द्र कुमार जग्गी पिता देवन चंद जग्गी एवं श्रीमती आशा जग्गी पति श्री जोगेन्द्र कुमार जग्गी द्वारा अपनी स्वामित्व की संपत्ति मकान / जमीन खसरा नं 26/9 एवं 26/10 का भाग (बटांक खसरा नं 26/2 का बटांक) ईडब्ल्यूएस प्लाट नं 34 एरिया 418.5 वर्गफुट मौजा नयागांव न.बं. 726 प.ह.नं 8 रा.नि.म. जबलपुर-1 तह. व जिला जबलपुर को (1) प्रशांत मेश्राम (2) श्री अभिषेक मेश्राम दोनों के पिता योगेश मेश्राम एवं श्रीमती नेहा मेश्राम पत्नी योगेश मेश्राम को विक्रय करने का इकरार किया है निकट भविष्य में प्रस्तावित पंजीकृत विक्रय पत्र के निष्पादन होना शेष है। जिस हेतु मेरा पक्षकार बैंक ऋण की सुविधा उपलब्ध करा रहा है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति संस्था बैंक वित्तीय संस्थान को कोई विधिगत आपत्ति हो तो वह एक सूचना प्रकाशन के 14 दिवस के अंदर आपत्ति वाले दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है बाद मियाद सभी आपत्तियां अमान्य होगी एवं मेरा पक्षकार बैंक उक्त वर्णित संपत्ति पर ऋण प्रदान कर देगा।

जबलपुर-

दिनांक -

सुधीर कुमार सराफ

अधिवक्ता म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर म.प्र.

चेम्बर नं. 55 प्रथम तल, कचनार प्लाजा, कचनार सिटी गेट के पास विजय नगर, जबलपुर म.प्र.

र.नं. 995 मो.नं. 9826536843

## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

**OFFICE OF THE MUNICIPAL COUNCIL PANNA M.P.**

S.No./3003/Public works section/Mu.Co.Panna/2026 Panna Date 12.06.2026

**TENDER INVITING NOTICE**

On Line Tender is Invited For Following Works the Discription Of Works Can be Seen On www.mptender.gov.in

| S. No. | Tender No | NIT. No | Name of Work | Proable Amount PAC (Rs.) | Earnest Money | Completion period (Month) | Cost of bid Document |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_UAD_515552_1 | 3003 | CONSTRUCTION OF RCC NALA FROM NEAR COMMUNITY TOILET TO KUSHWAHA HOUSE AT WARD NO 10 PANNA MP (Second Call) | 1660376.30/- | 12500.00 | 02 months INCLUDING RAINY SEASON | 2000/- |
| 02 | 2026_UAD_515554_1 | 3004 | CONSTRUCTION OF CC ROAD FROM KUNJWAN MAIN ROAD TO SURENDRA KUSHWAHA HOUSE AT WARD NO 25 PANNA MP (Second Call) | 1037951.00/- | 7800.00 | 03 months INCLUDING RAINY SEASON | 2000/- |

1-Interested bidders can view only the detailed NIT & Other document on website https://www.mptender.gov.in/ (Department Name: "Urban Administration & Development Department"), Any Amendment of tender in show only website.

2- Tender documents can be purchased only online at https://www.mptender.gov.in from 16.06.2026 17:30 (time)TENDER END DATE 06.07.2026 (date) to 17:30 by making

online payment for Tender Document Cost plus Service & Gateway Charges as per key date.

s. Standard Schedule of Rates (ISSR) of Urban Administration & Development Department, effective from 02 AUGUST 2021

3-On acceptance of the tender, the tenderor will have to get the structural design approved from government engineer collage.

CHEIF MUNICIPAL OFFICER, MUNICIPAL COUNCIL PANNA (M.P.)

**कार्यालय नगरपालिका परिषद बिजुरी, जिला-अनूपपुर (म.प्र.)**

Phone/Fax No.: 07658-264242, E-mail: cmobijuri@mpurban.gov.in,

क्र./2673/ न.पा./लो.नि./2026 बिजुरी, दिनांक 04/06/2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदार, पंजीकृत फर्म को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित कार्य की निकाय द्वारा ई-निविदा आमंत्रित है।

| क्र. | ई- निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | आनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2026_UAD_512254_1 | CONSTRUCTION OF GAUSHALA AT WARD NO 15 | 184.93 लाख | 92468.0 | 12500.00 | 03-07-2026 (17:30 HRS) |
| 2 | 2026_UAD_512267_1 | CONSTRUCTION OF CROSS DRAINAGE WORK AT KORJA NALA WARD 13 | 82.02 लाख | 41010.0 | 12500.00 | 03-07-2026 (17:30 HRS) |
| 3 | 2026_UAD_512303_1 | CONSTRUCTION OF RCC DRAIN FROM VIJAY SONKAR HOUSE TO RAILWAY OVER BRDGEAT KAPILDHARA | 165.27 लाख | 82637.0 | 12500.00 | 03-07-2026 (17:30 HRS) |
| 4 | 2026_UAD_512315_1 | IMPROVEMENT OF BHAWANIHA TALAB PHASE2 ATWARD 15 | 124.21 लाख | 62105.0 | 12500.00 | 03-07-2026 (17:30 HRS) |
| 5 | 2026_UAD_512341_1 | PROVINDING AND FIXING OF PAVER BLOCKS AT C BLOCK WARD NO 6 | 36.64 लाख | 27481.0 | 5000.00 | 03-07-2026 (17:30 HRS) |
| 6 | 2026_UAD_512346_1 | CONSTRUCTION RCC DRAIN FROM RAJA VISHWAKARMA HOUSE TO RAMLAYAK HOUSE AT WARD 4 | 47.05 लाख | 35294.0 | 5000.00 | 03-07-2026 (17:30 HRS) |
| 7 | 2026_UAD_512406_1 | CONSTRUCTIONRCC DRAIN FROM HAJI ALI HOUSE TO SCHOOL WARD 10 | 66.48 लाख | 49861.0 | 10000.00 | 03-07-2026 (17:30 HRS) |
| 8 | 2026_UAD_512469_1 | INSTALLATION OF SOLAR LIGHT AND CCTV CAMERA INCLUDINGPOLES AT WARD 02 | 14.12 लाख | 10560.0 | 2000.00 | 03-07-2026 (17:30 HRS) |
| 9 | 2026_UAD_512479_1 | CONSTRUCTIONOF DURGAPANDALAT WARD 08 | 27.39 लाख | 20550.00 | 5000.00 | 03-07-2026 (17:30 HRS) |
| 10 | 2026_UAD_512494_1 | CONSTRUCTION OF COMMUNITY HALL NEAR SARASWATI SCHOOL | 8.10 लाख | 8101.0 | 2000.00 | 03-07-2026 (17:30 HRS) |
| 11 | 2026_UAD_512503_1 | CONSTRUCTION OF SHED AT BUST STANDATWARD NO 4 MINERS TIRAHA | 5.87 लाख | 5876.0 | 2000.00 | 03-07-2026 (17:30 HRS) |
| 12 | 2026_UAD_512504_1 | CONSTRUCTIONOF CRICKET BOX AT WARD NO 4 | 15.01 लाख | 11260.0 | 2000.00 | 03-07-2026 (17:30 HRS) |
| 13 | 2026_UAD_512507_1 | CONSTRUCTION OF SANSKRITIK PANDAL AT SABJI MANDI GROUND WARD 09 | 17.11 लाख | 12838.0 | 2000.00 | 03-07-2026 (17:30 HRS) |
| 14 | 2026_UAD_512321_1 | CONSTRUCTION OF DURGAPANDALAT WARD NO 1 MAUHARI | 16.94 लाख | 12707.0 | 2000.00 | 03-07-2026 (17:30 HRS) |

1. निविदा प्रस्तुत करने संबंधी सभी जानकारी वेब साईट ( **https://mptenders.gov.in** ) में निःशुल्क देखी व प्राप्त की जा सकती है।
2. बिड प्रस्तुतीकरण ( ऑनलाईन ) तिथि एवं अन्य जानकारी **BID DATA SHEET** व **"KEY DATES"** में देखी जा सकती है।
3. निविदा के किसी भी प्रकार का संशोधन का प्रकाशन केवल बेबसाईट में किया जायेगा, समाचार पत्र में नहीं ।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी,**

**नगरपालिका परिषद् बिजुरी जिला-अनूपपुर (म.प्र.)**

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PUBLIC WORK DEPARTMENT (E./M.) DIVISION- JABALPUR (M.P.)**

Indira Gandhi Road, South Civil Lines, Jabalpur (MP) Pin- 482001 Email :- eepwdelecjbp@mp.nic.in

NIT No.12/SAC/2026-27 Notice Inviting Tender Jabalpur Date :- 11.06.2026

Auction Tender for the works mentioned below are invited through E-Tendering. This tender can be seen in the website http://mptenders.gov.in.

| S.No. | Tender No. | Name of work | Call | PAC RS | EMD (in Rs.) | Cost of Tender Form (in Rs.) | Time Allowed for Completion | Contractor categary |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 01 | 2026_PWDRB_ 515032_1 | DRR 11456, MODEL AJ 810 (REST HOUSE PATAN) | 1 ST | 60,000 | 6000/- | 1000/- | 7 Days | 1 ST CALL |
| 02 | 2026_PWDRB_515037_1 | DRR 11458, MODEL AJ 810 (REST HOUSE KUNDAM) | 1st | 80.000 | 8000/- | 1000/- | 7 Days | 1 ST CALL |
| 03 | 2026_PWDRB_515038_1 | DRR 22188, MODEL BM (B/R PADARIYA ROAD SECTION JBP) | 1 st | 80,000 | 8000/- | 1000/- | 7 Days | 1 ST CALL |
| 04 | 2026_PWDRB_515041_1 | DRR 7767760, MODEL GRW (PWD E/M SUB DIV JBP) | 1st | 60,000 | 6000/- | 1000/- | 7 Days | 1 ST CALL |
| 05 | 2026_PWDRB_ 515043_1 | DRR 1614 MODEL AJ 810 (PWD B/R GEC SECTION JBP) | 1 st | 80,000 | 8000/- | 1000/- | 7 Days | 1 ST CALL |
| 06 | 2026_PWDRB_ 515044 1 | DRR 9064 MODEL AJ 810 (PWD B/R SUB DIV. PATAN) | 1st | 60,000 | 6000/- | 1000/- | 7 Days | 1 ST CALL |
| 07 | 2026_PWDRB 515046_1 | JEEP MP 02 5680 MODEL MXM (PWD E/M SUB DIV. JBP) | 1st | 15,000 | 1500/- | 500/- | 7 Days | 1 ST CALL |
| 08 | 2026_PWDRB_515047_1 | JEEP MP 02 5681 MODEL MXM (CHIEF ENGINEER CAMPUS. JBP) | 1st | 15,000 | 1500/- | 500/- | 7 Days | 1 ST CALL |
| 09 | 2026_PWDRB_ 515048_1 | TRUCK MBB 8046 MODEL TATA 1210 SE (B/R GEC SECTION JBP) | 1st | 30,000 | 3000/- | 1000/- | 7 Days | 1 ST CALL |
| 10 | 2026_PWDRB _515049_1 | TRUCK MBB 7416 MODEL TATA 1210 SE (B/R GEC SECTION JBP) | 1st | 25,000 | 2500/- | 1000/- | 7 Days | 1 ST CALL |
| 11 | 2026_PWDRB _515051_1 | TRACTOR MP 02-9740 MODEL Escort 335 (PWD B/R ROAD SUB DIV JBP) | 1st | 10,000 | 1000/- | 500/- | 7 Days | 1 ST CALL |
| 12 | 2026_PWDRB_ 515053_1 | TRACTOR MP 02-5927 MODEL Escort 335 (PWD B/R ROAD SUB DIV JBP) | 1st | 10,000 | 1000/- | 500/- | 7 Days | 1 ST CALL |
| 13 | 2026_PWDRB 515054_1 | TRACTOR MP 02-5507 MODE Massey Ferguson (PWD B/R ROAD SUB DIV JBP) | 1st | 5,000 | 500/- | 500/- | 7 Days | 1 ST CALL |
| 14 | 2026_PWDRB_515055_1 | TRACTOR MP 02-6535 MODEL Ford 3000 (PWD B/R ROAD SUB DIV JBP) | 1 st | 10,000 | 1000/- | 500/- | 7 Days | 1 ST CALL |
| 15 | 2026_PWDRB_515059_1 | TRACTOR MP 02-9928 MODEL ESCORT 335 (PWD B/R HOME SCIENCE SECTION JBP) | 1st | 8,000 | 800/- | 500/- | 7 Days | 1 ST CALL |
| 16 | 2026_PWDRB_ 515061_1 | 4 WHEEL TROLLY 5927 MODEL LOCAL (PWD B/R ROAD SUB DIV. JBP) | 1st | 5,000 | 500/- | 500/- | 7 Days | 1 ST CALL |
| 17 | 2026_PWDRB_ 515064_1 | 4 WHEEL TROLLY 5507 MODEL (REST HOUSE KUNDAM) | 1st | 5,000 | 500/- | 500/- | 7 Days | 1 ST CALL |
| 18 | 2026_PWDRB_ 515066_1 | 4 WHEEL TROLLY 6535 MODEL (B/R SUB DIV JABALPUR) | 1st | 5,000 | 500/- | 500/- | 7 Days | 1 ST CALL |
| 19 | 2026_PWDRB_ 515068_1 | 4 WHEEL TROLLY 3755 MODEL (REST HOUSE SIHORA) | 1st | 5,000 | 500/- | 500/- | 7 Days | 1 ST CALL |
| 20 | 2026_PWDRB_ 515069_1 | 4 WHEEL TROLLY 9742 MODEL (B/R MEDICAL SUB DIV JBP) | 1st | 5,000 | 500/- | 500/- | 7 Days | 1 ST CALL |
| 21 | 2026_PWDRB_515071_1 | WATER TANKER MODEL (REST HOUSE KUNDAM) | 1 st | 5,000 | 500/- | 500/- | 7 Days | 1 ST CALL |
| 22 | 2026_PWDRB_ 515072_1 | MINI TRUCK MP 02-7769 MODEL SWARAJ MAZDA (REST HOUSE KUNDAM) | 1st | 30,000 | 3000/- | 1000/- | 7 Days | 1 ST CALL |
| 23 | 2026_PWDRB_ 515074_1 | Concrete Mixture MODEL SAYAJI (PWD B/R ROAD SUB DIV JBP) | 1st | 1500 | 1500/- | 100/- | 7 Days | 1 ST CALL |
| 24 | 2026 PWDRB_515075_1 | DRR 9827 MODEL JESSOP (VILLAGE IMLAI DINDORI) | 1 st | 64500 | 6500/- | 1000/- | 7 Days | 1 ST CALL |
| 25 | 2026_PWDRB_515077_1 | JEEP MP 02-3860 MODEL MXM (PWD COLONY CAMPUS SEONI) | 1st | 15000 | 1500/- | 500/- | 7 Days | 1 ST CALL |
| 26 | 2026_PWDRB_515078_1 | DRR (DIESEL ROAD ROLLER) (JESSOP/1974) (E/M SUB DIV. BALAGHAT) REG. NO. 5261 | 2ND | 50000 | 5000/- | 1000/- | 7 Days | 2ND CALL |
| 27 | 2026_PWDRB_515079_1 | DRR (DIESEL ROAD ROLLER) (JESSOP/1978) (SDO B/R SUB DIV.NO 1 BALAGHAT) REG. NO. 8096 | 2ND | 50000 | 5000/- | 1000/- | 7 Days | 2ND CALL |
| 28 | 2026_PWDRB 515080_1 | DRR (JESSOP) (WORK SHOP MANDLA) REG. NO. 6218 | 2ND | 45000 | 4500/- | 1000/- | 7 Days | 2ND CALL |
| 29 | 2026_PWDRB_515081_1 | CANTER (MITHSUBUSHI) (MODEL EICHER/FE444E-1991) (CIRCUIT HOUSE BALAGHAT) REG. NO. MO2/7264 | 2ND | 90000 | 9000/- | 1000/- | 7 Days | 2ND CALL |
| 30 | 2026_PWDRB_515086_1 | ONSERVICEBLE MATERIAL (PLANT & MACHINARY DINDORI) | 2ND | 146200 | 14600/ | 1000/- | 7 Days | 2ND CALL |

Details of Tender can be seen on tender Portal MP. Govt. https://mptenders.gov.in. Tender Form can be purchased after making online payment in the above website. The last date & time for purchase of Tender Document online is dated 27.06.2026 up to 5:30 PM. Amendments to NIT, if any would be published on above website only, and not in newspaper.

G-14438/26 स्वच्छता ही सेवा Executive Engineer P.W.D. E/M DIVISION JABALPUR

जबलपुर, मंगलवार 16 जून 2026

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## लोकतांत्रिक गिरावट की पराकाष्ठा

वैसे तो 2014 में सत्ता में आई भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र को लगातार गर्त में ले जा रही है, परन्तु पश्चिम बंगाल में वहां की सत्ता से हट गयी तृणमूल कांग्रेस पार्टी को रातों-रात तोड़कर उसका जो हश्र किया गया है, वह शायद गिरावट का सबसे निचला स्तर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में अनेक ऐसे कारनामे किये गये हैं जो लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गयी किसी सरकार के लिये बहुत शर्मनाक है।

इस बात का लम्बा हिसाब लगाया जा सकता है कि केन्द्र सरकार में आने के बाद अपनी जांच एजेंसियों, अलग-अलग ढंग से जुटाये गये पैसों और बेहिचक गैर-लोकतांत्रिक तरीके अपनाते हुए भाजपा ने कई राज्यों में गैरभाजपा सरकारों में तोड़-फोड़ की, अनैतिक तरीकों से केन्द्र के अधीन मौजूद ताकत का बेजा इस्तेमाल करते हुए भारतीय लोकतंत्र की नींव को हिलाकर रख दिया है।

वैसे तो प. बंगाल में भाजपा बड़े अंतर से न केवल जीती वरन सरकार बनाने के लिये उसके पास साफ बहुमत भी उपलब्ध हो गया है। ऐसे में सवाल हो सकता है कि इसके बावजूद टीएमसी को संसद में तोड़ने की ज़रूरत है? यह अन्य दलों को साफ संकेत हैं कि आगे जाकर उनका भी यही हश्र होगा। इसे अगले वर्ष होने जा रहे उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनावों से भी जोड़ा जा रहा है।

यह भी साफ हो गया है कि भाजपा अब न केवल विपक्षी दलों को तोड़ेगी वरन हर पार्टी के कथित बागी उम्मीदवारों को निर्दिष्ट भी करेगी कि उन्हें फिलहाल किस दल में शामिल होना है। अब तक तो यही होता आया है कि अपनी पार्टी को किसी भय या लालच के चलते छोड़ने वाले विधायक या सांसद सीधे भाजपा का रुख करते थे। चाणक्यगिरी का सम्भवत: यह नवाचार है कि टीएमसी के बागी 19-20 सांसदों को कुछ वक्त पहले हावड़ा में बनी और त्रिपुरा में चुनाव लड़ने वाली नेशनलिस्ट सिटीजंस पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) में शामिल होने के लिये कहा गया। इस घटनाक्रम से एनसीपीआई का नाम लोग जान पाये हैं। राज्य में वह भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए का घटक दल है। हालांकि इसकी संस्थापक अध्यक्ष शिवली कुंडू और संगठन सचिव शांतनु डे का कहना है कि इसकी जानकारी उन्हें सोशल मीडिया के जरिये मिली। वैसे शिवली का कहना है कि काफी अरसा पहले वे इस पद को छोड़ चुकी हैं तथा अब उसका अध्यक्ष कौन है- वे नहीं जानतीं। हालांकि शांतनु ने टीएमसी से आने वाले बागी सदस्यों का अपनी पार्टी में स्वागत किया है।

अगर एनसीपीआई की राजनीतिक ताकत की बात करें तो इस दल के केवल दो सदस्यों ने 2023 के विधानसभा चुनाव में भागीदारी की थी। दोनों को मिलाकर कुल 822 वोट मिले थे। स्वाभाविकत: उसके किसी भी सदस्य को विधानसभा में प्रवेश नहीं मिला था। दोनों की जमानत जब्त हो गयी थी। कल्पना कीजिये भारतीय लोकतंत्र की विद्रूपता का जहां ऐसी पार्टी के 19-20 लोकसभा सदस्य हैं जिसे कुल प्राप्त मतों की संख्या तिहाई में सिमटी हुई है। जैसा अक्सर कहा जाता है कि किसी पार्टी को छप्पर फाड़ पैसे या वोट मिलते हैं, एनसीपीआई के बारे में कहा जा सकता है कि उसे छप्पर फाड़ सांसद मिले हैं। शायद अपनी राजनीति के बल पर उसे यह उपलब्धि कभी हासिल नहीं हो सकती थी। बस, यही वह 'चाणक्यगिरी' है जो देश के लोकतंत्र को मटियामेट कर रही है।

टीएमसी के सदस्यों पर गाज गिरेगी- यह तो पहले से ही तय था। इन ज्यादातर सांसदों में बेहद तेज़-तर्रार लोग हैं जिनके पिछले एक या दो कार्यकाल बेहद उपयोगी रहे हैं। वे न सिर्फ जनता की आवाज उठाते थे, बल्कि वे सशक्त प्रतिरोध के सच्चे प्रतिनिधि लगते थे। विपक्षी दलों की कम संख्या के बावजूद टीएमसी के कई सदस्यों की ओर पूरा देश आशा भरी निगाहों से देखा करता था। ममता के खुद का विधानसभा चुनाव हारने के बाद यहां तक कहा जाने लगा था कि सायोनी घोष पार्टी की भावी नेता हैं। उनसे उम्मीद थी कि ममता की तरह न केवल उनकी आक्रामकता बरकरार रहेगी बल्कि वे टीएमसी की धार को और चमकाएंगी।

मजेदार यह है कि जिस धर्मनिरपेक्ष चरित्र व विश्वासों के चलते ममता ने तीन मुस्लिमों को सांसद बनाया था, वे भी एनसीपीआई का दामन थाम चुके हैं। इन सभी लोगों ने विधानसभा अध्यक्ष ओम बिरला से दिल्ली जाकर न केवल खुद को टीएमसी से अलग होने की घोषणा की, वरन सदन में अलग बैठने की भी मांग की है। कहना न होगा कि ऐसे मामलों में बिरला वही फैसला करते हैं जो भाजपा के अनुकूल होते हैं। एक-दो दिनों में शायद इसकी विधिवत घोषणा भी हो जाये- मोदी-शाह की मंशा व निर्देशों के अनुकूल।

टीएमसी के थोड़े-बहुत बचे हुए लोगों को डराने के लिये प.बंगाल की नयी भाजपा सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही है। चुनावी नतीजों की रात को टीएमसी, कांग्रेस व साम्यवादी दलों के दफ्तरों को जलाया गया, सांसदों के घरों में जांच एजेंसियों की छापेमारी जारी है, फाल्टा से हारने वाले जहांगीर खान को पुलिस उनके क्षेत्र में सरेआम परेड करा रही है तो ये बचे-खुचों को एनसीपीआई में शामिल होने का संदेश है।

भाजपा जो करेगी वह करेगी ही, इंडिया गठबन्धन से न जुड़ने अथवा मिल-जुलकर चुनाव न लड़ने का भारी खामियाजा टीएमसी को भुगतना पड़ा है। यह संदेश सभी विपक्षी दलों के लिये है।

# जिबह किया जाता जनतंत्र!

अपनी बंगाल फतेह को विधानसभा से आगे ले जाने और वास्तव में सीधे लोकसभा फतेह तक पहुंचाने में, मोदीशाही को जरा भी देर नहीं लगी है। 4 मई को विधानसभा चुनाव में बंगाल में उसकी जीत का ऐलान हुआ और इसके मुश्किल से एक महीना दस दिन बाद, 14 जून को काकोली घोष दस्तीदार के नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस के लोकसभा ग्रुप के बागी सदस्यों ने, स्पीकर ओम बिड़ला से मुलाकात की और बागी गुट के उन्नीस-बीस सांसदों के हस्ताक्षरों के साथ एक ज्ञापन देकर, लोकसभा में तृणमूल कांग्रेस ग्रुप से अलग बैठाए जाने की मांग की।

पर तृणमूल कांग्रेस के ममता वफादार गुट द्वारा इससे पहले ही स्पीकर से मुलाकात कर, उन्हें याद दिलाया जा चुका था कि दल-बदलविरोधी कानून के अनुसार और खासतौर पर शिव सेना के विभाजन के प्रकरण में 2022 में सुप्रीम कोर्ट के सीमित निर्णय के अनुसार, तृणमूल के बागी गुट को लोकसभा में एक अलग गुट के रूप में मान्यता नहीं दी जा सकती है। कानून के जानकारों के अनुसार, किसी राजनीतिक पार्टी के विधायी दल के दो-तिहाई सदस्यों के अलग होने की सूरत में भी, उन्हें दलबदल-विरोधी कानून के अंतर्गत अयोग्यता से तभी सुरक्षा मिल सकती है, जब मूल पार्टी का किसी अन्य राजनीतिक पार्टी में विलय हो रहा हो या उनके विलय से कोई नयी पार्टी बन रही हो। शिव सेना प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट ने पूरी तरह से स्पष्ट कर दिया था कि यहां विलय से आशय राजनीतिक पार्टी के विलय से है, न कि विधायी ग्रुप के दो-तिहाई या उससे अधिक के विलय से।

बहरहाल, दल-बदल विरोधी कानून के प्रावधान, बागी तृणमूल सांसदों के कदमों को और सच पूछें तो उनके पीछे आधे प्रकट तथा आधे परोक्ष रूप से काम कर रहे संघी-भाजपायी 'चाणक्यों' के कदमों को नहीं रोक सकते थे, नहीं रोक पाये। बेशक, यह कोई संयोग ही नहीं था कि स्पीकर ओम बिड़ला से मुलाकात की बागी गुट की कार्यनीति, इस मुलाकात से ठीक पहले हुई केंद्र सरकार के मंत्री, भूपेंद्र यादव के घर पर बैठक में तैयार की गयी थी। बिड़ला से मुलाकात के बाद, बागी गुट के प्रवक्ताओं ने दो महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। पहली, जो कि इस गुट के खड़े किए जाने तथा उसके लिए दो-तिहाई का आंकड़ा जुटाए जाने की कसरत शुरू होने के बाद से ही स्पष्ट थी—यह गुट नरेंद्र मोदी सरकार के हाथ मजबूत करेगा और इस तरह कथित रूप से अपने चुनाव क्षेत्रों के विकास का रास्ता बनाने के लिए करेगा।

दूसरी घोषणा थी, बागी गुट के एनसीपीआई में विलय के निर्णय की। जाहिर है कि इस गुट द्वारा इस फैसले की जानकारी, लोकसभा स्पीकर को भी दी गयी थी। समझना मुश्किल नहीं था कि इस पैंतरे का मकसद, कम से कम कागजी तौर पर दलबदल-विरोधी कानून की, टूटने वाले गुट के किसी अन्य पार्टी में विलय की शर्त पूरी करना है। काफी खोज-बीन करने पर पता चला कि नेशनलिस्ट सिटीजन्स पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) तीन-चार साल पहले त्रिपुरा में बनायी गयी, एक गैर-मान्यताप्राप्त किंतु रजिस्टर्ड पार्टी है, जिसका पिछले विधानसभा चुनाव में त्रिपुरा में तीन सीटों पर उम्मीदवार खड़े कर 800 वोट हासिल करने से ज्यादा कोई विधायी अस्तित्व नहीं था। अचानक यह अनाम पार्टी 20 लोकसभा सदस्यों के साथ, चौथी सबसे बड़ी पार्टी बनने जा रही है!

यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि कथित विलय ऐसी अनाम पार्टी में ही क्यों, खुद भाजपा में क्यों नहीं? बेशक, एक किस्त में इतनी बड़ी संख्या में तो नहीं, फिर भी विपक्षी पार्टियों के सांसदों को भाजपा में मिलाने का खेल, मोदी निजाम के लिए



राजेंद्र शर्मा

> महिला आरक्षण को लागू करने की आड़ में, परिसीमन लागू करने के इस खेल को, संसद के पिछले सत्र में एकजुट विपक्ष ने शिकस्त दे दी थी। लेकिन, उसके बाद से विपक्ष की न उतनी ताकत रह गयी है और न विपक्ष उतना एकजुट नजर आता है। वास्तव में तृणमूल की टूट और द्रमुक के इंडिया ब्लाक से अलग होने ने ही, संघ-भाजपा में इसकी उम्मीदें जगायी लगती हैं।

कोई नया नहीं है। विधानसभा चुनावों के हालिया चक्र से जरा सा पहले ही, आम आदमी पार्टी के सात राज्यसभा सदस्यों को, इसी तरह बागी बनवा कर भाजपा में शामिल किया गया था। सात की ही संख्या इसलिए कि राज्यसभा में आप पार्टी के कुल 10 सदस्य थे और 7 सदस्यों से दो-तिहाई की शर्त पूरी हो जाती है। इससे पहले, 2019 के विधानसभा तथा लोकसभा चुनाव में तेलुगू देशम की हार के बाद, उसके चार राज्यसभा सदस्यों का भी इसी तरह से भाजपा में विलय कराया गया था। तब बागी तृणमूल सांसदों का सीधे भाजपा में ही विलय क्यों नहीं, जबकि इतना तो साफ ही है कि इस गुट को, भाजपा के पुछल्ले के रूप में काम करने के लिए ही तोड़ा गया है।

इसके तीन कारण हो सकते हैं, जो सभी एक साथ भी मौजूद हो सकते हैं। पहला यह कि चुनाव आयोग की भांति-भांति की मदद के अलावा, जिस तृणमूल के भ्रष्टाचार से लेकर हिंसा तक के आख्यानों के सहारे, संघ-भाजपा ने चुनावी फतेह हासिल की है, उसके सांसदों और खासतौर पर लोकसभा सदस्यों को थोक के भाव भाजपा में लाकर पचा पाना, संघ-भाजपा के जबर्दस्त हाजमे के लिए भी मुश्किल हो सकता है। हरेक तृणमूल लोकसभा सदस्य, जिस भाजपा उम्मीदवार को हराकर लोकसभा पहुंचा है, उसके साथ एक ही पार्टी में आसानी से तो एडजस्ट नहीं ही हो सकता है। इससे कहीं बेहतर विकल्प यह होगा कि सुरक्षित दूरी रखकर, संघ-भाजपा बाद में छांट-छांटकर अपने लिए विशेष उपयोगी नेताओं को अपने साथ मिला ले और बाकी को कूड़ेदान में जाने दे। दूसरे, संसद में संख्याबल बढ़ाने के अलावा तृणमूल के लोकसभा सदस्यों का जनसमर्थन का दायरा बढ़ाने में अगर कोई उपयोग हो, तो शायद ज्यादा उपयोग उनके भाजपा से सुरक्षित दूरी बनाए रखने में ही हो। और तीसरा यह कि भाजपा को बखूबी पता है कि इस तरह का विलय, राजनीतिक ही नहीं कानूनी तौर पर भी विवादास्पद होगा और उसे अदालतों में चुनौती दिया जाना तय है। ऐसे में वह अपने हाथ मैले क्यों करती, जबकि अपने पाले में करीब बीस सांसद बढ़ाने के सारे लाभ उसे, तृणमूली बागियों के एनसीपीआई सदस्य कहलाने पर भी मिल ही रहे होंगे।

बेशक, तृणमूली बागी सांसद चाहे ओम बिड़ला के फैसले के बाद, अलग गुट के तौर पर मान्यता प्राप्त कर लें या एनसीपीआई के लोकसभा ग्रुप की मान्यता प्राप्त कर लें, ऐसा कोई भी फैसला विवादास्पद होगा और ज्यादा संभावना है कि उसे अदालत में चुनौती भी दी जाए। लेकिन, महाराष्ट्र में पहले शिव सेना तथा उसके बाद एनसीपी के विभाजन के प्रकरण और अभी हाल में आप पार्टी राज्यसभा सदस्यों के भाजपा के विलय को दी गयी चुनौतियों के अनुभव से यह साफ है कि व्यावहारिक रूप से, स्पीकर के फैसले से बनने वाली स्थिति, जल्दी से बदलने वाली नहीं है। मोदीशाही के जरिए जो संघ-भाजपा तंत्र साम-दाम-दंड-भेद के अपने हथियारों से, अपने विरोध में खड़ी पार्टियों का और खासतौर पर उनके निर्वाचित प्रतिनिधियों का इस तरह का विभाजन सुनिश्चित करता है, वही संघ-भाजपा तंत्र पहले ही यह भी सुनिश्चित कर चुका होता है कि उसके लिए फायदे के इस तरह के घटनाक्रम में कोई अन्य संस्था बाधा नहीं डाले। उसे पलटा तो हर्गिज नहीं जाए। जाहिर है कि बारह वर्ष के अनुभव ने उसके इस भरोसे को पुख्ता ही किया है कि जनतंत्र की कोई भी संस्था, उनके मंसूबों के आड़े आने लायक नहीं रही है।

जाहिर है कि विधानसभा चुनाव के हालिया चक्र के नतीजों से और खासतौर पर बंगाल फतेह करने के बाद से, मोदीशाही के हौसले सातवें आसमान पर हैं। इसीलिए, तृणमूल लोकसभा सांसदों के मामले को, मोदीशाही की अपनी बंगाल की फतेह का संसद का विस्तार करने की मुहिम तक ही सीमित कर के नहीं देखा जाना चाहिए। महाराष्ट्र की राजनीति के जानकारों के अनुसार, तृणमूल सांसदों की बगावत संगठित करने के दौरान ही, संघ-भाजपा के खिलाड़ी महाराष्ट्र में भी विभाजन के पिछले चक्र के जरिए पहले ही बहुत कमजोर किए जा चुके विपक्ष में, विभाजन के एक और चक्र की तैयारियों में जुटे हुए थे। उद्धव ठाकरे की शिव सेना खासतौर पर उनके निशाने पर थी, जिसके अब सिर्फ 9 लोकसभा सदस्य बचे हैं। यह दूसरी बात है कि सारी कोशिशों के बावजूद, संघ-भाजपा के हथियार के तौर पर शिंदे के लिए, छः (यानी दो-तिहाई) बागी जुटाना संभव नहीं हुआ, जो कि दलबदल कानून के चाबुक से बचने के लिए जरूरी संख्या थी।

इसे देखते हुए, हैरानी की बात नहीं होगी कि कई राजनीतिक टीकाकारों का यह अनुमान सच निकले कि मोदीशाही, संसद के मानसून सत्र में दोबारा, महिला आरक्षण सह परिसीमन विधेयक का पैकेज देश के सिर पर थोपने की कोशिश कर सकती है। संसद में अपना संख्या बल बढ़ाने के इस जुनून के पीछे ऐसा ही कोई गहरा मकसद नजर आता है। यह किसी से छुपा नहीं है कि महिला आरक्षण की आड़ लेकर, परिसीमन को आगे बढ़ाने में ही मोदीशाही की असली दिलचस्पी है। और यह इसलिए है कि उसने समझ लिया है कि जनसंख्या अनुपात पर आधारित परिसीमन के जरिए, उत्तरी तथा पश्चिमी भारत के अपने गढ़ों का तुलनीय राजनीतिक वजन और बढ़ाने के जरिए ही, वह 2029 के चुनाव में अपनी जीत पक्की कर सकती है। 2024 के चुनाव नतीजों ने उसके आत्मविश्वास को हिला दिया है। इसीलिए, उसे सब कुछ चाहिए। उसे अपनी जेब में चुनाव आयोग भी चाहिए। उसे अपने अनुकूल मतदाता सूची भी चाहिए, जिसमें से उसकी नजरों में 'गैर-भरोसेमंद' मतदाताओं को छांटा जा चुका हो। उसे मतगणना तक मनमानी चाहिए। और इस सब के ऊपर से, ऐसा परिसीमन भी चाहिए, जिसमें 'असहयोगी' दक्षिण को छोटा किया जाए और चुनाव क्षेत्रों की सीमाएं इस तरह इलाके छांट-छांटकर बनायी जाएं, जिससे विरोधियों का दायरा छोटे से छोटा हो जाए और उसका दायरा बड़े से बड़ा। परिसीमन का यह संघी मॉडल देश, असम और जम्मू-कश्मीर में देख भी चुका है।बेशक, महिला आरक्षण को लागू करने की आड़ में, परिसीमन लागू करने के इस खेल को, संसद के पिछले सत्र में एकजुट विपक्ष ने शिकस्त दे दी थी। लेकिन, उसके बाद से विपक्ष की न उतनी ताकत रह गयी है और न विपक्ष उतना एकजुट नजर आता है। वास्तव में तृणमूल की टूट और द्रमुक के इंडिया ब्लाक से अलग होने ने ही, संघ-भाजपा में इसकी उम्मीदें जगायी लगती हैं कि वे एक बार फिर परिसीमन का रास्ता खोल सकते हैं और अगला आम चुनाव अपनी झोली में डाल सकते हैं। लेकिन, ठाकरे की शिव सेना की मुस्तैदी ने और द्रमुक के संघवाद के सिद्धांतों पर समझौता नहीं करने के ऐलान ने, संघ-भाजपा के इस संभावित खेल को विफल करने की शुरूआत भी तो कर दी है।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# संवैधानिक संस्थाओं की भूमिका और विपक्ष की चुनौतियां

■ राजेश पांडेय

भारत में केंद्र और राज्य की सरकारें वयस्क मताधिकार के आधार पर चुनी जाती हैं। शहर से लेकर गांवों तक लोग अपने प्रतिनिधि का चुनाव वोट से करते हैं। सभी चुनावों में स्थानीय स्तर पर हेराफेरी की घटनाएं होती हैं। मतदान केंद्रों पर कब्जा, फर्जी वोटिंग, मतगणना में गड़बड़ी जैसे मामले सामने आते हैं। फिर भी, राष्ट्रीय स्तर पर चुनावों की शुद्धता और पवित्रता संदेह से परे रहती थी। लेकिन अब स्थिति बदल गई है। पहले वोटर सरकार चुनते थे, अब सत्ताधारी पार्टी तय कर रही है कि वोटर कौन रहेगा और कौन नहीं। कम से कम मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया से तो यही तस्वीर उभरती है। धांधली के आरोपों, विसंगतियों और खामियों की कहीं सुनवाई नहीं है। संवैधानिक संस्थाओं से इंसाफ की उम्मीद खत्म होती जा रही है।

स्वस्थ और सच्चे लोकतंत्र की पहली शर्त स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव हैं। अब इसकी गारंटी नहीं रही। चुनावों में गड़बड़ी के आरोपों की सूची दिन-ब-दिन लंबी हो रही है। हम दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने पर गर्व करते हैं लेकिन हकीकत एकदम अलग है। स्वयंसेवी संगठनों- एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और महाराष्ट्र स्थित वोट फॉर डेमोक्रेसी ने 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों में कई विसंगतियों का जिक्र किया है। दोनों चुनावों में कुल मतदान और गिने गए वोटों की संख्या में अंतर पाया गया है। वोटिंग के आंकड़े काफी विलंब से जारी हो रहे हैं। वोटिंग के आखिरी घंटों में वोटरों की संख्या में भारी बढ़ोतरी चिंताजनक और अविश्वसनीय है। एडीआर ने चुनाव आयोग को कई मौकों पर पत्र लिखकर सभी पहलुओं की ओर उसका ध्यान आकर्षित कराया है। लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिले हैं।

> देश की वर्तमान स्थिति को देखते हुए विपक्ष को अपना हर मोर्चा दुरुस्त करना होगा। उसे हर राज्य में कड़ी चुनौती पेश करने के हालात बनाना चाहिए। जब संवैधानिक संस्थाएं अपनी जिम्मेदारी से पीछे हटने लगती हैं तो उसे रास्ते पर लाने में विपक्ष दलों की एकजुटता भी अच्छा प्रभाव पैदा कर सकती है। संवैधानिक संस्थाएं सत्ता और उसके अन्य अंगों की असवैधानिक और गैरकानूनी कार्रवाईयों को रोकने का सबसे प्रभावी औजार हैं।

चुनाव आयोग की मनमानी पर कोई अंकुश नहीं है। इसका असर हर जगह दिखाई पड़ रहा है। आम चुनाव के साथ विधानसभा चुनाव भी संदेह के दायरे में हैं। महाराष्ट्र, हरियाणा और पश्चिम बंगाल विधानसभा के चुनाव में इसके सबूत मिले हैं। अपेक्षाकृत महत्वहीन चुनाव तक धांधली की चपेट में आ रहे हैं। चंडीगढ़ मेयर के चुनाव में निर्वाचन अधिकारी गड़बड़ी करते रंगे हाथों पकड़े जा चुके हैं। मध्यप्रदेश में राज्यसभा की एक सीट के लिए कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन पत्र खारिज करने की ताजा घटना इसकी अगली कड़ी है। यह मामला सुप्रीम कोर्ट में है।

देश की सर्वोच्च अदालत से अनियमितताओं को रोकने की उम्मीद की जाती है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को अहम मामलों में क्लीन चिट दे दी है। खासतौर से एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 27 मई को आए कोर्ट के फैसले में वोटरों के अधिकारों की रक्षा की फिक्र दिखाई नहीं देती है। कोर्ट ने कहा है कि चुनाव आयोग को एसआईआर कराने का संवैधानिक और कानूनी अधिकार है। अदालत ने यह जरूर माना है कि आयोग नागरिकता तय नहीं कर सकता है। यह केंद्र सरकार का काम है। फिर भी, एसआईआर की जटिलता और खामियों पर उसने गौर नहीं किया है। सुप्रीम कोर्ट ने विधानसभा चुनावों से पहले कुछ राज्यों में हड़बड़ी में कराई गई प्रक्रिया के बारे में कुछ नहीं कहा है। आयोग को किसी बिंदु पर जवाबदेह नहीं ठहराया है।

अब तक मतदाता सूची में वोटरों का नाम दर्ज करने और हटाने की प्रक्रिया पारदर्शी और आसान रही है। हर साल वोटर लिस्ट का संक्षिप्त संशोधन (समरी रिवीजन) होता है। चुनाव आयोग 18 साल से अधिक आयु के नए वोटरों को शामिल करने के लिए अभियान चलाता है। लेकिन लगता है कि एसआईआर के जरिये नाम शामिल करने के बदले हटाने की मुहिम चलाई गई है। लगातार खबरें आ रही हैं कि सबसे अधिक नाम अल्पसंख्यकों, दलितों के हटाए गए हैं। दरअसल, भारत में ऐसे लोगों की संख्या बहुत बड़ी है जिनके पास कई जरूरी दस्तावेज नहीं हैं। इनमें अधिकतर लोग कमजोर और गरीब हैं। भला सोचिए दूरदराज के कस्बों, गांवों में बैठे लोगों के लिए दस्तावेज जुटाना कितना कठिन है। गनीमत है कि सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर के जरूरी दस्तावेजों में आधार कार्ड को शामिल कराया है। अनुमान है, 2026 के शुरुआती महीनों में 134 करोड़ लोग आधार का उपयोग कर रहे थे।

चुनाव आयोग का काम स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना है। उसे सुनिश्चित करना है कि कोई पात्र वोटर मताधिकार के इस्तेमाल से वंचित न रह जाए। लेकिन यहां उल्टा हो रहा है। एसआईआर के तहत करोड़ों वोटरों को मतदाता सूची से बाहर करने का अभियान चल रहा है। कुछ विशेषज्ञों के अनुमानों में यह संख्या लगभग साढ़े छह करोड़ बताई गई है। पश्चिम बंगाल में अप्रैल, मई में हुए विधानसभा चुनाव में तार्किक विसंगति जैसे नए मापदंड के तहत 27 लाख वोटरों का मताधिकार छीन लिया गया। तमिलनाडु में 97 लाख लोग बाहर हुए हैं। बिहार में 25 लाख वोटरों को जगह नहीं मिली है। सबसे अधिक लोकसभा सीटों के राज्य उत्तरप्रदेश में एक करोड़ से अधिक वोटर अधर में हैं। जाहिर है, ये हालात लोकतंत्र के लिए शुभ नहीं हैं।

संवैधानिक संस्थाओं की चुप्पी के कारण चुनावों में मुकाबला बराबरी का नहीं रह गया है। दौड़ शुरू होने से पहले ही सत्ताधारी दल निर्णायक बढ़त की स्थिति में रहने लगा है। ऐसी स्थिति में विपक्षी दलों के सामने कठिन चुनौतियां हैं। उसके अपने विरोधाभास और मतभेद अलग हैं। कई राज्यों में उनके हित आपस में टकराते हैं। 2023 में बने इंडिया गठबंधन के सदस्य कई मौकों पर अलग दिशाओं में चलते हैं। लेकिन उसने इस वक्त एसआईआर के खिलाफ एकजुटता दिखाई है। 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद 8 जून को हुई उसकी बैठक में आम राय से एसआईआर को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने का इरादा जताया गया है। विपक्ष का कहना है कि एसआईआर का उपयोग चुनाव नतीजों को प्रभावित करने के लिए किया जा रहा है। बैठक में चिंता व्यक्त की गई कि एसआईआर से मतदाता सूचियों में गड़बड़ी करके बड़े पैमाने पर लोगों को मताधिकार से वंचित किया जा रहा है। इसने चुनावों की निष्पक्षता और पवित्रता पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

एसआईआर के बारे में विपक्ष के सवाल जायज हैं। इसके बावजूद एसआईआर को नए सिरे से कानूनी चुनौती देने के नतीजों पर फिलहाल कुछ कहना मुश्किल है। कानूनी रास्ते तो ठीक हैं पर विपक्ष के लिए मैदानी मोर्चे को संभालना ज्यादा जरूरी है। 8 जून की बैठक में गठबंधन के मतभेद भी सामने आए हैं। सहयोगी दलों ने कहा कि तमिलनाडु, केरल और पश्चिम बंगाल में कांग्रेस की रणनीति ने गठबंधन के प्रमुख सहयोगियों द्रमुक, तृणमूल कांग्रेस और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी को नुकसान पहुंचाया है। निश्चित तौर पर कांग्रेस को अपनी रणनीति पर नए सिरे से गौर करना होगा। तमिलनाडु में वह द्रमुक को छोड़कर एक्टर विजय की पार्टी के साथ सरकार में शामिल हो चुकी है। कांग्रेस के रणनीतिकार इसे भविष्य की नीति मानते हैं। उनकी सोच है कि तमिलनाडु की राजनीति द्रविड़ पार्टियों के प्रभाव क्षेत्र से निकलकर दूसरी दिशा में बढ़ रही है। बंगाल में तृणमूल के साथ उसके मेलजोल की हलचल तेज है। केरल में तो यूडीएफ गठबंधन की प्रमुख पार्टी कांग्रेस का वामपंथियों (एलडीएफ) से हितों के टकराव का सीधा मामला है। वहां यूडीएफ और एलडीएफ के बीच हर पांच साल में सत्ता बदलती रही है। केवल 2021 में एलडीएफ ने विजयन के नेतृत्व में पहली बार दोबारा बहुमत हासिल किया था। सीपीएम की आपत्ति कांग्रेस नेताओं खासकर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी द्वारा विजयन पर व्यक्तिगत प्रहार से संबंधित है। वहां कांग्रेस और वामपंथियों के रास्ते अलग हैं लेकिन चुनाव अभियान में बार-बार निजी हमलों से तो बचा ही जा सकता है। बंगाल में कांग्रेस चुनाव से पहले ही तृणमूल के साथ मिलकर चल सकती थी। इससे एसआईआर के जरिये हुई कथित धांधली से निपटने में कुछ हद तक मदद मिल सकती थी। बंगाल में अब तक कांग्रेस की रणनीति को अधीर रंजन चौधरी जैसे नेता प्रभावित करते रहे हैं। वे तृणमूल की शीर्ष नेता ममता बनर्जी के कट्टर आलोचक हैं। कांग्रेस ऐसे नेताओं से अलग हटकर नई वास्तविकताओं के हिसाब से अपनी रणनीति तय कर सकती है।

अपने ऐतिहासिक अतीत, लंबे समय तक देश पर शासन करने, मौजूदा लोकसभा में 100 सीटों और चार राज्यों में सरकार होने के कारण इंडिया गठबंधन को आगे बढ़ाने में कांग्रेस की भूमिका बहुत अहम है। इसलिए उसे अपने सहयोगियों की महत्वाकांक्षाओं, जरूरतों और मैदान की स्थिति को देखकर कदम उठाना होंगे। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तरप्रदेश में इस समय समाजवादी पार्टी के हाथ में विपक्ष की कमान है। लिहाजा, कांग्रेस के लिए सपा के पीछे चलना व्यावहारिक राजनीति होगी। विधानसभा चुनाव में दोनों पार्टियों को सीटों के बंटवारे में वास्तविक स्थिति का ध्यान रखना पड़ेगा। वे अपने नफा-नुकसान को परखें लेकिन यह ध्यान रखें कि महत्वाकांक्षा, टकराव और जिद से चुनौती कमजोर न पड़ जाए।

देश की वर्तमान स्थिति को देखते हुए विपक्ष को अपना हर मोर्चा दुरुस्त करना होगा। उसे हर राज्य में कड़ी चुनौती पेश करने के हालात बनाना चाहिए। जब संवैधानिक संस्थाएं अपनी जिम्मेदारी से पीछे हटने लगती हैं तो उसे रास्ते पर लाने में विपक्ष दलों की एकजुटता भी अच्छा प्रभाव पैदा कर सकती है। संवैधानिक संस्थाएं सत्ता और उसके अन्य अंगों की असंवैधानिक और गैरकानूनी कार्रवाईयों को रोकने का सबसे प्रभावी औजार हैं। अगर वे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह नहीं करेंगी तो सत्ता निरंकुश हो जाएगी और लोकतंत्र कमजोर पड़ जाएगा। निश्चय ही यह स्थिति गंभीर और निराशाजनक है। इसलिए विपक्ष की जिम्मेदारी और ज्यादा बढ़ गई है। वह अपनी मैदानी सक्रियता से जनता के एक बहुत बड़े वर्ग को उसके अधिकार हासिल करने में मदद कर सकता है। भारत में मताधिकार हर व्यक्ति को सबके बराबर खड़े होने का अधिकार देता है। हमारे यहां वंचित वर्गों की सबसे बड़ी संपदा और ताकत उसका वोट है। उसके इस अधिकार की रक्षा करना सबकी जिम्मेदारी है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**



## ललित सुरजन की कलम से

### तीसरा मोर्चा बनाम वामदल

*'1952 में पहले आम चुनाव के बाद भारत की कम्युनिस्ट पार्टी प्रमुख विपक्षी दल के रूप में उभरी थी। सवाल उठता है कि जो पार्टी या जो विचारधारा 1952 में कांग्रेस के विकल्प के रूप में मौजूद थी वह उस जगह से अपदस्थ कैसे हुई और उग्रराष्ट्रवादी हिन्दुत्ववादी शक्तियों ने वामपंथी ताकतों को धीरे-धीरे कर भारतीय राजनीति के हाशिए पर क्यों कर धकेल दिया। यह एक प्रकट वास्तविकता है और इसका सामना करने का साहस वामदलों में होना चाहिए। मेरा मानना है कि आम चुनाव के समय क्षेत्रीय दलों से अल्पकालीन गठजोड़ करने से वामपंथी ताकतें मजबूत नहीं बल्कि और कमजोर ही होंगी। मेरा यह भी मानना है कि आज के वैश्विक परिदृश्य को समझने की क्षमता भारत में या तो कांग्रेस में है या फिर वामपंथियों में; और अपनी तार्किक क्षमताओं का मैदानी कार्रवाई में रूपांतरण करने से ही वाममोर्चा 1952 में या उससे बेहतर स्थिति में पहुंच सकता है।'*

**(देशबन्धु में 16 मई 2013 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2016/06/blog-post_22.html

## पावन प्रसंग

### मन:स्थिति बदले तो परिस्थिति बदले

जिसने परिस्थितियों से समझौता कर लिया,वह हार गया। परिस्थितियों के विरुद्ध जो लड़ सका, मन:स्थिति उच्च बनाकर, जीवन समर में लड़ सका वही विजेता हुआ। यदि हमारे भीतर अपने जीवन के उद्देश्य को सफल, सार्थक करने की तीव्र अभीप्सा हो तो परिस्थितियां हमारे जीवन की परिभाषा नहीं बन सकती हैं। बात यहां पर मन:स्थिति की है। उत्कृष्ट मन क्या नहीं कर सकता है? आवश्यकता है उसकी शक्ति को पहचानने की तथा उससे उभयपक्षीय निर्माण प्रस्तुत करने की। जब हम परिस्थितियों पर अत्यधिक जोर देते हैं, स्वयं को निर्बल एवं असहाय घोषित कर देते हैं, स्वयं की क्षमताओं से परिचित नहीं होते, तभी इस प्रकार की विसंगति खड़ी होती है कि हमारा अंत:करण हमारा साथ देना बंद कर देता है। मन की ऊर्जा का भरपूर लाभ लेना है तो मन को बहुत महत्व देना छोड़ दीजिए, उसे ऐसा बनाइए ताकि उससे उच्चतर प्रयोजनों में सहायता मिल सके। हमारा मन तभी अपना है, जब उसने किसी उच्च प्रेरणा हेतु अपना समर्पण करना सीख लिया हो।

मन की शक्ति को समझना ही वास्तविक अध्यात्म है एवं इस हेतु हमें अपनी आसक्ति को मिटाना चाहिए। जीवन के महत्वपूर्ण कार्यों को करने के लिए मन का निरासक्त होना आवश्यक है। हम अपने मन पर नियंत्रण प्राप्त करें, इससे शुभ कुछ हो नहीं सकता। जब मन पर हमारा आधिपत्य होता है तो यह संभव है कि हम विपरीत परिस्थितियों के मध्य भी उत्कृष्ट मनोदशा का परिचय दें एवं जीवन को धन्य एवं महान बनाएं। मन की गुलामी से मुक्थि ही साधना का मूल केंद्र है। उसे जिसने समझ लिया, वह फिर परिस्थितियों का ऐसा रोना नहीं रोता है। उसका असीम उत्साह एवं दृढ़ लगन स्वत: आदर्श सत्परिणाम उपस्थित करने की दिशा में बढ़ चलते हैं एवं उसे परिस्थितिवश विवश नहीं होना पड़ता है।

जीवन का यह महत्वपूर्ण सिद्धांत सब को याद कर लेना चाहिए कि बिना मन:स्थिति में परिवर्तन किए, बिना स्वयं को सुधारे आप जीवन का महत्वपूर्ण लाभ नहीं उठा सकते हैं। अफने का मालिक होने में ही भलाई है,शेष तो आत्मप्रवंचना भर है। इसलिए पहला कार्य है, अपने मन पर संपूर्ण एवं एक पक्षीय नियंत्रण स्थापित करना, उसे एक दैवी वाहन के रूप में प्रयुक्त करना तथा उससे महत्वपूर्ण सफलताएं प्राप्त करना।

जब मन इस स्तर का बन जाता है, तो ही उससे अनेकानेक अनुदान एवं वरदान प्रस्तुत करना संभव होता है। मन को पूर्णरूपेण समझना ही अध्यात्म है। आज हर जगह परेशानी है, विषय विकार है तथा जीवन की कठिनाई दिनोंदिन बढ़ती चली जा रही है, वह इसीलिए क्योंकि हमने मन की शक्ति को पहचानने एवं उसका सदुपयोग करनी की ठानी नहीं है। मन हमारा बेकारी में पड़ा रहता है, उसे यह बोध नहीं कि वह किस महान तत्व के अनुशीलन से अनभिज्ञ है। सत्य यही है कि जो मन को जीत ले वही भाग्यवान, जो मन से हार जाए वही अपाहिज। वास्तविक वस्तु चेतना है एवं मन उसीसे हेरफेर किया करताहै, उसकेकारणह ी मन प्रयासचला करतेहैं. मनुष्यक ो जीवंत स्वरूपयदिदेखना हो, उसेपहचानने की सामर्थ्य विकसित करनी हो तो इतना करना चाहिए कि मन के मूल में छिपी आसक्ति को पहचाना जाए और उससे दैवी विधान अनुरूप कार्य लेने की क्षमता विकसित की जाए।

-अखंड ज्योति

## विधायक ने विधानसभा में लगाया था तारांकित प्रश्न

# मंत्री ने तय की समय सीमा, फिर भी नहीं निपटा लीज का एक भी प्रकरण

देशबन्धु फॉलोअप

**जबलपुर, देशबन्धु।** उत्तर-मध्य विधानसभा के चार वार्डों में रहने वाले सैकड़ों वाशिंदे अपनी संपत्ति को फ्री होल्ड कराने की उम्मीद लेकर सालों से नगर निगम के चक्कर लगा रहे हैं। उनकी इस लड़ाई में क्षेत्रीय विधायक ने उनका साथ देते हुए लीज के मुद्दे पर ध्यानाकर्षण और तारांकित प्रश्न लगाकर विधानसभा में उठाया।

विधायक के प्रश्न का जबाव देते हुए नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने आश्वासन भी दिया कि सिर्फ जबलपुर ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में जितने भी लीज से जुड़े प्रकरण लंबित हैं, तीन माह के अंदर उनका समाधान कर दिया जाएगा लेकिन हैरत की बात यह है कि मंत्री की इन बातों पर जिम्मेदारों पर कोई असर नहीं पड़ा। जिसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि लगभग तीन माह पूरे बीत जाने के बाद भी नगर निगम प्रशासन ने एक भी पेंडिंग लीज की फाइल नहीं निपटाई। ऐसे में लीज धारकों को आज भी परेशान होना पड़ रहा है और वे बार-बार लाल बिल्डिंग के चक्कर काटने को मजबूर हैं।



### संशोधन के लिए आ चुका पत्र

जानकारी के मुताबिक शासन की ओर से लीज संबंधी प्रकरणों की गाइडलाइन में कुछ संसोधन में बदलाव के लिए पत्र भेजा है लेकिन इसके बावजूद भी उस पत्र को लेकर अभी तक कोई प्रक्रिया शुरु नहीं की गई। जिससे साफ जाहिर हो रहा है कि लीज संबंधी प्रकरणों को लेकर नगर निगम प्रशासन बिल्कुल भी गंभीर नहीं है।

### शुल्क जमा करने के बाद भी परेशान

जानकारी के मुताबिक आधा दर्जन से ज्यादा लीज धारक ऐसे हैं, जिन्होंने फ्री होल्ड हो गया और अब सिर्फ और सिर्फ एग्रीमेंट ही शेष रह गया लेकिन इसके बावजदू भी उनका अनुबंध नहीं किया जा रहा है। जिन लीज धारकों की फाइल सिर्फ अनुबंध के लिए ही लटकी है वे कई मर्तबा संपदा शाखा के चक्कर काट चुके हैं, लेकिन उन्हें कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला।

# गारमेंट क्लस्टर मार्केट पिछले 8 दिनों से अंधेरे में

## हजारों व्यापारियों एवं कर्मचारियों के सामने आजीविका का संकट

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर में पिछले दिनों हुई आंधी-बारिश के कारण कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। जिसमें गोहलपुर क्षेत्र स्थित गारमेंट एंड फैशन डिजाइन क्लस्टर मार्केट खासा प्रभावित हुआ। यहां घंटों बिजली गुल रही। जिससे व्यापारियों को बहुत नुकसान झेलना पड़ा। मार्केट में अभी भी बार-बार बिजली गुल होने से व्यापारी परेशान है। इसको लेकर कांग्रेस ने बिजली विभाग पर लापरवाही को आरोप लगाया है।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने बताया कि सोमवार को गोहलपुर स्थित गारमेंट एंड फैशन डिजाइन क्लस्टर मार्केट में पहुंचकर वहां के व्यापारियों, कर्मचारियों एवं प्रभावित परिवारों की समस्याओं को सुना गया। पिछले 8 दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण पूरा क्लस्टर क्षेत्र गंभीर संकट से गुजर रहा है। बाजार में संचालित सैकड़ों गारमेंट इकाइयों का कामकाज पूरी तरह ठप पड़ा हुआ है, जिससे हजारों लोगों की आजीविका प्रभावित हो रही है। इससे व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है, वहीं कर्मचारियों के सामने अपने परिवार का भरण-पोषण करने का संकट खड़ा हो गया है। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया तथा तत्काल विजयनगर संभाग के बिजली विभाग के अधिकारियों को बुलाकर विस्तृत चर्चा की। अधिकारियों को व्यापारियों की परेशानियों से अवगत कराते हुए शीघ्र समाधान की मांग की गई,चर्चा के दौरान बिजली विभाग के अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि आगामी 24 घंटे के भीतर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। शर्मा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 24 घंटे के भीतर बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई तो शहर जिला कांग्रेस कमेटी व्यापारियों, कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगी। इस मौके पर प्रमोद पटेल, अनुज श्रीवास्तव, रितेश बंटी गुप्ता, रितेश नॉनटनी, विवेक यादव आदि उपस्थित थे।



# प्राचीन और प्राकृतिक रुप में लाई जाएगी गौर नदी

## सफाई श्रमदान कार्य का अवलोकन करने पहुंचे महापौर-विधायक

**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर निगम द्वारा ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व की गौर नदी को उसके प्राकृतिक और भव्य स्वरूप में वापस लाने के लिए युद्ध स्तर पर संरक्षण और संवर्धन के कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू और विधायक अशोक रोहाणी ने गौर नदी में चल रहे सफाई श्रमदान कार्य का अवलोकन किया। जहां नर्मदा की इस सबसे सुंदर और प्रमुख सहायक नदी को उसके प्राचीन व प्राकृतिक स्वरूप में वापस लाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य चल रहा है। बता दें कि गौर नदी के संरक्षण, संवर्धन और सौंदर्यीकरण के लिए 3 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है, जिससे नदी का संपूर्ण जीर्णोद्धार होगा। यह परियोजना क्षेत्र के पर्यावरण और जल संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। सौंदर्यीकरण के बाद यह स्थल एक बड़े धार्मिक व पर्यटन केंद्र के रूप में उभरेगा। विशेष रूप से छठ महापर्व के आयोजन के लिए यहां बेहद उपयुक्त, सुरक्षित और भव्य घाट व बुनियादी सुविधाएं तैयार की जा रही हैं। इस दौरान अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद थे।



# शहरवासियों में देशभक्ति का संचार करेगी इलेक्ट्रिक मशाल दौड़

## वीरांगना रानीदुर्गावती के बलिदान दिवस पर होगा आयोजन



**जबलपुर, देशबन्धु।** गोंडवाना साम्राज्य की गौरव, अदम्य साहस और शौर्य की प्रतीक वीरांगना रानी दुर्गावती का 463वां बलिदान दिवस इस वर्ष नगर निगम एवं मित्र संघ मिलन के संयुक्त तत्वाधान में अत्यंत भव्य और गरिमामय रूप से मनाया जाएगा। शहर में वीरांगना के प्रति सम्मान और नई पीढ़ी को उनके गौरवशाली इतिहास से जोड़ने के लिए बड़े पैमाने पर तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी सिलसिले में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने समीक्षा बैठक कर आयोजन की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया। इस वर्ष के आयोजन का मुख्य आकर्षण संभाग स्तरीय मिनी मैराथन और इलेक्ट्रिक मशाल दौड़ होगी, जो नागरिकों में देशभक्ति और ऊर्जा का संचार करेगी।

बलिदान दिवस को खेल और जन-भागीदारी से जोड़ते हुए इस बार संभाग स्तरीय मिनी मैराथन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस दौड़ की विशेषता यह होगी कि महिला और पुरुष वर्ग के धावक हाथों में आधुनिक व पर्यावरण-अनुकूल इलेक्ट्रिक मशाल लेकर दौड़ेंगे, जो रानी दुर्गावती के अमर बलिदान की लौ का प्रतीक होगी। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में कार्यक्रम को सुचारू और ऐतिहासिक बनाने पर गहन मंथन हुआ। बैठक में एमआईसी मेंबर विवेकराम सोनकर, डॉ. सुभाष तिवारी, दामोदर सोनी, अंशुल राघवेन्द्र यादव, रजनी कैलाश साहू, निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार सहित अन्य मौजूद थे।

## सिविक सेंटर के उन्नयन के लिये चेम्बर ने बुलाई बैठक

**जबलपुर, देशबन्धु।** महाकोशल चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री भवन चौपाटी के सामने 19 जून को शाम 6 बजे सिविक सेंटर क्षेत्र के व्यापारियों एवं क्षेत्र में स्थित विभिन प्रतिष्ठानों के कार्यालय के प्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक सिविक सेंटर क्षेत्र की समस्याओं के सुझावों हेतु आमंत्रित की गयी है। चेम्बर मानसेवी मंत्री अखिल मिश्र ने जानकारी दी कि विगत में सिविक सेंटर व्यापारिक क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान जबलपुर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष संदीप जैन द्वारा सिविक सेंटर क्षेत्र को और अधिक सुविधायुक्त बनने के लिए क्षेत्र के व्यापारियों से सुझाव मांगे गए थे। चेम्बर अध्यक्ष रवि गुप्ता, शंकर नाग्देव, युवराज जैन गढ़ावाल, अखिल मिश्र, हेमराज अग्रवाल, गुलशन माखीजा, प्रभात जैन, राजेश चण्डोक, अनिल जैन पाली, समीर पाल ने उपस्थिति की अपील की है।

## राज्यपाल को कुलगुरु ने सौंपा दीक्षांत निमंत्रण

**जबलपुर, देशबन्धु।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के 36 वें दीक्षांत समारोह को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सोमवार को कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने लोक भवन में राज्यपाल मंगु भाई पटेल से सौजन्य भेंट कर उन्हें दीक्षांत का औपचारिक रूप से निमंत्रण सौंपा। इसके पूर्व कुलगुरु के निमंत्रण पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पहले ही अपनी स्वीकृति प्रदान कर चुके हैं। इस आयोजन के लिए 21 जून को देश की महामहिम राष्ट्रपति दौपदी मुर्मु के शामिल होने की पुष्टि भी हो चुकी है, जिससे आयोजन का महत्व और बढ़ गया है। दीक्षांत समारोह को सफल बनाने के लिए संबंधित विभागों द्वारा व्यवस्थाओं को तेजी से पूरा किया जा रहा है।



## सार-समाचार

### बच्चों ने सीखीं नृत्य की बारीकियां

## चार दिवसीय कथक कार्यशाला का समापन



**जबलपुर, देशबन्धु।** आदिदेव कला संस्थान निदेशक अखिलेश पटेलएवं श्रीजी कला संस्था निदेशिका अंकिता गिनारा झा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित चार दिवसीय कथक कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन हुआ। 11 जून से 14 जून तक चली इस विशेष कार्यशाला में बच्चों को शास्त्रीय नृत्य की बारीकियों से रूबरू कराया गया। कार्यशाला का कुशल संचालन कोलकाता के सुप्रसिद्ध कथक गुरु अम्ब्रिज सरकार द्वारा किया गया। उन्होंने बेहद सरल और प्रयोगात्मक तरीके से बच्चों को कथक नृत्य के विभिन्न आयामों से परिचित कराया। चार दिनों के इस कड़े प्रशिक्षण के दौरान बच्चों ने कथक के तकनीकी पक्षों जैसे शिव वंदना, विष्णु वंदना, ठाठ, तोड़े-टुकड़े, परण और गत निकास के साथ-साथ भाव पक्ष के अंतर्गत सूरदास भजन एवं कृष्ण भजन पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों का गहन अभ्यास किया। कार्यशाला के अंतिम दिन एक गरिमामयी समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सुभाष जायसवाल, जे. पी. गिनारा एवं सुनीता गिनारा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथियों और संस्था के निदेशकों द्वारा कार्यशाला में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## कक्षा 5वीं और 8वीं की पुन: परीक्षा आज से

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में वर्ष 2025-26 की कक्षा 5वीं एवं 8वीं की पुन: परीक्षा 16 जून से शुरू हो रही है। यह 23 जून तक चलेगी। इस परीक्षा में सत्र 2025-26 की मुख्य परीक्षा में अनुत्तीर्ण एवं अनुपस्थित विद्यार्थी शामिल हो सकेंगे। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा प्रदेश भर में कुल 2 हजार 795 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। यह परीक्षा सुबह 10 बजे से शुरू होगी। कक्षा 5वीं की पुन: परीक्षा में लगभग 1 लाख 17 हजार से अधिक एवं कक्षा 8वीं के लगभग 1 लाख 32 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। विद्यार्थियों की पुन: परीक्षा सत्र 2025-26 का आयोजन 16 से 23 जून 2026 की अवधि में किया जाएगा।

## प्रसूति सहायता-मातृवंदना के प्रकरणों की समीक्षा

**जबलपुर, देशबन्धु।** संभागायुक्त धनंजय सिंह ने संभागीय अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक की, जिसमें शासन के प्रमुख कार्यक्रमों और प्राथमिक अभियानों की प्रगति की विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में संभागायुक्त ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए कहा कि लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित शिकायतों के निराकरण को लेकर उन्होंने अस्पतालों में दवाइयों की उपलब्धता व वितरण, आयुष्मान कार्ड, प्रसूति सहायता योजना, मातृवंदना की राशि के भुगतान आदि समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। संभागायुक्त ने सामाजिक न्याय विभाग के तहत वृद्धा पेंशन, शिक्षा विभाग के अंतर्गत विद्यालयों में प्रवेश व छात्रवृत्ति वितरण से सम्बंधित समस्याओं की समीक्षा कर उनके त्वरित निराकरण के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि सभी पात्र हितग्राहियों को समय पर सरकारी योजनाओं का लाभ मिलना सुनिश्चित हो।




# अवैध कनेक्शन को चिन्हित कर करें वैध: निगमायुक्त

## पूरे शहर में युद्ध स्तर पर चलाया जाएगा अभियान

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर में भर जितने भी अवैध कनेक्शन हैं, उन्हे वैद्य करने के लिए नगर निगम प्रशासन एक बार फिर से युद्ध स्तर पर अभियान चलाने जा रहा है। निगमायुक्त ने जल विभाग की समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वार्डवार अवैध कनेक्शनों को चिन्हित किया जाए और उन्हें जल्द से वैध कर दिया जाए। निगमायुक्त ने अवैध कनेक्शनधारियों को भी एक सुनहरा अवसर प्रदान किया है, उन्होंने कहा कि ऐसे लोग आवेदन देकर कनेक्शन वैध करा सकते हैं।

इसके अतिरिक्त निगमायुक्त ने सीएम हेल्पलाइन, जल प्रदाय, शासकीय योजना, स्वास्थ्य, प्रकाश, बाजार और अतिक्रमण विभाग के कार्यों की समीक्षा भी की। उन्होंने सभी विभागीय प्रमुखों से कहा कि आपसी तालमेल और समन्वय के साथ आवंटित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समय सीमा में पूरा करें।



**जल निकासी पर करें पूरा फोकस-**

मानसून और वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए नगर निगम पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने स्वास्थ्य और स्वच्छता अमले को शहर के सभी छोटे-बड़े नाले-नालियों की नियमित और सघन सफाई करने के निर्देश दिए हैं, ताकि बारिश के दौरान जल निकासी सुचारू रूप से हो सके और नागरिकों को कोई असुविधा न हो। उन्होंने शहर के प्रमुख स्पॉट विजय नगर चौपाटी को और अधिक सुंदर, स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने के लिए निर्देश दिए।

# प्रदेश की सभी जेलों में बंद कैदियों को कराया जाएगा योग

## जबलपुर सेंट्रल जेल से प्रदेशव्यापी अभियान का शुभारंभ

**जबलपुर, देशबन्धु।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अवसर पर मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने प्रदेश की सभी जेलों में निरुद्ध बंदियों के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से सप्ताहव्यापी योग अभियान की शुरुआत की। अभियान का शुभारंभ सोमवार को सेंट्रल जेल, जबलपुर से कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के मुख्य संरक्षक न्यायमूर्ति विवेक रूसिया ने किया। कार्यक्रम में न्यायमूर्ति रूसिया ने कहा कि योग केवल आसनों और प्राणायाम तक सीमित नहीं है, बल्कि जीवन को अनुशासित, संतुलित और सकारात्मक बनाने की कला है। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास तनाव, चिंता और अवसाद जैसी समस्याओं से मुक्ति दिलाने के साथ व्यक्तित्व विकास और पुनर्वास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

योग विशेषज्ञ एवं मनोवैज्ञानिक डॉ. पराग जैन ने बंदियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया तथा मानसिक स्वास्थ्य और सकारात्मक सोच के महत्व पर प्रकाश डाला। विशेष पहल के तहत श्रवण एवं वाक् बाधित बंदियों के लिए सांकेतिक भाषा में योग वीडियो भी तैयार किया गया, जिससे वे भी अभियान का लाभ उठा सकें। 15 से 21 जून तक चलने वाले इस अभियान में प्रदेश की सभी जेलों के बंदी, न्यायिक अधिकारी और विधिक सेवा संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल होंगे। प्राधिकरण का मानना है कि यह पहल बंदियों को स्वस्थ, संतुलित और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगी तथा उनके पुनर्वास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।



# रोटरी क्लब जबलपुर का वार्षिक 'आभार' एवं परिवार मिलन समारोह संपन्न

**जबलपुर, देशबन्धु।** रोटरी क्लब जबलपुर संस्कारधानी द्वारा रोटरी वर्ष 2025-26 के समापन अवसर पर वार्षिक 'आभार' एवं परिवार मिलन समारोह का आयोजन सिविल लाइंस स्थित एक निजी परिसर में हर्षोल्लास एवं पारिवारिक वातावरण में किया गया। कार्यक्रम की जानकारी क्लब के पब्लिक इमेज निदेशक रोटे नितिन जैन द्वारा प्रदान की गई। समारोह में क्लब सदस्यों एवं उनके परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर क्लब के 25 वर्ष पूर्ण होने (सिल्वर जुबली वर्ष) के उपलक्ष्य में क्लब के वरिष्ठ एवं स्थापना काल से जुड़े सदस्यों का विशेष सम्मान किया गया। क्लब के संस्थापक सदस्यों रोटे अरुण गुप्ता, रोटे अशोक गुप्ता, रोटे अनिल अग्रवाल एवं रोटे राजेश 'बबलू' अग्रवाल सहित अन्य वरिष्ठ सदस्यों को साफा पहनाकर एवं सम्मान पत्र प्रदान कर उनका अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम में रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3261 की अवॉर्ड सेरेमनी में मध्यप्रदेश में सर्वाधिक 12 डिस्ट्रिक्ट अवॉर्ड प्राप्त करने पर क्लब के डिस्ट्रिक्ट पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब अध्यक्ष रोटे अरुण गुप्ता, सचिव रोटे अभिषेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रोटे अनिल अग्रवाल, रोटे अशोक गुप्ता, रोटे अरुण खर्द, रोटे समीर कानडे तथा आगामी रोटरी वर्ष 2026-27 के अध्यक्ष रोटे मनीष बजाज सहित सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा।




## एआई एवं मशीन लर्निंग प्रशिक्षण में आईटी अधिकारियों को मिला प्रशिक्षण

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान (सीटीआई), जबलपुर में आयोजित एआई एवं मशीन लर्निंग क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिवस आईटी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण सत्र में मुख्य महाप्रबंधक (आईटी) प्रशांत गुप्ता ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं मशीन लर्निंग के मूलभूत सिद्धांतों, विद्युत वितरण क्षेत्र में उनके उपयोग तथा भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर हेड कंप्यूटर पद्धति एवं स्वचलन ए.के. सक्सेना द्वारा भी अधिकारियों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को पायथन, ओलामा तथा स्थानीय एआई प्रॉम्प्ट आधारित कार्यप्रणाली का प्रदर्शन कराते हुए व्यावहारिक अभ्यास कराया गया।





# कच्चे सूत से बांधा रिश्तों का धागा, वट वृक्ष की परिक्रमा कर मांगी पति की लंबी आयु और सुख समृद्धि



**जबलपुर,देशबन्धु।** सोमवार को सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर संस्कारधानी के मंदिरों और मोहल्लों में आस्था का अनोखा नजारा दिखा। सुहागिन महिलाओं ने सुबह से ही वटवृक्ष यानी बरगद के पेड़ की परिक्रमा कर पूजा-अर्चन किया। मान्यता है कि सोमवती अमावस्या पर वटवृक्ष की पूजा करने से अखंड सौभाग्य मिलता है। पति की लंबी आयु, घर में सुख-समृद्धि और संतान की उन्नति की कामना पूरी होती है। सूर्य निकलते ही शहर के बड़े-बुजुर्ग वटवृक्षों के नीचे रौनक बढ़ गई: सोलह श्रृंगार: महिलाएं लाल-पीली साड़ी, हाथों में मेहंदी, माथे पर बिंदी लगाकर पहुंचीं। पूजा की थाल में रोली, मौली, चावल, फूल, मिठाई और भीगा चना रखा। कच्चे सूत का बंधन: वटवृक्ष के तने पर कच्चा सूत लपेटते हुए 7, 11 या 108 परिक्रमा की। हर फेरी के साथ 'हे वट देव, मेरे सुहाग की रक्षा करना' की प्रार्थना की। जल अर्पण: तांबे के लोटे से वटवृक्ष की जड़ में दूध, जल और गंगाजल चढ़ाया। मान्यता है कि वटवृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु, महेश तीनों देवों का वास होता है। पंडितों के अनुसार इस दिन का खास संबंध सुहाग से है। सोमवार का दिन भगवान शिव को समर्पित है और अमावस्या पितरों को। दोनों के संयोग पर वट पूजा करने से पति की आयु लंबी होती है। वटवृक्ष की पूजा से पितर प्रसन्न होते हैं। घर की नकारात्मकता दूर होती है। जिन महिलाओं की संतान नहीं है, वे इस दिन वटवृक्ष के नीचे दीप जलाकर प्रार्थना करती हैं। गौरी घाट से गढ़ा तक दिखी आस्था गौरी घाट: नर्मदा तट पर स्थित सैकड़ों साल पुराने वटवृक्ष के नीचे 500 से ज्यादा महिलाओं ने सामूहिक पूजा की। मदन महल: किले के पास वाले वटवृक्ष पर नई नवेली दुल्हनों ने पहली बार फेरी लगाई। सास ने बहू को पूजा विधि सिखाई। विजय नगर कॉलोनी: सोसाइटी के पार्क में लगे वटवृक्ष के चारों ओर परिक्रमा लगाई।। महिलाओं ने कहा: ये सिर्फ रस्म नहीं, विश्वास है। सुनीता 45 वर्ष: '25 साल से हर सोमवती अमावस्या पर वट पूजा करती हूं। वट देव की कृपा से सब ठीक हैं।' नई दुल्हन से 'सासू माँ ने कहा कि ये धागा सिर्फ पेड़ पर नहीं, रिश्ते पर बांधो। पति का साथ और परिवार की इज्जत सबसे बड़ी है। 'वटवृक्ष की छांव में बंधा धागा कमजोर नहीं पड़ता। सावित्री का संकल्प आज भी हर सुहागिन में जिंदा है। सोमवती अमावस्या याद दिलाती है कि प्रेम और प्रार्थना से यमराज भी हार जाता है।' सोमवती अमावस्या चली गई, पर वटवृक्ष पर बंधा कच्चा सूत पूरे साल रिश्तों को मजबूत करता रहेगा।




## फौज जैसा अनुशासन कैम्प में सीखा

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज में 4एमपीसीटीआर का दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत हुई। कैम्प में 450 जेडी, जेडब्ल्यू और एसडब्ल्यू कैड्स शामिल हुए हैं। कैडेट्स को कैम्प में अनुशासन के साथ फायरिंग, पीटी, ड्रिल, परेड और राष्ट्रसेवा की ट्रेनिंग दी जाएगी। सैन्य तर्ज पर मिलने वाले प्रशिक्षण में प्रतिभागियों डिफरेंट एक्टिविटी करवाई गई। कमान अधिकारी कर्नल सिद्धार्थ सुर्वे ने कैम्प आने वाले कैडेट्स ने मुलाकात की। पीआई स्टाफ सूबेदार रामाश्रय सिंह, सूबेदार डीके तिवारी, नायब सूबेदार एमके यादव, नायब सूबेदार गीते गणेश, हवलदार अमरीक सिंह, हवलदार बृजेश कुमार, हवलदार हेसंत कुमार, नायक धर्मेंद्र कुमार ने मोर्चा संभाला।

**प्राथमिक चिकित्सा और आपदा प्रबंधन का गुर**-कैडेट्स परेड के साथ यातायात नियंत्रण, प्राथमिक चिकित्सा, आपदा प्रबंधन, स्वच्छ सर्वेक्षण एवं कैम्प प्रशासन का कार्य लिया जा रहा है। कैम्प में एएनओ कैप्टन सुनील सिंह पटेल, सीटीओ मधुसूदन पटेल, चीफ ऑफिसर आशीष डेनियल, सेकंड ऑफिसर लखन सोनी, सेकंड ऑफिसर सुधा मालवे एवं अन्य एनसीसी ऑफिसर कैडेट्स को तराश रहे हैं।

# मुहर्रम पर्व को लेकर शहर में बढ़ी हलचल, ताजिए और सवारियों की तैयारियां तेज

**जबलपुर,देशबन्धु।** पैगम्बर-ए-इस्लाम हज़रत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम के नवासे हज़रत इमाम हुसैन रज़ियल्लाह अन्हो की याद में मनाए जाने वाले मुहर्रम पर्व की तैयारियां संस्कारधानी जबलपुर में शुरू हो गई हैं। मुस्लिम बहुल इलाकों में शहीदी कलाम गूंजने लगे हैं है। मुफ़्ती-ए-आज़म मध्यप्रदेश हज़रत मौलाना मुशाहिद रज़ा क़ादरी बुरहानी के अनुसार 16 जून मुताबिक 29 जिलहिज्जा को मुहर्रम का चांद नजर आने की उम्मीद है। लिहाजा सांय मगरिब के वक्त चाँद देखने की पूरी कोशिश करें। चाँद नजर आने पर मौलाना साहब के मोबाइल नंबर 9302256729, 9303899999, 8889186720 पर फौरन इत्तिला दें, ताकि राब्ता कायम करने में सहूलियत हो और चाँद का एलान किया जा सके। इसके साथ ही इस्लामी नववर्ष हिजरी सन 1448 का आगाज होगा। शहर का मुहर्रम कौमी एकता और सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल माना जाता है,। शहर के मुस्लिम क्षेत्रों में शहीदी कलामों की गूंज सुनाई देने लगी है। मुहर्रम का प्रमुख आकर्षण ताजिया और कलात्मक सवारियां हैं। शहर में सवारियों की परंपरा लगभग 150 से 200 वर्ष पुरानी बताई जाती है। सदर क्षेत्र से शुरू हुई कलात्मक सवारी बनाने की परंपरा अब पूरे शहर में फैल चुकी है। गढ़ा क्षेत्र के पुराने मुजावर आज भी फूल और मखाने से पारंपरिक सवारियों का निर्माण करते हैं। शिया समुदाय द्वारा दस दिवसीय मुहर्रम के दौरान इमामबाड़ों में सुबह से रात तक मजलिसों का आयोजन किया जाएगा। गलगला स्थित जैदी विला एवं जाहिद हुसैन इमामबाड़े में जनानी मजलिस तथा इमामिया हॉल में रात्रिकालीन हुसैनी मजलिस आयोजित होगी, जिसमें मौलाना वाकियात-ए-कर्बला का बयान फरमाएंगे। मुस्लिम इस्लाह कमेटी के हाजी क़दीर सोनी, सरदार हामिद हुसैन, हाजी मक़बूल अहमद रज़वी, हाजी शेख जमील नियाज़ी, मतीन अंसारी, पप्पु वशीम खान, हाजी मुईन खान, चंगेज खान अशरफी, जमा खान, अमीन कुरैशी, प्यारे साहब, जैदी बाबा, मुबारक अली क़ादरी, सैयद क़ादिर अली प्रशासन से पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग प्रशासन से की है।



# स्मार्ट मीटर अनिवार्य नहीं फिर भी मजबूर कर रहे- प्रतिवेदन दो

**जबलपुर,देशबन्धु।** स्मार्ट मीटर लगवाना अनिवार्य नहीं है। उपभोक्ताओ की सहमति लेना जरूरी है। यह फैसला सुप्रीम कोर्ट का है। इसके बावजूद भी जिले में विद्युत कंपनी के अधिकारियों द्वारा उपभोक्ताओं की सहमति के बिना ही जबरन स्मार्ट मीटर लगाये जाने का मामला सामने आया है। पूक्षेविवि कंपनी के अधिकारियों द्वारा उपभोक्ताओं को परेशान करके मीटर बदलने के लिये मजबूर कर रहे हैं। इस कारण उपभोक्ताओं को कई गुना ज्यादा बिल आ रहा हैं और परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गत दिनों इनकम टैक्स चौराहा चर्च कंपाउंड में पंकज बोरो के निवास पर स्मार्ट मीटर नहीं लगवाने पर घर की बिजली ही काट दी गई।

मजबूर होकर उन्हें स्मार्ट मीटर लगवाना पड़ा। मप्र मानव अधिकार आयोग की क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर जनहित में मामले में संज्ञान लेकर मप्र मानव अधिकार आयोग की मुख्य पीठ भोपाल में प्रकरण पर सुनवाई करते हुए अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने प्रथम दृष्टया मानव अधिकारों के उल्लंघन का मामला मानकर, मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड जबलपुर के एमडी से मामले की जांच कराकर, की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन दो सप्ताह में मांगा है।

**बैग गुमा**

दिनांक 08/06/2026 को लगभग दोपहर 12 से 1 बजे के बीच सतपुला बाजार, जबलपुर के पास मेरा बैग गुम हो गया है जिसमे मेरे महत्वपूर्ण शैक्षणिक दस्तावेज जैसे चरित्र प्रमाण पत्र, ट्रांसफर सर्टिफिकेट, माइग्रेशन सर्टिफिकेट तथा अन्य आवश्यक कागजात रखे हुये थे। उक्त दस्तावेज मेरे शैक्षणिक कार्यों के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।अत: जिस किसी भी सज्जन को वह बैग मिले कृपया निम्न फोन नंबर पर सूचित करें।

**वीरेन्द्र रजक**
**7089457001**

# कैम्प में सीखी लीडरशिप की क्वॉलिटी

**जबलपुर,देशबन्धु।** अमरकंटक में आयोजित पश्चिम मध्य रेल भारत स्काउट एवं गाइड के हाइकिंग एक्टिविटी में स्काउट एंड गाइड्स ने सहभागिता की। इस दौरान जहां ट्रैकिंग और हाइकिंग के पार्टिसिपेंट्स ने ट्रैकिंग और हाइकिंग की, वहीं अदर एक्टिविटी में हिस्सा लिया। हाइक का संचालन राज्य सचिव सौरभ कुमार, सहायक कार्मिक अधिकारी सचिपति नंदन, स्टेट ऑर्गनाइजिंग कमिश्नर रंजन कुमार ने किया।। हाइकिंग में प्रतिभागियों में साहस, अनुशासन, आत्मनिर्भरता एवं टीम भावना को विकसित करने का गुण सिखाया गया।



## नई पीढ़ियों ने सीखा संयुक्त परिवार में रहना

**जबलपुर,देशबन्धु।** भारतीय सिंधु महिला शाखा जबलपुर के तत्वावधान में जय झूलेलाल समिति और वरिष्ठ सिंधी समाज के तत्वावधान में सिंधी फिल्म शल याद रखाऊ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सिंधी परिवारो में संस्कृति का विकास, अपनी बोली, तीज त्योहार को याद रखने और सभ्यता से जुड़ने के लिए यह फिल्म दिखाई गई। फिल्म में दिखाया गया कि किस तरह नई पीढ़ियां भी संयुक्त परिवार में रहकर परिवार की खुशहाली बढ़ा सकती हैं। ऑडिटोरियम में तकरीबन एक हजार लोगों ने फिल्म का आनंद लिया। मुख्य अतिथि विधायक अशोक रोहानी, प्रदीप महाराज थे। आयोजन में भारतीय सिंधी सभा की राष्ट्रीय सलाहकार मनीषा रोहाणी, कृति खत्री, कंचन असरानी, मनीषा नंदवानी, उषा टेकचंदानी, मीना डुडेजा, उमेश परवानी का सहयोग रहा।



# महिला शक्तियों ने संकल्प लेकर किया रक्तदान



**जबलपुर,देशबन्धु।** अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महिला परिषद चंदना संभाग के तत्वावधान में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम विक्टोरिया हॉस्पिटल में हुआ। कार्यक्रम में शामिल वक्ताओं ने कहा कि एक यूनिट का रक्तदान किसी भी जिंदगी बचा सकता है। आयोजन में चंदना संभाग की महिलाओं ने 10 यूनिट रक्त दान किया। शिविर में चंदना संभाग की लार्डगंज शाखा, पारस शाखा, दरहाई, मननमति शाखा रांझी, पारस शाखा शक्ति नगर की महिलाओं ने शामिल होकर ब्लड डोनेट किया।

## स्नान, दान, पितृ तर्पण का महत्व, पीपल पूजा से मिलेगी विष्णु कृपा

**जबलपुर,देशबन्धु।** संस्कारधानी के स्वयंभू सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में सोमवार को सोमवती अमावस्या का पावन पर्व श्रद्धा और विधि-विधान से मनाया जाएगा। मंदिर के संस्थापक पंडित मनोज तिवारी ने बताया कि सोमवती अमावस्या के दिन स्नान, दान, पितृ तर्पण तथा भगवान विष्णु एवं पीपल वृक्ष की पूजा का विशेष महत्व माना जाता है। इस दिन जो श्रद्धालु सच्चे मन से पूजा-पाठ करते हैं, उन पर भगवान विष्णु की कृपा बनी रहती है। पंडित मनोज तिवारी ने बताया कि जब अमावस्या सोमवार के दिन पड़ती है तो उसे सोमवती अमावस्या कहते हैं। यह तिथि पितरों को समर्पित है, इस दिन पवित्र नदी में स्नान कर पितरों के नाम से तर्पण करने से पितृ दोष शांत होता है। जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र, तिल, गुड़ का दान करने से कई गुना फल मिलता है। 'सोमवती अमावस्या पितरों को याद करने का दिन है। जो बीज हम बोते हैं, वही फल हमारी संतान काटती है। इस दिन किया गया पुण्य 7 पीढ़ियों को तारता है।



## दैनिक राशिफल

**मंगलवार 16 जून 2026 का पंचांग विक्रम संवत् 2083, शक संवत 1948 हिजरी 1447, जेष्ठ शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा, नक्षत्र- आद्रा**

मेष - आज आपका दिन मिश्रित फलदायी है। आपको आज नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी। कोई नया काम भी शुरू कर पाएंगे। आज आपके विचार जल्दी-जल्दी बदलेंगे।

वृषभ - हाथ में आया हुआ अवसर कन्फ्यूजन के कारण आज आप गंवा सकते हैं और उसका लाभ नहीं ले पाएंगे। आज बहुत से विचार आपको परेशान करेंगे।

मिथुन - आज आपको लाभ होने की उम्मीद है। दिन आरंभ होते ही आपको स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव होगा। मित्रों और सगे-सम्बंधियों के साथ स्वादिष्ट भोजन कर सकेंगे।

कर्क - परिवार में मनमुटाव के अवसर आएंगे, इसलिए मानसिक बेचैनी रहेगी। मन में दुविधा का अनुभव होगा, इसलिए महत्वपूर्ण निर्णय टालना हितकर है।

सिंह - आज आपको विविध लाभ मिल सकते हैं। आपकी दुविधापूर्ण मानसिकता के कारण किसी लाभ से वंचित रह सकते हैं। आपको मित्रों और बुजुर्गों से लाभ होगा।

कन्या - नए काम का आरंभ करने के लिए अपने जो योजना बनाई है, उस पर अमल करने के लिए यह समय बहुत अनुकूल है। बिजनेस में भी लाभ होने का योग है।

तुला - बुद्धिजीवियों या साहित्य प्रेमियों के साथ मुलाकात से आपके ज्ञान में बढ़ोतरी होगी। अच्छा समय व्यतीत करेंगे। नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

वृश्चिक - आपको पेट दर्द, दमा, खांसी जैसी तकलीफें हो सकती हैं, इसलिए स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शरीर और मन अस्वस्थ रहने से बेचैनी रहेगी। क्रोध पर नियंत्रण रखना पड़ेगा।

धनु - आज खुशी, आनंद और शांति प्राप्त कर सकेंगे। अच्छे वस्त्र, मित्रों के साथ घूमना- फिरना और स्वादिष्ट भोजन आपके दिन को आनंदमय बनाएंगे।

मकर - आपकी तंदुरुस्ती आज अच्छी रहेगी। आप मान- सम्मान तथा आनंद प्राप्त कर सकेंगे। पारिवारिक सदस्यों के साथ मौज-मस्ती में समय बिताएंगे।

कुंभ - आपका दिन मिश्र फलदायक साबित होगा। विचारों के उथल-पुथल के कारण कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लेना अधिक अच्छा है। प्रवास या यात्रा में विघ्न आ सकता है।

मीन - आज आप में ताजगी और स्फूर्ति का आभाव रहेगा। माता की तबीयत खराब हो सकती है। परिजनों के साथ नाराजगी और अन्य कठिनाइयां आपके मन को भयभीत कर देंगी।

0,3,4,8,01,34,40,88,00,46,66,25

# जमाअत इस्लामी हिन्द ने समान नागरिक संहिता के विरोध में सौंपा ज्ञापन



**जबलपुर,देशबन्धु।** जमाअत ने प्रदेश सरकार से मांग की धार्मिक स्वतंत्रता में हस्तक्षेप ना किया जाए और जबरन उन पर कोई भी कानून ना थोपा जाए। जमाअत द्वारा समीति को 11 बिंदुओं पर आधारित आपत्तियां एवं सुझाव भी दिये गए जिसमें समान नागरिक संहिता कानून किस तरह संविधान की दी हुई मौलिक अधिकार (धार्मिक स्वतंत्रता) से टकराता है तथा इस्लामी की व्यक्तिगत शिक्षाओं का किस तरह से टकराती है। जमाअत का मानना है कि ये संविधान द्वारा दी गई धार्मिक आजादी के साथ छेड़छाड़ है वहीं मुसलमानों का पर्सनल लॉ उनके दीन का लाज़मी हिस्सा है जिससे वह कभी भी छोड़ने को तैयार नहीं है।

मुख्य मांगे :- जिस प्रकार मध्यप्रदेश में आदिवासी जनजाति समुदाय को इस कानून से बाहर रखा गया है उसी प्रकार प्रदेश के मुस्लमानों को भी इस कानून से छूट दी जाए। मुस्लिम समुदाय को उसकी आस्था तथा धार्मिक मान्यताओं के आधार पर (पर्सनल लॉ) अमल करने दिया जाय। हमारी धार्मिक स्वतंत्रता (जो संविधान ने दी है) की रक्षा की जाए। हम पर कोई भी कानून हमारी मर्जी के बिना हम पर थोपा ना जाए। पर्सनल लॉ में किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप ना किया जाए। इस ज्ञापन के अवसर पर बड़ी तादाद में जमाअत के सदस्य उपस्थित रहे जिसमें अध्यक्ष गुलाम रसूल, सचिव उबैदुल्ला आमिर, जान मोहम्मद, शकील मंसूरी, वकार अहमद, नवाब, शकील, एहतेशामुल हक, हारून, खुर्शीद अहमद, मुबीन, अकील, जमील, गुलाम साबिर।




## कबीर गौरव अलंकरण इंजीनियर विनोद नयन को मिला

**जबलपुर,देशबन्धु।** कबीर साहित्य परिषद नागौर सतना के तत्वावधान में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देशभर से पधारे प्रतिष्ठित कवियों द्वारा कबीर पर शानदार काव्य पाठ किया गया। जिसका कुशल संचालन इंजीनियर विनोद नयन ने किया। इस अवसर पर 35 वर्षों की सफल साहित्यिक यात्रा के लिए परिषद द्वारा इंजीनियर विनोद नयन को कबीर गौरव अलंकरण, मान पत्र, शाल, श्रीफल के साथ 21000 राशि का चेक परिषद के अध्यक्ष आजाद वतन वर्मा द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर आचार्य भगवत दुबे, बसंत शर्मा, मकबूल अली, डॉक्टर रानू रूही डॉक्टर विनीत पांडेय विनीत,डॉक्टर मंजुश्री, एड.तृप्ति त्रिवेदी, गायत्री नीरज चौबे, के के नायकर,कृष्णा राजपूत, मनोज शुक्ला, अभय तिवारी, डॉ मुकुल तिवारी, आदि ने अपनी ओर से बधाई प्रेषित की।

## रक्तदाताओं का किया जाएगा अभिनंदन

**जबलपुर,देशबन्धु।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी, जबलपुर, अपोलो जेबीपी हॉस्पिटल्स, जबलपुर एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए), जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में 'रक्तदाता सम्मान समारोह 2026' का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर जबलपुर के उन समर्पित एवं प्रेरणादायी रक्तदाताओं को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने नियमित रक्तदान कर अनेक लोगों के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कार्यक्रम का आयोजन 16 जून 2026 (मंगलवार) को सायं 5:00 बजे आईएमए हॉल, राइट टाउन, जबलपुर में किया जाएगा।समारोह के मुख्य अतिथि जबलपुर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, आईएएस होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी, जबलपुर के उपाध्यक्ष डॉ. सौरभ बड़ेरिया करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. नवीन कोठारी (सीएमओ, जबलपुर) एवं डॉ. श्रद्धा शर्मा (अध्यक्ष, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, जबलपुर) उपस्थित रहेंगी।

## स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एवं इनक्लाइन बेंचप्रेस टीम की घोषणा

**जबलपुर,देशबन्धु।** पश्चिम भारत स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एवं इनक्लाइन बेंच प्रेस चौम्पियनशिप में हिस्सा लेने के लिए म.प्र की महिला पुरुष टीम की घोषणा म.प्र स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एसोसिएशन की सचिव श्रीमती सावित्री यादव ने कर दी है। उन्होंने बताया यह खिलाड़ी दल्ली राजहरा, छत्तीसगढ़ में 19 से 21 जून तक आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे । प्रदेश टीम में 12 महिला एंव 33 पुरुष खिलाड़ियों का चयन किया गया है। यह टीम 18 जून को दुर्ग के लिये रवाना होगी ।

## सिन्धियत की पाठशाला का समापन समारोह

**जबलपुर,देशबन्धु।** म.प्र. सिन्धी साहित्य अकादमी संस्कृति विभाग द्वारा सिन्धी भाषा के विकास, संवर्धन एवं प्रोत्साहन के लिए प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी, समर कैंप 6 जून से 16 जून तक लगाया गया, जिसमें सिन्धी भाषा सिखाते हुए, सिन्धी साहित्य संस्कृति की बच्चो को जानकारी दी गई, जिसका समापन समारोह आज 16 जून मंगलवार को शाम 7 बजे, विविध रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम से होगा, जिसमें बच्चे सिन्धी गीत संगीत, नृत्य, कहानी, कविता, प्रस्तुत करेंगे एवं जो कुछ उनमें कार्यशाला के दौरान सीखा है उसे पेश करेंगे। सिन्धियत की पाठशाला कार्यक्रम, सिन्धी साहित्य अकादमी के निदेशक राजेश वाधवानी के निर्देश पर जबलपुर में साहित्यकार बी.डी बजाज द्वारा बच्चों को प्रशिक्षत कर संचालित किया गया जो पूज्य खैरपुर सिंध पंचायत एवं शांति नगर सिन्धी पंचायत के सहयोग से शांति नगर स्थित संत कंवरराम धरमशाला में आयोजित किया जा रहा है कार्यक्रम के प्रशिक्षक, संचालक, संयोजक बी. डी. बजाज, शांति नगर सिन्धी पंचायत के अध्यक्ष गोपीचंद खत्री, सचिव सुनील टेकचन्दानी एवं पूज्य खैरपुर सिंध पंचायत के अध्यक्ष संतोष खत्री, कार्यकर्ता प्रकाश मतानी, रमेश आसवानी, दौलतराम गुलाबवानी, राजकुमार रामानी, फतेहचंद वासवानी, दीपक सावलानी, मनीष उदासी द्वारा सभी सजातीय बंधुओ से उपस्थिति की अपील की है।



## हेल्पिंग एसोसिएशन ने व्हील चेयर कार्यकारी अध्यक्ष राकेश महाजन से भेंट की

**जबलपुर,देशबन्धु।** पीड़ित मानवता की सेवा मे सदैव तत्पर जबलपुर हेल्पिंग एसोसिएशन द्वारा आज मदन महल गुरुद्वारा समीप,चंद्र प्रभु मंदिर मे,समाधि रोड निवासी जरूरत मंद दिव्यांग मुन्ना भैया को एक व्हील चेयर कार्यकारी अध्यक्ष राकेश महाजन की अध्यक्षता मे भेंट की गई, ताकि दिव्यांग अपने रोजमर्या के कार्य स्वयं करने सक्षम हो सके,

इस पुण्य कार्य को सफल बनाने ग्रुप के दीपा पटेल, पूजा कोष्ठा,अनीता वर्दे, गरिमा, प्रभा जैन,सरोज दुआ अरविन्द पटेल,शरद नेमा, राजेंद्र वर्मा, सुरेंद्र वर्दे, संदीप गौर, दीपक जैन,आशीष सैनी,सी के मोदी, किशोर दुआ इत्यादि की उपस्थिति रही।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्रीमती बेबी सिंह-** नर्मदा नगर बिलहरी फेस 1 निवासी श्री अवधेश सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती बेबी सिंह (54) का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नाना गुजाराती-** विनोबा नगर आधारताल निवासी श्री नाना गुजाराती (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शांति लता दत्ता-** हर्ष नगर सुभाष नगर महाराजपुर निवासी श्री हरे कृष्ण दत्त की धर्मपत्नी श्रीमती शांति लता दत्ता (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुनीता-** बरसाना मोहल्ला आमनपुर मदनमहल निवासी श्री राजू डुमार की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता डुमार (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राजेंद्र कुमार नामदेव-** पंसारी मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री राजेंद्र कुमार नामदेव (71) का निधन हो गया फुल स्टॉप अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री प्रणव कुमार सेन-** डी डी कॉलोनी मानेगांव रांझी निवासी श्री प्रणव कुमार सेन (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

## हाइवा की टक्कर से पिता-पुत्र की मौत, महिला घायल

### जबलपुर-नागपुर एनएच के बरगी क्षेत्र में हादसा

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर-नागपुर राष्ट्रीय राजमार्ग में एक तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार एक दंपत्ति तथा उनके पांच वर्षीय बेटे को टक्कर मार दी। इस घटना में पिता और पुत्र की मौत हो गई तथा पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां महिला की हालत गंभीर बनी हुई है।



बरगी सीएसपी अंजुल अयंक मिश्रा ने बताया कि सोमवार 15 जून की दोपहर नेशनल हाईवे की गौर पुलिस चौकी और बरगी थाना क्षेत्र के बीच पड़ने वाले नर्मदा नदी के पुल पर एक तेज रफ्तार डंपर क्रमांक एमपी 34 जेडएफ 6543 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बरेला से चरगवां सगड़ा लौट रहे मोटरसाइकिल सवार छोटेलाल पिता भागचंद उइके उम्र 35 साल, उनकी पत्नी अर्चना व 5 वर्षीय बेटे को सामने से टक्कर मार दी। हाइवा की टक्कर से तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना में पिता तथा मासूम पुत्र की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पत्नी अर्चना गंभीर रूप से घायल होने के कारण उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही गौर व बरगी नगर चौकी पुलिस मौके घटनास्थल में पहुंच गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शवों को पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस ने आरोपी हाइवा चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आरोपी चालक के संबंध में पतासाजी प्रारंभ कर दी है।

## श्रद्धालुओं से भरी कार पुल से गिरी, 9 घायल

### सिहोरा के बरगी ग्राम पुल के पास हादसा

**जबलपुर, देशबन्धु।** रीवा-नागपुर हाईवे पर सिहोरा के बरगी गांव के पुल के पास सोमवार दोपहर 12 बजे एक कार अनियंत्रित होकर पुल से नीचे जा गिरी। श्रद्धालुओं से भरी यह कार मैहर दर्शन कर तेंदूखेड़ा लौट रही थी। कार में सवार 9 लोगों के घायलों होने की सूचना मिली है। घायलों का इलाज सिहोरा अस्पताल में किया जा रहा है।



सिहोरा पुलिस ने बताया कि ग्राम बरगी के पास कार अनियंत्रित होकर पुल के नीचे जा गिरी। हादसे में कार सवार 9 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। बताया जा रहा है कि बरगी के पास वाहन अनियंत्रित हो गया था और सड़क से नीचे उतरकर पुल के नीचे जा गिरा। मौके पर लोगों ने तत्काल बचाव कार्य शुरु किया तथा पुलिस को सूचना दी। हादसे में तेंदूखेड़ा निवासी श्रद्धा ठाकुर, द्रोपती धुर्वे, भूमि गोंड़, रोशनी गोंड़, अंजलि गोंड़, सूर्यांश ठाकुर, सुषमा ठाकुर, पूजा ठाकुर और घनश्याम ठाकुर घायल हुए हैं।

## नसबंदी के बाद तीसरी बार बनी माँ

### मानव अधिकार आयोग ने सीएमएचओ से दो सप्ताह में मांगा जांच प्रतिवेदन

**जबलपुर,देशबन्धु।** नसबंदी के बावजूद भी महिला को गर्भ ठहर गया था। महिला की मेडिकल जांच में गर्भावस्था सात माह से पार हो चुकी थी। जिसके कारण महिला को मजबूरन तीसरे बच्चे को जन्म देना पडा। मानव अधिकार आयोग ने प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया है कि मामले की जांच कर दो सप्ताह में जांच प्रतिवेदन पेष करें।



मानव अधिकार आयोग की क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि दुर्गा कॉलोनी बरगी हिल्स निवासी 26 वर्षीय महिला ने षासकीय विक्टोरिया अस्पताल में नसबंदी करवाई थी। नसबंदी करवाने के बाद उसे पुन गर्भ ठहरने का एहसास हुआ। जिसके बाद उसने तिलवारा स्वास्थ्य केन्द्र तथा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जांच व सोनोग्राफी करवाई तो गर्भावस्था सात माह से अधिक होने की पुष्टि हुई। महिला की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। गर्भावस्था सात माह से अधिक होने के कारण उसे मजबूरन तीसरी संतान को जन्म देना पडा। पीडित महिला ने विगत दिनों जनसुनवाई में उपस्थित होकर बताया था कि वह गरीब श्रमिक है। डॉक्टर की लापरवाही के कारण उसकी नसबंदी फेल हुई है। जिसके कारण उसे तीसरी संतान को जन्म देना पडा। पीड़ित महिला ने दोषियों के खिलाफ कार्यवाही तथा मुआवजा की मांग की गयी थी। महिला की शिकायत पर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं हुई। इस संबंध में प्रकाशित खबरों को संज्ञान में लेते हुए मध्य प्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्य पीठ ने मामले को संज्ञान में लेते हुए प्रकरण की सुनवाई की। अध्यक्ष डॉ अवधेश प्रताप सिंह ने मामले की सुनवाई करते हुए उक्त आदेश जारी किये।

## चाय दुकान संचालक पर चाकू से किया हमला

**जबलपुर, देशबन्धु।** गोहलपुर थानांतर्गत मुन्ना होटल के समीप चाय दुकान का संचालन करने वाले साहिल पर दो बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि गाजीमियां क्षेत्र निवासी 18 वर्षीय साहिल अंसारी बीती रात करीब साढ़े 12 बजे अपनी दुकान के बाहर खड़ा था। उसी समय चांदनी चौक निवासी हारून व शाहिद पहुंचे और उससे सिगरेट पिलाने के लिए बोलने लगे, साथ ही पार्टी करने के लिए अलग से 500 रुपए मांगने लगे। साहिल ने पैसे देने से मना किया तो दोनों आरोपियों ने मारपीट शुरु कर दी। इसी दौरान आरोपी हारून ने चाकू से हमलाकर उसके बाएं पैर की जांघ में चोट पहुंचा दी और जान से मारने की धमकी देते हुए दोनों आरोपी भाग निकले।

## वृद्धाश्रम में पलंग से गिरकर वृद्ध की मौत

**जबलपुर, देशबन्धु।** तिलवारा थानांतर्गत शास्त्री नगर स्थित ओल्ड रोज होम वृद्धाश्रम में मिर्गी के झटके आने पर पलंग से गिरे 63 वर्षीय पंकज कोरी की मौत हो गई। पुलिस को केयरटेकर दिनेश कुशवाहा ने बताया कि पंकज कोरी झटके आने पर पलंग से गिर गए थे, जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उपचार दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।



## कार ने बाइक सवार चाचा-भतीजे को मारी टक्कर

### कुंडम के पड़रिया क्षेत्र की घटना

**जबलपुर, देशबन्धु।** कुंडम थानांतर्गत ग्राम पड़रिया में सोमवार सुबह एक तेज रफ्तार कार चालक ने ओवरटेक करते हुए आगे जा रही मोटरसाइकिल सवार चाचा-भतीजे को टक्कर मार दी, जिससे दोनों को गंभीर चोटें आ गईं। दोनों घायलों को उपचार के लिए जबलपुर भिजवाया गया है।

पुलिस ने बताया कि गोहलपुर गाजीनगर निवासी इस्लामुद्दीन अंसारी अपने भतीजे मो. फरहान के साथ रिश्तेदारी में बैरागी गया था, जहां से वापस आते समय सुबह करीब सवा 11 बजे जब दोनों पड़रिया के पास पहुंचे, उसी समय कुंडम तरफ से आ रही कार क्रमांक एमपी 20 सीए-6982 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए ओवरटेक करते हुए उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी, जिससे इस्लामुद्दीन और फरहान मोटरसाइकिल सहित गिर गए और उन्हें चोटें आ गईं। उनके पीछे उनके मोहल्ले का अनुज गोंटिया अपने साथी शिराज के साथ लौट रहा था, जिसने दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

### चार शातिर चोर गढ़ा पुलिस की हिरासत में, मुख्य आरोपी की तलाश जारी

## इंदौर से चुराए गए वाहन जबलपुर में पकड़ाए

**जबलपुर, देशबन्धु।** गढ़ा थाना पुलिस ने अंतर्जिला वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चार शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से 3 लाख 50 हजार रुपए मूल्य के तीन दोपहिया वाहन बरामद किए हैं। पकड़े गए आरोपियों में अभिषेक, सुरेंद्र, राहुल और शुभम शामिल हैं।

पुलिस टीम ने यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पल्लवी शुक्ला और नगर पुलिस अधीक्षक आशीष जैन के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी प्रसन्न शर्मा के नेतृत्व में मेडिकल कॉलेज परिसर और बड्डा बाबा मैदान में घेराबंदी कर की। इस गिरोह का मुख्य सरगना आयुष है, जो मूल रूप से धनवंतरी नगर का निवासी है और वर्तमान में इंदौर में डिलीवरी बॉय का काम करता है। फरार मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि मेडिकल कॉलेज परिसर में दो संदिग्ध युवक बिना नंबर की स्कूटी में घूम रहे हैं और उसे कम कीमत में बेचने की कोशिश में हैं।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत योजना बनाकर मौके पर छापा मारा।



पुलिस ने घेराबंदी करके वहां खड़े अभिषेक और सुरेंद्र को हिरासत में ले लिया। सख्ती से पूछताछ करने पर दोनों ने स्वीकार किया कि उन्होंने यह स्कूटी इंदौर के तिलकनगर इलाके से चुराई थी। पकड़े गए आरोपियों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने गढ़ा के बड्डा बाबा मैदान में दबिश दी। वहां दो अन्य युवक राहुल और शुभम किसी ग्राहक के इंतजार में खड़े थे। पुलिस ने उन्हें भी दबोच लिया और इनके कब्जे से इंदौर के तुकोगंज थाना क्षेत्र से चोरी की गई दो गाड़ियां बरामद कीं। इस प्रकार कार्रवाई में कुल तीन दोपहिया वाहन जब्त किए गए। पूछताछ में खुलासा हुआ कि इंदौर में डिलीवरी बॉय का काम करने वाला आयुष गाड़ियां चुराकर इन्हें देता था। आयुष पर पहले से ही इंदौर के कई थानों में चोरी के कई मामले दर्ज हैं। पुलिस अब पकड़े गए चारों आरोपियों के पुराने आपराधिक रिकॉर्ड खंगाल रही है। इसके साथ ही अन्य जिलों में हुई वाहन चोरी की वारदातों में भी इनकी भूमिका की जांच की जा रही है। पुलिस टीम अब बरामद किए गए वाहनों के असली मालिकों का पता लगाने का प्रयास कर रही है, ताकि उन्हें गाड़ियां सौंपी जा सकें। फरार मुख्य सरगना आयुष की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

# दागी अफसर खुद अपनी जांच की निगरानी कैसे कर सकता है?

## हाईकोर्ट ने निरस्त किया चीफ इंजीनियर का प्रभार

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में नियमों को ताक पर रखकर दागी अधिकारियों को बड़ा प्रभार सौंपने की प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर कड़ा रुख अपनाया है। न्यायालय ने भोपाल ब्रिज जोन के चीफ इंजीनियर के पद से जुड़े एक विवादित प्रशासनिक आदेश को पूरी तरह निरस्त कर दिया है। जस्टिस विवेक कुमार सिंह की एकलपीठ ने कहा कि पीडब्ल्यूडी के जिस दफ्तर को दागी अधिकारी के खिलाफ चार्जशीट तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, उसी दफ्तर की कमान उसे सौंप दी गई। यह प्रशासनिक शक्तियों का दुरुपयोग है। पीडब्ल्यूडी के प्रमुख सचिव को निर्देश दिया गया है कि वे भोपाल ब्रिज जोन के मुख्य अभियंता का अतिरिक्त प्रभार किसी ऐसे योग्य अधिकारी को सौंपें, जिसका सेवा रिकॉर्ड पूरी तरह निष्कलंक हो और जो पदोन्नति की पात्रता श्रेणी में आता हो। राज्य के मुख्य सचिव और पीडब्ल्यूडी के प्रमुख सचिव को आवश्यक अनुपालन और भविष्य में ऐसी गड़बड़ियों को रोकने के लिए भेजने के निर्देश दिए हैं।

**यह है मामला**-मामला पीडब्ल्यूडी के प्रभारी मुख्य अभियंता पीसी वर्मा से जुड़ा है। उन्हें जुलाई 2025 में मुख्य अभियंता, पीडब्ल्यूडी ब्रिज जोन भोपाल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था। इसके बाद 29 अप्रैल 2026 को विभाग ने उन्हें निविदा मूल्यांकन में कथित अनियमितताओं को लेकर एक कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। हैरान करने वाली बात यह रही कि इस नोटिस के जारी होने के महज तीन घंटे के भीतर ही विभाग ने एक नया आदेश जारी कर पीसी वर्मा से अतिरिक्त प्रभार वापस ले लिया। यही नहीं, यह प्रभार भोपाल जोन के मुख्य अभियंता का कार्यभार संभाल रहे एक अन्य अधिकारी को सौंप दिया गया, जिनके खिलाफ पहले से ही गंभीर वित्तीय अनियमितताओं और पुल ढहने के मामलों में जांच लंबित है। विभाग के इसी आदेश को पीसी वर्मा ने हाईकोर्ट में संजय कुमार मस्के के प्रभार को चुनौती दी। न्यायालय ने मामले की सुनवाई दौरान राज्य सरकार की इस कार्रवाई को पूर्वाग्रह से ग्रसित और दुर्भावनापूर्ण माना। न्यायालय ने इस बात पर गहरी नाराजगी जताई कि जिस अधिकारी को नया प्रभार सौंपा गया, उसके खिलाफ सिवनी में बैनगंगा नदी पर बने सबमर्सिबल पुल के ढहने और ग्वालियर में 1000 बिस्तर के अस्पताल प्रोजेक्ट में करीब 2.41 करोड़ रुपए से अधिक के वित्तीय गबन के गंभीर आरोप हैं। न्यायालय ने पीडब्ल्यूडी के भर्ती व सेवा नियम 1983 का हवाला देते हुए इस बात पर भी चिंता जताई कि जोन ऑफ कंसीडरेशन से बाहर के जूनियर अधिकारियों को पिछले दरवाजे से उच्च पदों के प्रभार बांटे जा रहे हैं, जिससे विभाग का पूरा प्रशासनिक ढांचा और वरिष्ठता क्रम प्रभावित हो रहा है।




## एमपी स्टेट बार चुनाव, मतगणना आज से

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के सवा लाख से अधिक वकीलों का पंजीयन करने वाली सर्वोच्च संस्था एमपी स्टेट बार काउंसिल के चुनाव अंतर्गत मतगणना आज मंगलवार 16 जून से प्रारंभ होगी, हालांकि यह प्रक्रिया लंबी होती है, जिसमें एक माह से अधिक समय तक सतत चलने की संभावना है। इसके बाद ही परिणाम सामने आएंगे। निर्वाचन अधिकारी हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति एसके पालो व वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ ने बताया कि मतगणना को पूरी तरह पारदर्शी व सुरक्षित बनाने के लिए हाईटेक व्यवस्था की गई है। सीसीटीवी कैमरे हर मतपत्र पर नजर रखेंगे। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश स्टेट बार काउंसिल चुनाव के लिए मंगलवार 12 मई को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान कराया गया था। प्रदेशभर में करीब 87 हजार अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया था। जबलपुर में 9819 अधिवक्ता मतदान के लिए पंजीकृत थे, जिनके लिए मध्य प्रदेश हाईकोर्ट और जिला अदालत परिसर में मतदान केंद्र बनाए गए थे।

## पुलिसिया कार्यप्रणाली कटघरे में

### एफआईआर की जगह प्रारंभिक जांच, मामला हाईकोर्ट पहुंचा

**संज्ञेय अपराध की शिकायत पर मामला दर्ज न करने का आरोप, राज्य शासन सहित अन्य को नोटिस**

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने गोरखपुर थाना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने वाली एक महत्वपूर्ण याचिका पर राज्य शासन सहित अन्य अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि संज्ञेय अपराध की शिकायत मिलने के बावजूद एफआईआर दर्ज नहीं की गई और उसके स्थान पर प्रारंभिक जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी गई।

याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी अधिवक्ता वंदना श्रोती की ओर से अधिवक्ता योगेश सोनी ने पक्ष रखते हुए न्यायालय को बताया कि 19 फरवरी 2026 को गोरखपुर थाने में प्रस्तुत शिकायत में संज्ञेय अपराध के स्पष्ट तथ्य होने के बावजूद थाना प्रभारी नितिन कमल ने एफआईआर दर्ज नहीं की। याचिका के अनुसार बीएनएसएस की धारा 173(3) का सहारा लेकर प्रारंभिक जांच और अन्य कार्यवाही तो शुरू कर दी गई, लेकिन विधिसम्मत अपराध पंजीबद्ध नहीं किया गया। याचिका में यह भी कहा गया है कि शिकायत को जनरल डायरी में दर्ज कर उसका क्रमांक तक शिकायतकर्ता को उपलब्ध नहीं कराया गया, जबकि हाईकोर्ट पूर्व में अपने एक फैसले में स्पष्ट कर चुका है कि प्रत्येक शिकायत की जनरल डायरी में प्रविष्टि कर उसका नंबर शिकायतकर्ता को देना अनिवार्य है। साथ ही लंबित शिकायतों की निगरानी की जिम्मेदारी पुलिस अधीक्षक की मानी गई है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के चर्चित ललिता कुमारी बनाम उत्तर प्रदेश शासन प्रकरण का भी उल्लेख किया गया, जिसमें शीर्ष अदालत ने कहा था कि संज्ञेय अपराध की सूचना मिलने पर एफआईआर दर्ज करना पुलिस का बाध्यकारी कर्तव्य है और ऐसा नहीं करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जानी चाहिए। याचिका में आरोप लगाया गया है कि संबंधित थाना प्रभारी बार-बार एफआईआर दर्ज करने से बचते रहे हैं तथा वैधानिक प्रविधानों का दुरुपयोग कर रहे हैं। याचिकाकर्ता ने उनके विरुद्ध विभागीय जांच प्रारंभ करने, शिकायत से जुड़े समस्त अभिलेख न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कराने तथा आवश्यक निर्देश जारी करने की मांग की है।

## भूमि मुआवजा प्रकरण में हाईकोर्ट सख्त

### तीन माह में निर्णय लेने के निर्देश

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाईकोर्ट ने भूमि अधिग्रहण मुआवजा से जुड़े मामले में सक्षम प्राधिकारी को समयबद्ध निर्णय सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं।

याचिकाकर्ता रायसेन निवासी मोहम्मद असलम की ओर से ग्राम नीमखेड़ा पटवारी हल्का क्रमांक 39, तहसील एवं जिला रायसेन स्थित खसरा नंबरों की अधिग्रहित भूमि के एवज में भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 की अनुसूची के अनुसार 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित मुआवजा दिलाए जाने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता का कहना था कि पूर्व में दायर रिट याचिका दायर की गई थी, जिसका निराकरण 5 फरवरी 2025 को करते हुए सक्षम प्राधिकारी को विधि अनुसार निर्णय लेने का निर्देश दिया गया था, किंतु आदेश के बावजूद अब तक अनुपालन लंबित है, जिसके बाद न्यायालय ने मामले का निराकरण करते हुए स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ता सक्षम प्राधिकारी के समक्ष इस आदेश की प्रति प्रस्तुत करें। प्राधिकारी पूर्व आदेश को ध्यान में रखते हुए मामले का विधि अनुसार शीघ्र निराकरण करें तथा समस्त कार्यवाही अधिकतम तीन माह के भीतर पूर्ण की जाए। न्यायालय ने यह भी अपेक्षा जताई कि सक्षम प्राधिकारी प्रकरण की स्थिति से याचिकाकर्ता को समयबद्ध रूप से अवगत कराएं।

## बार के लिए मेरा दरवाजा हमेशा खुला रहेगा: एसीजे विवेक रूसिया

### मेरे कार्यकाल में एक भी हड़ताल नहीं हुई, यही सबसे बड़ी उपलब्धिः जस्टिस सचदेवा

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के रजत जयंती आदर्श सभागार में पूर्व मुख्य न्यायाधीश एवं सुप्रीम कोर्ट के नवनियुक्त जस्टिस संजीव सचदेवा को विदाई दी गई, वहीं नवागत एक्टिंग चीफ जस्टिस विवेक रूसिया का आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान एसीजे रूसिया ने कहा कि मेरा कक्ष बार के पदाधिकारियों और वकीलों के लिए सदैव खुला रहेगा। वहीं विदा हो रहे जस्टिस संजीव सचदेवा ने कहा कि उनके कार्यकाल की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि बार और बेंच के बीच ऐसा सौहार्द्रपूर्ण समन्वय बना रहा कि एक भी हड़ताल नहीं हुई। उन्होंने इसे अपने कार्यकाल की सबसे संतोषजनक उपलब्धियों में शामिल बताया।

मुख्यपीठ से स्थानांतरित होकर अन्य खंडपीठ में जा रहे जस्टिस विनय सराफ को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। वरिष्ठ जस्टिस आनंद पाठक के मुख्यपीठ जबलपुर के प्रशासनिक न्यायाधीश बनाए जाने पर उनका स्वागत हुआ। वहीं अन्य खंडपीठों से स्थानांतरित होकर आए जस्टिस प्रणय वर्मा एवं जस्टिस संजीव कालगांवकर का भी अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का संचालन हाईकोर्ट बार सचिव परितोष त्रिवेदी ने किया। बार अध्यक्ष अधिवक्ता अमित जैन, जिला बार अध्यक्ष मनीष मिश्रा, सीनियर एडवोकेट्स काउंसिल के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता उमाकांत शर्मा, हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता संजय अग्रवाल, अतिरिक्त महाधिवक्ता हरप्रीत सिंह रूपराह तथा डिप्टी सॉलिसिटर जनरल सुयश मोहन गुरु सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे। समारोह के दौरान बार सचिव परितोष त्रिवेदी ने जस्टिस संजीव सचदेवा से आग्रह किया कि जबलपुर मूल के वे योग्य अधिवक्ता, जो दिल्ली में वकालत कर रहे हैं, उन्हें दिल्ली हाईकोर्ट में न्यायाधीश बनाए जाने की दिशा में सकारात्मक पहल हो।

# नारगवां में वर्षों पुराने पेड़ों पर चली कुल्हाड़ी से भड़के ग्रामीण

**नारगवां/पनागर, देशबन्धु।** तहसील पनागर अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहारी के ग्राम नारगवां में भूमि विवाद के बीच वर्षों पुराने हरे-भरे वृक्षों और एक परिवार के आशियाने को जेसीबी से क्षतिग्रस्त किए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। आम, जामुन, नीम और सागौन जैसे दर्जनों वृक्षों के उखाड़े जाने के आरोपों से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। पीड़ित परिवार ने पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम नारगवां निवासी अनामिका चौधरी ने बताया कि उनके दिवंगत पिता स्व. घनश्याम चौधरी, जो गांव के पूर्व सरपंच भी थे, ने लगभग चार से पांच दशक पूर्व खसरा क्रमांक 531, रकबा 3 एकड़ 50 डिसमिल भूमि पर बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया था। वर्षों की मेहनत से तैयार यह हरित क्षेत्र गांव की पहचान बन चुका था। अनामिका का आरोप है कि वर्ष 2018 में माता-पिता के निधन के बाद भूमि विवाद गहरा गया। इसी बीच रामलाल लोधी द्वारा भूमि पर दावा प्रस्तुत किया गया और हाल ही में कब्जा दिलाने की कार्रवाई के बाद 12 जून की शाम जेसीबी मशीन से परिसर में प्रवेश कर गेट, खंभों सहित अन्य संरचनाओं को नुकसान पहुंचाया गया। आरोप है कि इस दौरान बड़ी संख्या में वृक्षों को जड़ से उखाड़ दिया गया तथा कुछ स्थानों पर झाड़ियों और पौधों में आग भी लगाई गई।

**किसने दी पेड़ उखाड़ने की अनुमति?**-घटना के बाद सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि यदि राजस्व विभाग



## जांच और कार्रवाई की मांग

द्वारा केवल कब्जा दिलाने की कार्रवाई की गई थी तो फिर वर्षों पुराने वृक्षों को नष्ट करने की अनुमति किसने दी? ग्रामीणों का कहना है कि वैधानिक कब्जा दिलाने और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने में बड़ा अंतर है, जिसकी जांच होना आवश्यक है।

**पर्यावरणीय क्षति को लेकर भी चिंता**-ग्रामीणों के अनुसार बड़ी संख्या में फलदार एवं छायादार वृक्षों के नष्ट होने से पर्यावरण को भी गंभीर क्षति पहुंची है। लोगों ने मांग की है कि स्वतंत्र जांच कर यह स्पष्ट किया जाए कि वृक्षों की कटाई या उखाड़ने के लिए किसी सक्षम प्राधिकारी से अनुमति ली गई थी या नहीं।

**राजस्व विभाग ने झाड़ा पल्ला**-हल्का पटवारी अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि राजस्व विभाग ने केवल कब्जा मुक्ति एवं कब्जा दिलाने की कार्रवाई की थी। विभाग द्वारा किसी भी वृक्ष को उखाड़ने अथवा नष्ट करने की अनुमति नहीं दी गई थी।

ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल भूमि विवाद नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और एक गरीब परिवार के अधिकारों का मामला भी है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो वे तहसील कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन करेंगे। फिलहाल पूरे मामले में प्रशासनिक जांच और कार्रवाई को लेकर ग्रामीणों की निगाहें टिकी हुई हैं। सभी को उम्मीद है कि जांच के बाद सच्चाई सामने आएगी और जिम्मेदारों पर उचित कार्रवाई होगी।

### इनका कहना है

मामले की जांच कराई जाएगी। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**अभिषेक सिंह,** एसडीएम, पनागर

वन विभाग ने तहसीलदार को पत्र भेजने की कही बात संबंधित भूमि राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है, इसलिए वन विभाग सीधे कार्रवाई नहीं कर सकता। हालांकि पूरे मामले की जानकारी संकलित कर तहसीलदार को पत्र भेजा जाएगा।

**सौरभ शर्मा, रेंजर,**
वन मंडल परिक्षेत्र पनागर

# पोल खोल-हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन, मुख्यमंत्री का पुतला फूंका

**पाटन, देशबन्धु।** प्रदेश में बढ़ती महंगाई, बिजली संकट, अवैध शराब बिक्री, अवैध रेत उत्खनन, भ्रष्टाचार एवं बिगड़ती कानून व्यवस्था सहित विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस ने पाटन तहसील के ग्राम पड़रिया ब्यौहारी एवं बरोदा हड़ा में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक संजय यादव की उपस्थिति में आयोजित 'पोल खोल-हल्ला बोल' कार्यक्रम के तहत कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आमसभा आयोजित कर प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा मुख्यमंत्री मोहन यादव का पुतला दहन किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष संजय यादव ने आरोप लगाया कि पाटन-मझौली विधानसभा क्षेत्र में सत्ताधारियों के संरक्षण में बड़े पैमाने पर अवैध रेत उत्खनन एवं अवैध रेत का भंडारण सरकारी भूमि और सड़क किनारे किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन केवल छोटी-मोटी कार्रवाई कर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लेता है, जबकि अवैध कारोबार लगातार जारी है।

वहीं ठाकुर विक्रम सिंह ने कहा कि किसानों को धान की फसल की तैयारी के लिए ट्रैक्टरों में पर्याप्त मात्रा में डीजल नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने बताया कि ट्रक चालकों को भी केवल 30 से 40 लीटर डीजल उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

पाटन कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष संजय यादव ने कहा कि डीजल की किल्लत के कारण परिवहन व्यवस्था चरमरा गई है, जिसका सीधा असर आम जनता पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सब्जियों एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे रसोई का बजट बिगड़ रहा है और सरकार के विकास के दावे खोखले साबित हो रहे हैं।

## सार-समाचार



### सांसद आशीष दुबे के नगर आगमन पर किया भव्य स्वागत

**बरेला, देशबन्धु।** सांसद आशीष दुबे के नगर आगमन पर पार्षद दिनेश सिंह पटेल के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इसके पश्चात सांसद श्री दुबे ने भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान पूर्व पार्षद भगवान दास पांडे, पूर्व पार्षद मुन्नालाल नामदेव, पार्षद राजकुमार गोंटिया, बबला जैन, पूर्व पार्षद मुकेश साहू, गोलू पटेल, बेड़ीलाल साहू, रूबी चौकसे, आशीष जैन, नरेंद्र दुबे, राजू विश्वकर्मा, जयरतन उपाध्याय, गणेश कुशवाहा, मुकेश पटेल, दुर्गेश पटेल, संजय दीक्षित, मोनू यादव, राजेंद्र भूमिया, आशीष पटेल, गुड्डू कुशवाहा, मुकेश पटेल आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ग्राम चौपाल के माध्यम से जनसंवाद एवं विकास कार्यों की सौगात



**गोसलपुर, देशबन्धु।** सिहोरा विधानसभा के विधायक संतोष बरकड़े ने गोसलपुर मंडल अंतर्गत ग्राम पंचायत हृदयनगर, धरमपुरा, बंधा, कटरा, खमरिया, रमखिरिया, आलगोड़ा, जुझारी एवं कछपुरा में आयोजित ग्राम चौपालों के माध्यम से ग्रामीणजनों से आत्मीय भेंट एवं संवाद किया। इस दौरान विधायक ने वरिष्ठजनों का सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तथा क्षेत्रवासियों की समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना। ग्राम जुझारी में भाजपा बूथ अध्यक्ष व सभी कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक चर्चा की। कछपुरा पंचायत के भाजपा कार्यकर्ता के यहां रात्रि भोजन विश्राम किया। इस मौके पर विधायक ने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास एवं जनसुविधाओं को सुदृढ़ करने हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि जनसेवा विकास और जनता के विश्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने के लिए हम निरंतर संकल्पित हैं। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण, बूथ अध्यक्ष, समस्त कार्यकर्ता, पंचायतों के सचिव, सरपंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

### अनेकांत और समवेत स्वर की काव्य गोष्ठी आयोजित



**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री जानकीरमण महाविद्यालय में दोनों संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में वृहत काव्य गोष्ठी संपन्न हुई। इस अवसर पर डॉ. कौशल दुबे, डॉ. शिवकुमार व्यास, अभिमन्यु जैन को साहित्य अकादमी पुरस्कार घोषित होने पर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, शरद पालन, बबलू दुबे, राजेंद्र मिश्रा,डॉ. अरुणा पांडे, डॉ. संध्या जैन श्रुति, राज सागरी, सुरेश विचित्र, डॉ. कमलेश व्यास, महेश मानव, रवीन्द्र राघव, डॉ. उदयभानु तिवारी, डॉ. रामशंकर शुक्ला, संतोष दुबे, चंद्रकांत जैन, आशुतोष तिवारी कृष्णकांत अग्रवाल, जीडी अग्रवाल, वीएस ठाकुर, दविन्दर ग्रोवर, अजय शुक्ला आदि ने स्वरचित रचनाओं का पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन समवेत स्वर के संस्थापक आशुतोष तिवारी ने किया कृष्ण कान्त अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया।

# शारदा मंदिर दुर्घटना क्षेत्र का प्रशासनिक टीम ने किया निरीक्षण

## अतिक्रमणकारियों को दी गई सख्त हिदायत

**बरेला, देशबन्धु।** विगत 13 जून को बरेला स्थित शारदा मंदिर के पास हुई सड़क दुर्घटना को गंभीरता से लेते हुए सोमवार को अतिरिक्त तहसीलदार शशांक दुबे राजस्व विभाग, बरेला के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने दुर्घटनास्थल का विस्तृत मौका निरीक्षण किया गया। इस संयुक्त निरीक्षण टीम में राजस्व विभाग, पुलिस प्रशासन, ग्राम पंचायत तथा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारी व कर्मचारी मुख्य रूप से शामिल रहे। निरीक्षण टीम ने अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण हटाने की समझाइश और चेतावनी दी। संयुक्त टीम द्वारा शारदा मंदिर के आसपास के पूरे क्षेत्र का बारीकी से मुआयना किया गया। सड़क सुरक्षा में बाधा बन रहे सभी अतिक्रमणकारियों को टीम द्वारा मौके पर ही सख्त समझाइश दी गई।



सभी संबंधित दुकानदारों और अतिक्रमणकारियों को स्पष्ट रूप से कहा गया है कि वे सड़क किनारे से अपना-अपना अतिक्रमण स्वयं ही हटा लें। ऐसा न करने की स्थिति में प्रशासन द्वारा वैधानिक कानूनी कार्रवाई करते हुए बलपूर्वक अतिक्रमण हटाया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी स्वयं अतिक्रमणकारी की होगी। क्षेत्र में आगामी दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से टीम द्वारा बरेला स्थित दुर्घटना संभावित क्षेत्र (ब्लाइंड स्पॉट) और 'मंगलायतन यूनिवर्सिटी' के आसपास के मार्ग का भी गहन निरीक्षण किया गया। यातायात को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए आवश्यक तकनीकी सुधारों पर चर्चा की गई।

**वरिष्ठ कार्यालय को भेजी गई रिपोर्ट**-निरीक्षण की कार्रवाई पूरी होने के उपरांत, अतिरिक्त तहसीलदार द्वारा इस पूरे मामले की विस्तृत रिपोर्ट और वस्तुस्थिति की जानकारी आगामी दिशा-निर्देशों हेतु वरिष्ठ कार्यालय (उच्च अधिकारियों) को शीघ्र प्रेषित की जाएगी।

प्रशासन ने आम जनता और स्थानीय व्यापारियों से अपील की है कि वे सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता दें और किसी भी प्रकार के अवैध अतिक्रमण से दूर रहें, ताकि भविष्य में ऐसी दुखद दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उक्त कार्रवाई में टीआई संगीता सिंह, एनएचएआई से इंजीनियर सत्यम चौरसिया, सरपंच आशीष शुक्ला एवं विभागों समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# तीन दिवसीय जनसमस्या निवारण और समाधान शिविर का शुभारंभ

**शहपुरा/भिटोनी, देशबन्धु।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं शासकीय योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित तीन दिवसीय जनसमस्या निवारण एवं समाधान शिविर का शुभारंभ उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के नागरिक उपस्थित रहे। प्रथम दिवस अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) श्री रघुवंशी ने जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की प्राथमिकता आम नागरिकों को सरल, सुलभ एवं पारदर्शी प्रशासन उपलब्ध कराना है।

उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों का उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच की दूरी को कम करना तथा लोगों की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे अपनी समस्याओं एवं सुझावों को खुलकर प्रशासन के समक्ष रखें, ताकि उनका प्रभावी समाधान किया जा सके। श्री रघुवंशी ने शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र हितग्राहियों से इनका लाभ लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि राजस्व, पेंशन, आवास, पेयजल, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य एवं अन्य विभागों से संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारी मौके पर उपस्थित हैं। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए, जहां नागरिकों को योजनाओं की जानकारी के साथ आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। बड़ी संख्या में प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों को कार्रवाई हेतु सौंपा गया। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से लोगों को अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आगामी दो दिनों में भी जनसमस्याओं के निराकरण एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

# डेढ़ सौ वर्ष पुराने शिव मंदिर का हुआ जीर्णोद्धार

**पनागर, देशबन्धु।** नगर में स्थित मौलाना वार्ड पठानी मोहल्ला में लगभग 150 वर्ष पुराने शिव मंदिर नगर के प्राचीन सैकड़ों वर्ष पुराने शिव-पार्वती एवं हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के पावन अवसर पर आयोजित भव्य कलश यात्रा में श्रद्धापूर्वक सहभागिता कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। मंदिर के जीर्णोद्धार का सम्पूर्ण जिम्मा पनागर विधायक सुशील तिवारी ने एक वर्ष पूर्व प्रारंभ किया गया था, जिसकी शोभायात्रा बस स्टैंड दुर्गा मंदिर से



प्रारंभ होती हुई सम्पूर्ण नगर भ्रमण करती हुई मौलाना वार्ड स्थित मंदिर पहुंची। कलश यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं की आस्था, भक्तिमय वातावरण एवं जयकारों से पूरा नगर शिवमय हो उठा। प्रथम दिवस शोभायात्रा, द्वितीय दिवस अधिवास और 17 जून को प्राण प्रतिष्ठा एवं विशाल आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में माया तिवारी, रीना आनंद जैन, हर्ष तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप पटेल, आनंद जैन मिंचू, सचिन पांडेय, मनोज यादव, संतोष साहू सहित नगर के सभी समाजों से धर्मप्रेमी जन उपस्थित थे।

# सर्वोदय ब्राह्मण समाज सिहोरा का वार्षिक सम्मेलन आयोजित

## स्थानीय हरिओम कैफे में गरिमामयी आयोजन

**सिहोरा, देशबन्धु।** सर्वोदय ब्राह्मण समाज सिहोरा के तत्वावधान में स्थानीय कैफे में स्थानीय संतों की गरिमामयी उपस्थिति में समाज का वार्षिक सम्मेलन सह पत्रिका विमोचन का कार्यक्रम भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस वार्षिकोत्सव के मुख्य अतिथि सैलवारा धाम से पधारे कैलाशानंद महाराज थे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर नागेंद्र कुररिया, विष्णु दत्त गौतम, मिथलेश शुक्ला, सुबोध पाण्डेय, अंजनी गौतम एवं अध्यक्ष राजेश कुररिया उपस्थित रहे।

**जयप्रकाश तिवारी निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित**-सम्मेलन के दौरान सर्वोदय ब्राह्मण समाज सिहोरा के अध्यक्ष पद पर जयप्रकाश तिवारी को निर्विरोध नियुक्त किया गया। इस पूरी निर्वाचन प्रक्रिया को संपन्न कराने में सुरेंद्र कुमार गौतम ने चुनाव निर्वाचन अधिकारी तथा सुरेंद्र कुमार शुक्ला ने सहायक चुनाव निर्वाचन अधिकारी के रूप में अपनी महत्वपूर्ण




भूमिका निभाई।

**प्रथम संस्करण पत्रिका 'स्मारिका 2026' का विमोचन**-सर्वोदय ब्राह्मण समाज सिहोरा के प्रथम 3 वर्ष की उपलब्धियों को सजोने हेतु 'स्मारिका 2026' तैयार की गई। इस प्रथम संस्करण पत्रिका का विमोचन कैलाशानंद महाराज ने अपने करकमलों से किया। पत्रिका के महत्व पर प्रकाश डालते हुए महाराजश्री ने कहा कि समाज की इस पत्रिका में विभिन्न जनप्रतिनिधियों के समाज के उत्कृष्ट कार्यों के विषय में संदेश के साथ-साथ, सैलवारा धाम के परमहंस प्रकाशवन अवधूत महाराज का जीवन परिचय, समाज गौरव, प्रेरक आलेख, कविताएं, समाज की स्मृति, फोटो और समाज के विवाह योग्य नव युवक-युवतियों के नाम आदि संकलित किए गए हैं। यह पत्रिका समाज के लिए अत्यंत पठनीय और प्रेरणास्वरूप सिद्ध होगी।

**आजीवन सदस्यता सह प्रशस्तिपत्र वितरण**-कार्यक्रम में समाज के स्थायी सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में महाराजश्री द्वारा समाज के प्रबुद्ध जनों को आजीवन सदस्यता सह प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए, जिनमें मुख्य रूप से विश्वनाथ तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी, रवि मिश्रा, अमित कुररिया, अनूप पाठक, सुरेंद्र कुमार शुक्ला, विश्वजीत मिश्रा, रत्नेश मिश्रा, योगेंद्र मिश्रा, सतीश तिवारी, विजय दुबे और धीरेंद्र पांडे शामिल हैं।

# गांधीग्राम में बूंद-बूंद पानी को तरस रहे लोग, आधी रात को सड़कों पर बज रहे बर्तनों के सुर

**गोसलपुर, देशबन्धु।** विकास की रफ्तार जब बिना किसी ठोस योजना और तालमेल के आगे बढ़ती है तो उसका खामियाजा आम जनता को ही भुगतना पड़ता है। कुछ ऐसा ही नजारा इन दिनों गांधीग्राम बस स्टैंड क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 15 में देखने को मिल रहा है। यहां पीने के पानी की भारी किल्लत ने स्थानीय निवासियों का जीना मुहाल कर दिया है। पिछले कई महीनों से यहां के लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं और बूंद-बूंद के लिए संघर्ष करने को मजबूर हैं।

**जेसीबी के एक पंजे ने उजाड़ी 'नर्मदा' की धारा**-इस भीषण जल संकट की शुरुआत पुरानी एनएच-7 सड़क के चौड़ीकरण और निर्माण कार्य के दौरान हुई। कुछ महीने पहले सड़क निर्माण एजेंसी की घोर लापरवाही सामने आई, जब एक जेसीबी मशीन ने यहां की मुख्य नर्मदा पाइपलाइन को पूरी तरह से उखाड़ फेंका। इस एक लापरवाही



ने पूरे वार्ड की पेयजल व्यवस्था को वेंटिलेटर पर ला दिया। लोगों के घरों के सामने लगे नल कनेक्शन अब मलबे में जमींदोज हो चुके हैं। महीनों बीत जाने के बाद भी जिम्मेदारों ने इस टूटी लाइन को सुधारने की जहमत नहीं उठाई, जिससे संकट लगातार गहराता जा रहा है।

**नेताजी ने फेरा मुंह, खदान मालिक बना भगीरथ**-इस गंभीर संकट के बीच जहां स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासन ने अपनी आंखें मूंद रखी हैं, वहीं बम्होरी के एक खदान मालिक ने मानवता की अनूठी मिसाल पेश की है। जब जनता की तकलीफों से बेपरवाह निर्माण एजेंसी और जिम्मेदार सोते रहे, तब इस दानवीर ने वार्डवासियों का दर्द समझा। उन्होंने अपनी ओर से सप्ताह में तीन से चार दिन पानी के टैंकर भेजना शुरू किया है। स्थानीय निवासी पंकज चौरसिया, भूपेन्द्र चौरसिया, कारे चौरसिया, गुलाब, सचिन असाटी, मुकेश चौरसिया और नंदू चौरसिया ने कहा कि जब सिस्टम फेल हो गया, तब इस दरियादिली ने ही हमें जिंदा रखा हुआ है।

**आधी रात को बजती है टैंकर की घंटी**-वार्ड क्रमांक 15 में अब पानी का टैंकर ही जिंदगी की ढाल बना हुआ है, लेकिन इसके आने का कोई निश्चित समय नहीं है। अक्सर जब रात के सन्नाटे में टैंकर की घंटी बजती है, तो पूरा का पूरा परिवार नींद छोड़कर सड़कों पर दौड़ पड़ता है। महिला, पुरुष और बच्चे दिनभर आंखें बिछाए टैंकर की राह तकते हैं। जैसे ही टैंकर रुकता है, बर्तन, गुम्मा, बाल्टी और गागर लेकर पानी लूटने का एक कष्टदायक संग्राम शुरू हो जाता है। आधी रात को अपनी दैनिक जरूरतों के लिए सड़क पर जंग लड़ना अब यहां की नियति बन चुका है।

**ग्राम पंचायत की सुस्ती**-इस पूरे घटनाक्रम में ग्राम पंचायत की लापरवाही भी साफ उजागर हुई है, जिसने संकट के दौरान वैकल्पिक पाइपलाइन बिछाने का कोई प्रयास नहीं किया। पहले कड़कती गर्मी में भी नर्मदा की धार से लोगों के गले तर रहते थे, लेकिन आज स्थिति बदतर है। आक्रोशित नागरिकों ने प्रशासन से जल्द से जल्द स्थायी पेयजल व्यवस्था बहाल करने की गुहार लगाई है।

## ट्रंप ने नेतन्याहू को बताया 'सख्त इंसान', बोले- उन्हें हमारा आभार मानना चाहिए

**वाशिंगटन, (आईएएनएस)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने प्यारे दोस्त बीबी यानी इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को %सख्त% इंसान बताया है। एक साक्षात्कार में उन्होंने ये भी दावा किया कि अगर परमाणु समझौता नहीं हुआ तो ईरान पर हमले फिर हो सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका मध्य पूर्व का संरक्षक बनने पर विचार कर सकता है और बदले में क्षेत्र की आय का 20 प्रतिशत हिस्सा ले सकता है। एक इंटरव्यू में ट्रंप ने दावा किया कि ईरान के साथ हुआ नया समझौता अंततः यह सुनिश्चित करेगा कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज स्थायी रूप से टोल-फ्री रहे। यह जलमार्ग वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। ट्रंप ने इंटरव्यू में इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू को कठोर करार दिया। उन्होंने कहा कि नेतन्याहू को अमेरिका का आभारी होना चाहिए क्योंकि अमेरिका की पहल ने क्षेत्र को बड़े संकट से बचाया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, वह बहुत मुश्किल आदमी हैं। और सच कहूं तो उन्हें हमारे प्रति बहुत आभारी होना चाहिए। क्योंकि यदि ईरान के पास परमाणु हथियार होता, तो इजरायल दो घंटे भी नहीं टिक पाता।

# टेक टैक्स हटाओ, वरना फ्रेंच वाइन-शैंपेन पर 100 प्रतिशत टैरिफ, ट्रंप ने फ्रांस को दी खुली धमकी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फ्रांस द्वारा लगाए गए डिजिटल सेवा करको तुरंत हटाने की मांग करते हुए फ्रांसीसी शराब, शैंपेन और अन्य वाइन उत्पादों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की कड़ी चेतावनी दी है। यह धमकी जी-7 शिखर सम्मेलन शुरू होने से महज कुछ घंटे पहले आई है, जिससे दोनों देशों के बीच व्यापार तनाव एक बार फिर बढ़ गया है। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप ने फ्रासीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से सीधे कहा है कि अमेरिकी टेक कंपनियों पर लगाया गया यह कर तुरंत समाप्त किया जाए, अन्यथा फ्रांस से आने वाले सभी शैंपेन, वाइन और संबंधित उत्पादों पर भारी टैरिफ लगाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। ट्रंप ने कहा कि मैक्रों को बस यह बिक्री कर खत्म करना है। अगर वे ऐसा कर देते हैं तो उन पर इस तरह का कोई दबाव नहीं रहेगा।



**डिजिटल सेवा कर विवाद क्या है?**- फ्रांस ने वर्ष 2019 में बड़ी टेक्नोलॉजी कंपनियों पर तीन प्रतिशत का डिजिटल सेवा कर लागू किया था। इस कर का दायरा उन कंपनियों पर है जो फ्रांस में राजस्व कमाती हैं, जिसमें फेसबुक, अमेजन, एप्पल, गूगल (अल्फाबेट) जैसी अमेरिकी दिग्गज कंपनियां शामिल हैं। फ्रांस का तर्क है कि ये कंपनियां देश में भारी मुनाफा कमाती हैं लेकिन कर चुकाने से रणनीतिक रूप से बचती हैं। ट्रंप प्रशासन इसे अमेरिकी कंपनियों के खिलाफ भेदभावपूर्ण नीति मानता है।

**फ्रांसीसी वाइन उद्योग पर संकट**- फ्रांसीसी वाइन और स्पिरिट निर्यातकों के महासंघ के अनुसार, अमेरिका फ्रांसीसी वाइन और स्पिरिट का सबसे बड़ा आयातक देश है। पिछले साल कुल निर्यात का करीब 21 प्रतिशत हिस्सा अमेरिका के पास था। हालांकि, पहले से ही अमेरिकी बाजार में फ्रांसीसी वाइन पर 15 प्रतिशत शुल्क (पहले 10 प्रतिशत) लग रहा है। पिछले वर्ष अमेरिका को फ्रांसीसी वाइन और स्पिरिट के निर्यात में 21 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई थी। यदि ट्रंप अपनी धमकी पर अमल करते हैं तो फ्रांसीसी वाइन उद्योग को और गहरा झटका लग सकता है। फ्रांस की अर्थव्यवस्था में वाइन और शैंपेन निर्यात महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और लाखों लोगों की आजीविका इससे जुड़ी हुई है।

**ट्रंप की पुरानी रणनीति**- हालांकि यह पहली बार नहीं है जब ट्रंप ने फ्रांसीसी शराब पर टैरिफ की धमकी दी हो। जनवरी में ट्रंप ने 'गाजा शांति बोर्ड' में शामिल होने के निमंत्रण को अस्वीकार करने पर 200 प्रतिशत टैरिफ लगाने की चेतावनी दी थी।

# अमेरिका-ईरान समझौते के बाद इजरायल की दो टूक-दक्षिणी लेबनान से पीछे नहीं हटेगी आईडीएफ

**तेल अवीव, (आईएएनएस)।** अमेरिका और ईरान ने लंबी बातचीत के बाद शांति समझौता करने का ऐलान किया। हालांकि, इजरायल अमेरिका के ईरान डील से काफी नाराज नजर आ रहा है। इजरायल ने दो टूक शब्दों में कहा है कि इजरायल दक्षिणी लेबनान से पीछे नहीं हटेगा। इजरायल के रक्षा मंत्री इजराइल कॉट्ज ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर की घोषणा के बाद इजरायल दक्षिणी लेबनान से पीछे नहीं हटेगा, जिसमें हिज्बुल्लाह के खिलाफ लड़ाई खत्म करना भी शामिल है।

कॉट्ज ने एक बयान में कहा, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और मैं एक स्पष्ट नीति पर चल रहे हैं, जिसके तहत आईडीएफ बिना किसी टाइम लिमिट के लेबनान, सीरिया और गाजा के सुरक्षा जोन में रहेगा, ताकि सीमा और इजरायली समुदाय को जिहादी तत्वों से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि सुरक्षा जोन से स्थानीय लोगों को हटा दिया जाएगा और जमीन के ऊपर और नीचे सभी आतंकवादी ढांचों को खत्म कर दिया जाएगा, जिसमें कॉन्टैक्ट-लाइन गांवों के घर भी शामिल हैं। यह आतंकवादियों के गुप्त ठिकानों के तौर पर काम करते थे। इजरायल के रक्षा मंत्री ने कहा कि सुरक्षा जोन पर कब्जा बनाए रखना युद्ध में आईडीएफ की सबसे बड़ी कामयाबियों में से एक है। इसलिए, हम लेबनान से आईडीएफ की वापसी का विरोध करते हैं, भले ही मौजूदा दबाव हों और जो भी आएंगे। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने ये बातें अमेरिकी राष्ट्पति ट्रंप और दूसरे सीनियर अमेरिकी अधिकारियों को साफ कर दी थीं। मैंने भी अमेरिकी युद्ध सचिव पीट हेगसेथ को यह स्पष्ट कर दिया था।

## आज का इतिहास

1779 – स्पेन ने ब्रिटेन के खिलाफ जंग का आगाज किया।
1903– पेप्सी-कोला का ट्रेडमार्क आधिकारिक रूप से पंजीकृत किया गया।
1903– प्रसिद्ध फोर्ड मोटर कंपनी की स्थापना हेनरी फोर्ड और 11 अन्य निवेशकों द्वारा की गयी।
1911 – न्यूयार्क में आईबीएम कंपनी की स् थापना। पहले इसका नाम कंप्यूटिंग टैब्यूलेटिंग रिकार्डिंग कंपनी था।
1925 – राष्ट्रवादी नेता चितरंजन दास का निधन हुआ।
1950 – हिन्दी फ़िल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती का जन्म हुआ।
1963 – रूस की 26 वर्षीय अंतरिक्ष यात्री लेफ्टिनेंट वैलेनटीना तेरेशकोवा ने वोस्तोक 6 के जरिए अंतरिक्ष की उड़ान भरी। वह अंतरिक्ष की अथाह गहराइयों की ओर रवाना हुई विश्व की पहली महिला थीं।

## सुडोकू 7303

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 2 | 8 | 1 | | | | 3 |
| | | | 4 | | | 5 | 1 | |
| | | 1 | | | | | | |
| | | 4 | | 9 | | | 6 | |
| | | 8 | | | | 2 | | |
| | 6 | | | 7 | | 1 | | |
| | | | | | | 6 | | |
| | 8 | 9 | | | 1 | | | |
| 5 | | | | 3 | 9 | 4 | 8 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## जम्मू में कार-बस की भिड़ंत में तीन लोगों की मौत

**जम्मू।** जम्मू के बाहरी इलाके में नगरोटा के पास सड़क दुर्घटना में हरियाणा के रहने वाले तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि जम्मू की ओर जा रही एक कार और उधमपुर की ओर जा रही एक बस की नगरोटा इलाके में जगती के पास शनिवार देर रात आमने-सामने टक्कर हो गई। कार में पांच लोग सवार थे। घायलों को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। दो लोगों को अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया और एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई।

## महाराष्ट्र में मॉनसून में देरी से चिंता बढ़ी

**पुणे।** महाराष्ट्र में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून की धीमी चाल और राज्य में इसके आगे बढ़ने में हो रही देरी को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। बारिश के पैटर्न पर अल-नीनो के संभावित असर की पहले दी गई चेतावनियों के बावजूद, महाराष्ट्र के बड़े हिस्सों में अभी भी अच्छी मॉनसून बारिश का इंतजार है, जिससे बुवाई का काम रुका हुआ है और किसानों में चिंता बढ़ रही है। कृषि विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि वे आधिकारिक निर्देश मिलने तक बुवाई शुरू न करें।

## आंध्र प्रदेश में कृष्णा नदी में नाव पलटने से चार डूबे

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के पालनाडु जिले में रविवार को कृष्णा नदी में एक नाव के पलट जाने से तीन बच्चों सहित चार लोग डूब गए। यह घटना जिले के अचम्पेट मंडल के कोनूर में हुई। पुलिस के मुताबिक, एक ही परिवार के 10 लोग कोनूर में एक पारिवारिक समारोह में शामिल होने के लिए नाव में सवार हुए थे। घर लौटते समय नाव पलट गई और सभी डूबने लगे। इनमें से छह को ग्रामीणों ने बचा लिया, जबकि चार लोग लापता हो गए। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से तलाशी अभियान चलाया। बाद में उन्हें सभी चार लापता व्यक्तियों के शव मिले।

## मणिपुर में सेना की फर्जी गाड़ी से 15.35 किग्रा अफीम जब्त

**इम्फाल।** मणिपुर के सेनापति जिले में सुरक्षा बलों ने रविवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सैन्य अधिकारी के फर्जी प्रतीक चिह्नों (इंसिग्निया) वाली गाड़ी से 15.350 किग्रा संदिग्ध अफीम जब्त की है। यह कामयाबी सेनापति जिले के टी. खुल्लेन चेक पोस्ट पर तलाशी अभियान के दौरान मिली। यह कार्रवाई सेनापति के पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में सेनापति पुलिस की विशेष अभियान टीम, डी-78 सीआरपीएफ, बी-109 क्यूएटी सीआरपीएफ व 16 असम राइफल्स की संयुक्त टीम द्वारा की गई। इनोवा कार को सत्यापन को रोका गया, जिस पर वीआईपी फ्लैग पोस्ट (झंडा लगाने का डंडा) लगा हुआ था, लेकिन उसके साथ कोई सुरक्षा एस्कॉर्ट नहीं था।

# मजबूरी में करनी पड़ी ईरान से डील? तीन महीने के युद्ध में क्या हासिल कर पाए डोनाल्ड ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच 100 दिनों से ज्यादा से चल रहे युद्ध के आखिरकार खत्म होने का समय आ गया है। शुक्रवार को जिनेवा में दोनों देशों के बीच फाइनल डील पर साइन होने वाले हैं। दरअसल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर हमला कर तो दिया था लेकिन इसके बाद अमेरिका समेत पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था हिल गई थी। डोनाल्ड ट्रंप किसी भी कीमत पर अपनी हार नहीं स्वीकार करना चाहते थे और दूसरी तरफ इजरायल के दबाव की वजह से समझौता लंबा खिंचता चला गया। अब उम्मीद की जा रही है कि होर्मुज खुलने के बाद दुनियाभर में कच्चे तेल की कीमतों में कमी आएगी।

**पूरा नहीं हो पाया अमेरिका का टारगेट**- ईरान पर हमला करने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने अपने जो-जो लक्ष्य बताए थे वे अब तक भी नहीं हासिल हो पाए। ईरान ने इतना वादा जरूर किया है वह परमाणु हथियार नहीं बनाएगा। हालांकि परमाणु संवर्धन पर पूरी तरह से रोक को लेकर ईरान ने कोई सहमति नहीं जताई है। इसके अलावा अमेरिका होर्मुज पर भी अपना नियंत्रण चाहता था। वहीं समझौते में स्पष्ट है कि होर्मुज पर पूरा नियंत्रण ईरान का रहेगा। ईरान के पक्ष में यहां तक कहा गया है कि उसके आंतरिक मामलों में अमेरिका किसी भी तरह का दखल नहीं दे सकेगा। होर्मुज पर भी ईरान का ही नियंत्रण है ऐसे में समझौते के मुताबिक अमेरिका का वहां भी प्रतिबंध लगाने का कोई अधिकार नहीं होगा।

**युद्ध रोकना, डोनाल्ड ट्रंप की मजबूरी**- डोनाल्ड ट्रंप का सबसे बड़ा टारगेट था कि ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम को एकदम से रोक दिया जाए। लेकिन यह लक्ष्य अभी हासिल होता हुआ नहीं दिख रहा है। जानकारों का कहना है कि हजारों की संख्या में लोगों की मौत और अर्थव्यवस्था को तहस-नहस होते देखने के बाद डोनाल्ड ट्रंप की मजबूरी बन गई थी कि किसी तरह से इस युद्ध से छुट्टी ली जाए। वहीं नवंबर में अमेरिका में मिडटर्म इलेक्शन भी होने हैं। इसे देखते हुए भी डोनाल्ड ट्रंप किसी तरह का रिस्क नहीं लेना चाहते हैं। डोनाल्ड ट्रंप के विरोधियों का कहना है कि यह डील अमेरिका के पक्ष में नहीं बल्कि ईरान के पक्ष में है। ईरान ने भी इसे अपनी जीत बताया है। फाइनल डील पर दोनों देशों के बीच 60 दिनों की वार्ता होगी। अमेरिका चाहता था कि ईरान कमजोर पड़ जाए लेकिन ईरान लगातार अमेरिकी हमलों का जवाब देता रहा और डोनाल्ड ट्रंप के दावे फेल करता रहा। ईरान ने इतना तो दिखा दिया है कि तेल के भंडार और होर्मुज पर अधिकार की वजह से दुनियाभर में उसकी क्या अहमियत है।

**क्या नहीं हासिल कर पाए डोनाल्ड ट्रंप**
डोनाल्ड ट्रंप ईरान को बिना किसी शर्त के सरेंडर करवाना चाहते थे जो कि वह नहीं कर पाए। डोनाल्ड ट्रंप चाहते थे कि ईरान में सत्ता परिवर्तन हो और उनके इशारे पर चलने वाली सरकार बना दी जाए। इस मनसूबे में भी वह कामयाब नहीं हो पाए। डोनाल्ड ट्रंप ईरान के मिसाइल प्रोग्राम पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाना चाहते थे। एमओयू में मिसाइल प्रोग्राम पर भी कोई सख्त बात शामिल नहीं की गई है।

## वर्ग पहेली 7303



**बायें से दायें:-**

१. अमृत (उर्दू)
४. पैरों के निशान
६. चाल, गति, (उर्दू)
७. तोड़फोड़, बरबादी
८. जंगली हाथी
१०. चुप, मौन (उर्दू)
११. क्षतिपूर्ति (उर्दू)
१३. कदाचित (उर्दू)
१४. तरक्की
१५. चाल चलने वाल , धूर्त (उर्दू)
१७. धनुष (उर्दू)
११. अभिरुचि, एक देवी
२२. ठंड से कांपना
२४. बाल्यावस्था

**ऊपर से नीचे:-**

१. जीवनयापन का साधन
२. सहयात्री (उर्दू)
३. दया करना (उर्दू)
४. पराधीन
५. एक प्रसिद्ध पक्षी
९. अपने शत्रु का नाश करने वाला
११. गर्भ (उर्दू)
१२. उचित वैध (उर्दू)
१३. राजा, सत्ताधारी
१४. भरोसेमंद
१५. चापलूस
१६. बचपन
१८. दक्ष, निपुण (उर्दू)
१९. रोमांच, हर्ष
२०. जटिल, मुश्किल
२३. विख्यात

# अमेरिकी हमलों में मारे गए भारतीय नाविकों के लिए एफएसयूआई ने ट्रंप और भारत सरकार से की मुआवजे की मांग

**नई दिल्ली, (आईएएनएस)।** अमेरिका और ईरान में फरवरी से शुरू हुए तनाव का असर दुनिया के अन्य देशों पर भी देखने को मिला। होर्मुज स्ट्रेट दोनों देशों के बीच तनाव के अहम मुद्दों में से एक रहा। हालांकि, अमेरिका और ईरान के बीच अब शांति समझौते का ऐलान कर दिया गया है। ऐसे में अमेरिकी हमलों में मारे गए भारतीय नाविकों के लिए नाविकों के अधिकारों की बात करने वाले संगठन फॉरवर्ड सीमेन यूनियन ऑफ इंडिया (एफएसयूआई) के महासचिव मनोज यादव ने भारत और अमेरिकी सरकार से 1 करोड़ मुआवजे की मांग की है। एफएसयूआई के जनरल सेक्रटरी मनोज यादव ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से कहा, हम नाविकों की तरफ से इस शांति समझौते का स्वागत करते हैं। आज सुबह मीडिया में इसकी जानकारी दी गई और ईरान के उप विदेश मंत्री ने इसका समर्थन किया।

अगर यह समझौता सच होता है तो हम बधाई देना चाहेंगे, क्योंकि अभी हजारों भारतीय नाविक वहां फंसे हुए हैं। पिछले हफ्ते, कई ऐसी घटनाएं सामने आईं, जिनमें भारतीय नाविकों और जहाजों पर हमला किया गया है। बदकिस्मती से, इन घटनाओं में हमने अपने तीन नाविकों को भी खो दिया है। भारतीय नाविकों की मौत को लेकर उन्होंने कहा, प्राकृतिक मौत एक बात है और एक्सीडेंटल मौत दूसरी। इन नाविकों की मौत बहुत अलग हालात में हुई और बयान के मुताबिक अमेरिका इसके लिए पूरी तरह से जिम्मेदार है। इन नाविकों ने लड़ाई में शामिल न होने के बावजूद अपनी जान गंवा दी। उन्होंने भारत सरकार से मारे गए नाविकों के परिवारों के लिए मुआवजे के तौर पर 1 करोड़ की मांग की। ट्वीट करके यह भी अपील की गई है कि हर प्रभावित परिवार को पांच मिलियन डॉलर का मुआवजा दिया जाए। इसमें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी शामिल हैं। इससे पहले 35 वर्षीय निशांत उर्थनाथन की मौत की जानकारी देते हुए फॉरवर्ड सीमेन्स यूनियन ऑफ इंडिया (एफएसयूआई) ने कहा था, नाविकों के लिए एक और दुखद घटना है। एमटी सेलेस्टियल के दूसरे अधिकारी की 11 तारीख को शाम 6 बजे समय पर मेडिकल मदद न मिलने की वजह से मौत हो गई। दो दिन बाद भी पार्थिव शरीर जहाज पर ही है। ओमान के पोर्ट दुकम ने वाई-फाई/कम्युनिकेशन बंद कर दिया है और अधिकारी कोई जवाब नहीं दे रहे हैं।

**अभियान** झारखंड में एसआईआर के तहत मतदाताओं की मैपिंग, ईसी बोला

# मतदाताओं को फिलहाल दस्तावेज जमा करने की जरूरत नहीं

**रांची, (एजेंसियां)। झारखंड में विशेष मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत अब तक 2.64 करोड़ मतदाताओं में से 2.11 करोड़ यानी करीब 80 प्रतिशत मतदाता अपना या अपने माता-पिता का मैपिंग कार्य पूरा कर चुके हैं। इस बीच दस्तावेज जमा करने को लेकर फैल रही भ्रम की स्थिति पर चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि मौजूदा चरण में अधिकांश मतदाताओं को कोई दस्तावेज देने की जरूरत नहीं है।**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने रविवार को कहा कि गणना (इन्यूमरेशन) चरण के दौरान मतदाताओं से किसी प्रकार का दस्तावेज एकत्र नहीं किया जाएगा। मतदाताओं को केवल भरा हुआ और हस्ताक्षरित इन्यूमरेशन फॉर्म तथा एक हालिया रंगीन फोटो बीएलओ को उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं ने अपने या अपने माता-पिता के नाम का मिलान (मैपिंग) पहले की मतदाता सूची से कर लिया है, उनका नाम बिना किसी अतिरिक्त दस्तावेज के प्रारूप मतदाता सूची में शामिल रहेगा। जिन मामलों में



■ प्रदेश में 80 प्रतिशत मैपिंग कार्य हुआ पूर्ण : के. रवि कुमार

कुछ त्रुटियां या विसंगतियां हैं, उनमें भी संबंधित निर्वाचन अधिकारी और बीएलओ उपलब्ध रिकॉर्ड के आधार पर सुधार का प्रयास करेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि दस्तावेज केवल उन्हीं चुनिंदा मामलों में मांगे जाएंगे, जहां सत्यापन के दौरान कोई आपत्ति या संदेह सामने आएगा। ऐसे मतदाताओं को 5 अगस्त से शुरू होने वाली नोटिस एवं सत्यापन अवधि के दौरान अलग से सूचना दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि बीएलओ घर-घर जाकर पहले से तैयार फॉर्म वितरित करेंगे और भरे हुए फॉर्म वापस लेकर उन्हें डिजिटल रिकॉर्ड में शामिल करेंगे। इस प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए ही शुरुआती चरण में दस्तावेज जमा करने की बाध्यता नहीं रखी गई है। नए मतदाताओं के लिए अलग व्यवस्था है। जो नागरिक 1 अक्टूबर 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूरी कर लेंगे और पहली बार मतदाता बनना चाहते हैं, उन्हें निर्धारित घोषणा-पत्र और आवश्यक दस्तावेजों के साथ फॉर्म-6 जमा करना होगा। निर्वाचन विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे दस्तावेज जमा करने को लेकर फैल रही अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक निर्देशों के आधार पर ही प्रक्रिया में भाग लें। इस प्रकार, 2026 की मतदाता सूची के मौजूदा मतदाताओं की बहुत ही न्यूनतम संख्या को केवल 5 अगस्त 2026 के बाद ही दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता होगी, और वह सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज यानी पिछली एस आई आर के उद्धरण की सत्यापित प्रति, आपके विधानसभा क्षेत्र के एईआरओ/ईआरओ /बीएलओ के पास पहले से उपलब्ध है। झारखंड की 2026 की मतदाता सूची में मौजूद और अपना या माता-पिता का मैपिंग पूरा कर चुके वे मतदाता, जो झारखंड के किसी अन्य निर्वाचन क्षेत्र में स्थानांतरित होना चाहते हैं, उन्हें कोई दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं है।

## वर्ग पहेली-7302

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ बु | ल | २ बु | ल | ■ | ■ | ३ प्र | ति | ४ प | क्षी |
| झौ | ■ | न | ■ | ५ बु | लं | दी | ■ | रि | ■ |
| ६ व | र्द्ध | क | ■ | ला | ■ | ७ प | द | चि | न्ह |
| ल | ■ | ८ र | ९ थ | वा | ह | क | ■ | त | ■ |
| ■ | १० ब | ■ | प | ■ | ■ | ■ | ११ नृ | ■ | १२ ह |
| १३ ए | का | ए | क | ■ | १४ अ | ■ | १५ प | रा | स्त |
| ■ | सु | ■ | १६ ना | प | सं | द | ■ | ■ | रे |
| १७ नी | र | व | ■ | ■ | भ | ■ | १८ ब | १९ र | खा |
| र | ■ | ■ | २० या | या | व | २१ र | ■ | फ्ता | ■ |
| २२ ज | ह | न्नु | म | ■ | ■ | २३ सा | धा | र | ण |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408




# काई हावर्ज के दो गोल से जर्मनी का पहली बार शिरकत रहे कुरासाओ पर बड़ी जीत से आगाज

ठु सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 15 जून (देशबन्धु)। काई हावर्ज के दो तथा फेलिक्स नेमचा, निको श्लोटरबैक, जमाल मुसाइला, नथाइनल ब्राउन और डेनिज अंदव के एक एक गोल से चार बार की चैंपियन जर्मनी ने गोल की बारिश करते हुए पहली बार शिरकत कर रही कुरासाओ को फीफा विश्व कप फुटबॉल 2026 में ग्रुप ई के मैच में ह्यूस्टन स्टेडियम में सोमवार को 7-1 की बड़ी जीत के साथ आगाज किया। जर्मनी के स्ट्राइकर काई हावर्ज दोनों हाफ के ठीक पहले एक एक एक गोल कर मैन ऑफ द' मैच रहे। चीफ कोच जूलियन नगेलसमन अपने मार्गदर्शन में जर्मनी के बड़ी जीत से आगाज करने पर बेशक बहुत खुश होंगे।

फ्लोरियन विर्ज के साथ बेहतरीन तालमेल से आगे बढ़ उनसे मिली गेंद को बॉक्स के भीतर पहुंच कर फेलिक्स नेमचा ने मैच के छठे मिनट में ही गोल दाग कर जर्मनी का खाता खोला। लिवानो कोमांशिया ने 21वें मिली जर्मनी की रक्षापंक्ति की चूक का लाभ उठा कर बहुत ही नफासत से गेंद को गोल में डाल कर कुरासाओ को एक एक की बराबरी दिला दी। निको श्लोटरबैक ने कॉर्नर किक पर सिर से 38वें मिनट में गोल कर जर्मनी को 2-1 से आगे कर दिया। काई हावर्ज ने पहला हाफ खत्म होने से ठीक पहले हाफ इंजुरी टाइम खत्म होने से ठीक पहले मिली पेनल्टी किक पर गोल कर जर्मनी को हाफ टाइम तक 3-1 से आगे कर दिया था। कुरासाओ के रिचले बाजोइर ने बॉक्स के अंदर नेमचा को पहले हाफ में इंजुरी टाइम से ठीक पहले गिराने पर जर्मनी को पेनल्टी किक मिली थी। जमाल मुसाइला ने जोशुआ किमिच के कुराकाओ की रक्षापंक्ति को छका दिए बेहतरीन पास पर दूसरे हाफ के दूसरे मिनट में गोल कर जर्मनी को 4-1 से आगे कर पूरी तरह उसकी मैच पर पकड़ बना दी। अपने करियर का पहला विश्व कप मैच खेल रहे नथाइनल ब्राउन ने मैच के 68 वें मिनट में गजब की वॉली लगा गोल कर जर्मनी को 5-1 से आगे कर दिया। डेनिज अंदव ने दस मिनट बाइ गोल कर जर्मनी को 6-1 से आगे कर दिया। काई हावर्ज ने खेल खत्म होने से दो मिनट पहले मैच का अपना दूसरा गोल कर जर्मनी को 7-1 के अंतर से मैच जिता दिया।



### जीत से आगाज करने से मैं खुश : जूलियन नगेलसमन

जर्मनी के कोच जूलियन नगेलसमन ने अपनी टीम की बड़ी जीत पर कहा, ' हमारे बढ़त लेने के बाद कुरासाओ के मैच में बराबरी पाने के बाद हमें मैच में वापसी में कुछ ही मिनट लगे। हमने देखा की कुरासाओ भी फुटबॉल खेल सकता है। मैं यह देखने को बेताब हूं कि आगे चल उनका प्रदर्शन कैसा रहता है। मैं अपनी जर्मनी की टीम के सात गोल करने और मैच में उसके प्रदर्शन से खुश हूं। जीत से आगाज करना अहम होता है हमें खुशी है कि हम ऐसा करने में कामयाब रहे।

### मेरे लिए अपना यह पांचवां विश्व कप खास है :नूएर

40 बरस 79 दिन की उम्र में विश्व कप में खेलने उतर गोलरक्षक मैनुअल नूएर जर्मनी के लिए लोथार मैथायस के रिकॉर्ड के तोड़ उसके लिए किसी बड़े टूर्नामेंट में खेलने उतरने वाले सबसे उम्रदराज फुटबॉलर बन गए। अपनी टीम की बड़ी जीत के बार नूएर ने कहा,'फुटबॉल खेलने का अपना ही मजा है और बदलू खिलाड़ी मैच में उर्जा लाते हैं।आप हमारी टीम की एकता को देख सकते हैं। यह कोई ब्राजील की टीम विश्व कप में नहीं खेल रही थी यह कुरासाओ की पहली बार खेलने वाली टीम थी। हमारे लिए अच्छा रहा हमने कुरासाओ के खिलाफ इस विश्व कप में अपने पहले मैच में जीत से आगाज किया। मुझे 2010 में विश्व कप में जर्मनी के लिए खेला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना पहला मैच आज भी याद है।मैं आज भी विश्व कप में खेलने को लेकर उसी तरह रोमांचित हूं कि जैसे की यह विश्व कप में पहला मैच है। आप या तो फुटबॉल करते हैं या फिर नहीं। मेरा यह पांचवा विश्व कप है और इसलिए मेरे लिए यह खास है।'

## अमाद के आखिरी मिनट में दागे गोल से आइवरी कोस्ट ने इक्वेडोर को दी शिकस्त

बदलू स्ट्राइकर अमाद डियालो के आखिरी मिनट में दागे इकलौते गोल की बदौलत आइवरी कोस्ट ने इक्वेडोर को फीफा विश्व कप फुटबॉल 2026 में ग्रुप ई के मैच में सोमवार सुबह 1-0 से हरा कर पूरे तीन हासिल कर अपना अभियान शानदार ढंग से शुरू किया। एक समय मैच ड्रॉ की ओर बढ़ रहा लेकिन अमाद डियालो ने 90 वें मिनट बॉक्स के ठीक उपर से गोल दाग कर आइवरी कोस्ट को फिलाडेल्फिया स्टेडियम में ऐसी यादगार जीत दिलाई की उसके प्रशंसक झूम उठे। भले ही पहले हाफ में कोई गोल नहीं हुआ लेकिन यह खासा रोचक रहा। इक्वेडोर के जॉन यिबेह ने आइवरी कोस्ट के पेनल्टी बॉक्स के ठीक उपर से तेज शॉट जमाया लेकिन गेंद गोलस्तंभ की बल्ली को टकरा कर बाहर निकल गई। इक्वेडोर के पेड्रो वाइट के पास पर एलन मिंडा ने इसके तुरंत बाद लहराता शॉट लगाया और आइवरी कोस्ट के गोलरक्षक याहिया फाफना के परास्त होने के बसद एक बाद गेंद गोलस्तंभ की बल्ली को टकरा कर बाहर निकल गई। आइवरी कोस्ट के यान डायमंड ने दाएं छोर से तेज फर्राटे लगा गेंद को लेकर निकले लेकिन गोल करने से चूकते रहे बाजोमना टोरे के तेज नीचे ड्राइव पर इक्वेडोर के गोलरक हरनान गालिंडेज ने रोक कर उनका हमला बेकार कर दिया। दूसरे हाफ में दोनों टीमो को मौके लेकिन कोई भी इसे शुरू में भुनाने में नाकाम रही इक्वेडोर के इनर वेलेंशिया ने दूसरे हाफ के शुरू में मुश्किल कोण से शॉट जमाया जो लक्ष्य चूक गया। आइवरी कोस्ट के स्ट्राइकर आइल वाही के शॉट पर गेंद गोलस्तंभ की बल्ली को टकरा कर बाहर निकल गई।धीरे धीरे आइवरी कोस्ट ने मैच पर अपनी पकड़ बनाई और गेंद अपने कब्जे में रखी।

## कमादा के आखिरी मिनटों में गोल से जापान ने नीदरलैंड से मैच ड्रॉ कराया



**नई दिल्ली,** 15 जून (देशबन्धु)। दाइजी कमादा के अंतिम पूर्व मिनट पर कॉर्नर पर दागे गोल से जापान ने मजबूत नीदरलैंड को फीफा विश्व कप फुटबॉल 2026 में ग्रुप एफ का अपना मैच में दो दो गोल से ड्रॉ खेल अंक बांटने को मजबूर कर दिया। जापान के जीवट की तारीफ करनी होगी उसने मैच में दो बार पिछड़ने के बाद बराबरी हासिल कर मैच ड्रॉ कराया। नीदरलैंड के लिए वर्जिल वान दिक और क्राइसेंशियो समरविले ने और जापान के लिए कितो नाकामुरा और दाइजी कमादा ने एक एक गोल किया। नीदरलैंड और जापान के बीच मैच में दोनों टीमों ने पहले हाफ में एक दूसरे की ताकत को आंकने की ही कोशिश की और इस दौरान कोई गोल नहीं हुआ।

वर्जिल वान जिक ने डलास स्टेडियम में मैच के 50 वें मिनट में रेन ग्रावेबर्क के क्रॉस पर गोल कर नीदरलैंड का खाता खोला। कितो नाकामुरा ने सात मिनट बाद बेहतरीन गोल कर जापान को एक एक की बराबरी दिला। तेज तर्रार विंगर समरविले ने तिरछा लहराता शॉट लगा 64वें मिनट में गोल कर जब नीदरलैंड को फिर 2-1 से आगे कर दिया तो वह पहली जीत की ओर बढ़ता लगा। जापान ने हिम्मत नहीं हारी। खेल खत्म होने से मिनट भर पहले मिले कॉर्नर पर कमाडा ने बेहतरीन गोल कर जापान को दो दो की बराबरी दिला मैच में एक अंक भी दिला दिया। पहले हाफ में नीदरलैंड के डानयल मोलन अैर जापान के गोलरक्षक जियोज सुजुकी के बीच रोचक मुकाबला देखने को मिला। जापान के गोलरक्षक सुजुकी ने पहले हाफ में नीदरलैड के काडी गकपो के दनदनाते शाट को रोक कर उन्हें गोल करे से रोका। जापान की टीम नीदरलैंड की मजबूत टीम के सामने दबाव में नहीं आई। जापान के लिए पहले हाफ में नाकामुरा और आयासी उईदा ने गोल करनश के अच्छे हमले बोले।

## भारत दिलप्रीत व सुखजीत के एक-एक गोल से बराबरी पाने के बाद नीदरलैंड से 2-3 से हारा

### मनप्रीत ने की दिलीप तिर्की के भारत के लिए 412 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने की बराबरी

नई दिल्ली, 15 जून (देशबन्धु)। दो बार पिछड़ने के बाद स्ट्राइकर दिलप्रीत सिंह और सुखजीत सिंह के एक एक गोल से दो दो की बराबरी करने के बाद भारत मेजबान नीदरलैंड से पुरुष एफआईएच प्रो हॉकी लीग 2025-2026 के पहले मैच में रविवार को आधी रात के बाद रॉटरडम में 2-3 से हार गया। विजेता नीदरलैंड के लिए माइल्स बुकेंस, कोइन बीन और ताइमन रेयांगा ने एक गोल किया। अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह ने नीदरलैंड के खिलाफ रविवार देर रात इस मैच में खेलने कर पूर्व ओलंपियन हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की के भारत के लिए सबसे ज्यादा 412 अंतरराष्ट्रीय हॉकी मैच खेलने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। दिलीप तिर्की ने मनप्रीत सिंह को अपने रिकॉर्ड की बराबरी करने पर बधाई दी मेजबान नीदरलैंड ने आक्रामक अंदाज में आगाज किया और शुरू में मिले चार पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन एक को भी गोल में नहीं बदल पाया। माइल्स बुकेंस ने मैच के तीसरे ही मिनट में रिवर्स हिट से भारत के गोलरक्षक को छका गोल कर नीदरलैंड का खाता खोला। शिलानंद लाकरा ने दसवें मिनट में डी के भीतर तेज शॉट जमा गोल कर भारत को बराबरी दिलाने की कोशिश की लेकिन बहुत करीब से उनका निशाना लक्ष्य चूक गया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह के लंबे पास पर स्ट्राइकर दिलप्रीत सिंह ने मैच के दसवें मिनट में डी के ठीक उपर गेंद संभाली और नीदरलैंड के गोलरक्षक को छका गोल कर भारत को एक एक की बराबरी दिला दी।




नीदरलैंड ने दूसरे क्वॉर्टर में भी भारत के गोल पर बराबर हमले बोल कर दबदबा बनाए रखा लेकिन उसे शुरू में गोल करने में कामयाबी नहीं मिल। कोइन बीन ने दूसरे क्वार्टर के अधबीच डी के पहुंच तेज वॉली जमा गोल कर नीदरलैंड को 2-1 से आगे कर दिया। भारत ने तीसरे क्वार्टर में मैच में वापसी करने की कोंशि की और उसकी अग्रिम पंक्ति बढ़िया तालमेल से खेली।

## यायीन अयारी के दो गोल से स्वीडन की टीम ट्यूनीशिया को हरा ग्रुप एफ में शीर्ष पर पहुंची

**नई दिल्ली।** यासीन अयारी के दो और अलेक्जेंडर इसाक, विक्टर गयोकर्स, मैथायस स्वेनबर्ग के एक एक गोल की बदौलत स्वीडन ने ट्यूनीशिया पर फीफा विश्व कप फुटबॉल 2026 के ग्रुप एफ के एक अन्य मैच में सोमवार सुबह 5-1 से जीत के साथ अपना अभियान शुरू किया। कोच ग्राहम पोटर्स के मार्गदर्शन में स्वीडन इस बड़ी जीत के साथ जापान और नीदरलैंड को पीछे छोड़ कर ग्रुप एफ में शीर्ष पर पहुंच गई। स्वीडन के लिए यासीन अयारी, जर्मनी के काई हावर्ज और अमेरिका के फ्लोरियन बोलोगन दो दो गोल कर मौजूदा संस्करण गोल्डन-बूट की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं।



दिलचस्प बात यह है कि स्वीडन के लिए दो गोल दागने वाले यासीन अयारी के पिता का जन्म ट्यूनीशिया में हुआ था। यासीन अयारी ने मैच के सातवें मिनट में बॉक्स के बाहर से दनदनाता शॉट जमा गोल कर मोंटरे स्टेडियम में सोमवार सुबह स्वीडन का खाता खोला। अलेक्जेंडर इसाक ने 30 वें मिनट में अपने साथी स्ट्राइकर विक्टर गयोकर्स के बढ़िया पास पर दनदनाते शॉट से गोल कर स्वीडन की बढ़त 2-0 कर दी। उस्ताद साबरी लमोची के मार्गदर्शन वाली टयूनीनिया के ओमर रेकिक ने हनीबल मेजबरी के बेहतरीन पास पर मैव के 43 वें मिनट में गेंद को संभाल कर अपना पहला अंतरराष्ट्रीय गोल कर स्कोर 1-2 कर दिया।

स्वीडन की टीम दूसरे हाफ में पूरी तरह छाई रही। गयोकर्स ने ट्यूनीशिया के गोल के बाहर मिली गेंद संभाल मैच के 59 वें मिनट में गोल कर स्वीडन को 3-1से आगे कर दिया। मैथायस सायनबर्ग ने खेल खत्म होने से छह मिनट पहले मौका ताड़ कर गोल कर स्वीडन को 4-1 से आगे कर दिया। अयारी ने खेल खत्म होने से पहले इंजुरी टाइम में अपना मैच का दूसरा और आखिरी गोल कर स्वीडन को 5-1 से मैच जिता कर ही दम लिया।

## सार संक्षेप

### दीप्ति शर्मा सर्वाधिक विकेट लेने वाली बनीं गेंदबाज

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने महिला टी20 विश्व कप 2026 का आगाज धमाकेदार अंदाज में किया। बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम ने पाकिस्तान को 64 रनों से हराया। टीम की इस जीत की नायक दीप्ति शर्मा रहीं, जिन्होंने 4 ओवर के स्पेल में सिर्फ 10 रन देकर 5 विकेट निकाले। दीप्ति ने अपने इस स्पेल के साथ ही बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। वह टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गई हैं। दीप्ति ने पाकिस्तान की बल्लेबाज नाशरा संधू का विकेट लेने के साथ ही यह मुकाम हासिल किया। दीप्ति क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में अब तक खेले 145 मुकाबलों में 166 विकेट निकाल चुकी हैं। उन्होंने इस मामले में थाईलैंड की गेंदबाज थिपाचा पुत्थावोंग को पीछे छोड़ दिया है। थिपाचा ने टी20 इंटरनेशनल में खेले 105 मुकाबलों में 165 विकेट चटकाए हैं।

### गोल्फः वाराणसी में 16-18 जून के बीच नेक्सजेन इवेंट, जानिए कितनी है प्राइज मनी?

**वाराणसी।** प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई) वाराणसी में नेक्सजेन सीजन के छठे इवेंट के साथ अपनी शुरुआत करेगा। 25 लाख रुपए की इनामी राशि वाला यह इवेंट 16 से 18 जून तक बीएलडब्ल्यू ग्रीन्स गोल्फ कोर्स में खेला जाएगा। यह इवेंट तीन राउंड (54 होल्स) में खेला जाएगा और दो राउंड (36 होल्स) के बाद 'कट' लागू होगा। टॉप-36 खिलाड़ी और टाई वाले खिलाड़ी तीसरे और आखिरी राउंड के लिए 'कट' पार करेंगे। टूर्नामेंट में 72 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इसमें शामिल प्रमुख खिलाड़ियों में सुनीत चौरसिया (2026 डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई नेक्सजेन ऑर्डर ऑफ मेरिट लीडर), राजेश कुमार गौतम, बिपिन मुखिया, अभिषेक कुमार, आदित्य राज सिंह चहल और विनय कुमार यादव के साथ-साथ 15 वर्षीय अर्जुनवीर शिशिर शामिल हैं। वाराणसी के दो खिलाड़ी इमाम-उल-हक और हेमंत यादव भी इसमें हिस्सा ले रहे हैं। इस साल के नेक्सजेन ऑर्डर ऑफ मेरिट के विजेता को 2026 सीजन के लिए मेन टूर (डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई) में खेलने का मौका मिलेगा।

### इंग्लैंड को लगा बड़ा झटका, न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हुए ओली रॉबिन्सन

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड को न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे टेस्ट मैच से पहले बड़ा झटका लगा है। इंग्लिश तेज गेंदबाज ओली रोबिन्सन दाहिने घुटने की चोट के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। रॉबिन्सन इस सीरीज में दो साल बाद टेस्ट टीम में लौटे थे। पहले टेस्ट में लॉर्ड्स के मैदान पर उनका प्रदर्शन शानदार रहा था और उन्होंने 7 विकेट लेकर इंग्लैंड को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। हालांकि, रॉबिन्सन की नई इंजरी ने उनकी फिटनेस को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। रोबिन्सन ने अपना आखिरी टेस्ट मुकाबला फरवरी 2024 में रांची में खेला था, जहां उन्होंने सिर्फ 13 ओवर ही गेंदबाजी की थी। वहीं, रोबिन्सन दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं कर सके थे।

## ग्रैंड प्रिक्स उस्ती नाद लाबेम: ओलंपिक मेडलिस्ट लवलीना और एशियन चैंपियन प्रीति पवार करेंगी भारत की अगुवाई



**नई दिल्ली।** बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) ने 'ग्रैंड प्रिक्स उस्ती नाद लाबेम' के लिए 12 सदस्यीय टीम घोषित की है। यह प्रतियोगिता चेक गणराज्य में 17-21 जून के बीच खेली जाएगी। इस टीम में ओलंपिक मेडलिस्ट लवलीना बोरगोहेन और मौजूदा एशियन चैंपियनशिप गोल्ड मेडलिस्ट प्रीति पवार जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं। भारत 23 जुलाई से 2 अगस्त के बीच ग्लासगो (स्कॉटलैंड) में आयोजित होने जा रहे कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 की तैयारी में तेजी ला रहा है। भारतीय दल में देश के कई प्रमुख बॉक्सर शामिल हैं, जिनमें कॉमनवेल्थ गेम्स की ज्यादातर वेट कैटेगरी के टॉप-रैंक वाले एथलीट्स भी हैं। जल्द ही होने वाले बड़े इंटरनेशनल इवेंट्स को देखते हुए, यह टूर्नामेंट तैयारियों को बेहतर बनाने, कॉम्बिनेशन को परखने और यूरोप के प्रतिस्पर्धी माहौल में मजबूत विरोधियों के खिलाफ खेलने का एक अहम मौका है।

## हॉकी विमेंस नेशंस कप: भारतीय टीम ने जीत के साथ किया आगाज, रोमांचक मैच में अमेरिका को 3-2 से हराया

**ऑकलैंड,** 15 जून (एजेंसियां)। भारतीय विमेंस हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी विमेंस नेशंस कप का आगाज जीत के साथ किया है। भारत की बेटियों ने मैच में दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए पूल एक के मुकाबले में अमेरिका को 3-2 से हराया।

■ दीपिका को उनके दमदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया



भारतीय टीम की ओर से इस मुकाबले में दीपिका ने दो, नवनीत कौर ने एक गोल किया। दीपिका को उनके दमदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। अमेरिका ने मैच की शानदार शुरुआत की और एश्ले सेसा ने चौथे मिनट में फील्ड गोल करके टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। अमेरिका ने महज तीन मिनट बाद ही अपनी बढ़त दोगुनी कर ली। मैडेलिन जिमर ने सातवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत पर शुरुआती दबाव बना दिया। दो गोल से पीछे चल रही भारतीय टीम ने धीरे-धीरे अटैक में अपनी पकड़ बनानी शुरू की। दूसरे क्वार्टर में उनकी कोशिशें रंग लाईं, जब ड्रैग-फ्लिक स्पेशलिस्ट दीपिका ने 17वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को सफलतापूर्वक गोल में बदलकर स्कोर कम किया और भारत को मैच में वापस ला दिया। मोमेंटम भारत के पक्ष में जाता रहा और क्वार्टर के बीच में उन्हें एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला। दीपिका ने 24वें मिनट में फिर से शानदार प्रदर्शन किया और एक और पेनल्टी कॉर्नर को सफलतापूर्वक गोल में बदलकर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया।

## नीरज चोपड़ा चोट से उबरकर वापसी को तैयार, दोहा डायमंड लीग में दिखाएंगे दमखम

**दोहा,** 15 जून (एजेंसियां)। पीठ की चोट से उबरने के बाद भारत के स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा शुक्रवार को कतर में आयोजित दोहा डायमंड लीग में अपने 2026 एथलेटिक्स सीजन की शुरुआत करेंगे। इस प्रतियोगिता के साथ नीरज करीब 9 महीने बाद वापसी करने जा रहे हैं। नीरज ने सितंबर 2025 में टोक्यो में आयोजित वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हिस्सा लिया था। दुनिया के कई टॉप थ्रोअर्स के साथ, दोहा में नीरज की स्थिति का शुरुआती अंदाजा लग सकेगा। यह साल बहुत अहम है, क्योंकि इसमें कॉमनवेल्थ गेम्स और अन्य बड़े इवेंट्स होने हैं। दोहा मीट 2026 डायमंड लीग सीजन का 7वां पड़ाव है, जो 4 और 5 सितंबर को ब्रुसेल्स में होने वाले फाइनल के साथ खत्म होगा। दो बार के ओलंपिक मेडलिस्ट नीरज की भागीदारी की पुष्टि तब हुई, जब उन्हें कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के लिए भारत की 32-सदस्यीय एथलेटिक्स टीम में अस्थायी रूप से शामिल किया गया था। दोहा भारतीय एथलीट के लिए एक सफल जगह रही है, जहां वह लगातार चौथी डायमंड लीग मीट में हिस्सा लेने जा रहे हैं। नीरज ने साल 2023 में 88.67 मीटर के थ्रो के साथ दोहा डायमंड लीग का खिताब जीता था। साल 2024 में 88.36 मीटर के थ्रो के साथ वह दूसरे स्थान पर रहे। पिछले साल नीरज ने इसी वेन्यू पर 90.23 मीटर के थ्रो के साथ नेशनल रिकॉर्ड बनाया था, लेकिन इसके बावजूद जर्मनी के जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे।

■ दोहा मीट 2026 डायमंड लीग सीजन का 7वां पड़ाव है




पाकिस्तान के ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम शुरू में एंट्री लिस्ट में थे, लेकिन फिर उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया।

## भारत-ए बनाम श्रीलंका-ए : अंतिम पलों में गजब का रोमांच, 'सुपर ओवर' में भारतीय टीम की हार

**दांबुला,** 15 जून (एजेंसियां)। श्रीलंका-ए ने सोमवार को भारत-ए के खिलाफ वनडे फॉर्मेट की त्रिकोणीय सीरीज का चौथा मुकाबला अपने नाम किया। स्कोर टाई होने के बाद मेजबान टीम ने 'सुपर ओवर' में जीत हासिल की।

रंगिरी दांबुला इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टॉस गंवाकर बल्लेबाजी करने उतरी भारत-ए टीम 49.2 ओवरों में 265 रन पर सिमट गई। भारत को 29 के स्कोर पर वैभव सूर्यवंशी (21) के रूप में पहला झटका लगा, जिसके बाद टीम ने प्रभसिमरन सिंह (11) के रूप में दूसरा विकेट भी गंवा दिया।

यहां से कप्तान तिलक वर्मा ने ऋतुराज गायकवाड़ (37) के साथ तीसरे विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 91 के स्कोर तक पहुंचाया, लेकिन तिलक वर्मा (23) के आउट होते ही विकेटों का पतझड़ लग गया। भारतीय टीम ने 143 के स्कोर तक अपने 7 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद विपराज निगम ने सूर्यांश शेडगे के साथ आठवें विकेट के लिए 90 गेंदों में 104 रन की साझेदारी करते हुए टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचा दिया।



विपराज 49 गेंदों में 51 रन बनाकर आउट हुए, जबकि सूर्यांश ने 66 गेंदों में 2 छक्कों और 3 चौकों के साथ 72 रन की पारी खेली।

श्रीलंका-ए की तरफ से मोहम्मद शिराज और विजयकांत वियासकांत ने 3-3 विकेट हासिल किए। इनके अलावा, सहान अराच्चिगे, कुगाथास मथुलन और वानुजा सहान ने 1-1 विकेट निकाला।

| SENSEX | BSE | 76264.33 ▲736.38 | NSE | 23855.90 ▲ 231.00 | MCX | Gold | 153684 ▲3156 | silver | 25401 ▲ 7215 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

देशबन्धु

# अर्थ जगत

## यूरिया के 25.4 लाख टन क्षमता वाले दो नए संयंत्र जल्द उत्पादन शुरू करेंगे : सरकार

**नई दिल्ली।** यूरिया के दो नए संयंत्र जल्द ही उत्पादन शुरू कर देंगे, जिनकी कुल सालाना क्षमता 25.4 लाख टन होगी। सरकार ने रविवार को यह जानकारी दी। इनके शुरू हो जाने के बाद आयात पर देश की निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। भारत ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 100 लाख टन से अधिक यूरिया का आयात किया था। रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान जारी किया, जिसमें भारत को आत्मनिर्भर बनाने और किसानों को वैश्विक समस्याओं से बचाने के उद्देश्य से इस क्षेत्र में मोदी सरकार के पिछले 12 वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया।



## ईंधन व खाद्य कीमतों में तेजी से थोक मुद्रास्फीति 9.68 प्रतिशत पर

*__नई दिल्ली।__ मई 2026 में भारत की थोक महंगाई दर (डब्ल्यूपीआई) बढ़कर 9.68 प्रतिशत पर पहुंच गई। ये बाजार के 9.1 प्रतिशत के अनुमान और अप्रैल के 8.3 प्रतिशत के आंकड़े से काफी अधिक है। यह लगातार बढ़ती थोक महंगाई का संकेत माना जा रहा है। मई में थोक महंगाई दर बढ़ने का मुख्य कारण ईंधन और खाद्य वस्तुओं का महंगा होना रहा।*

**ईंधन और बिजली की दरों में कितनी तेजी?**- वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई के आंकड़े जारी किए। आधार वर्ष को 2011-12 से बदलकर 2022-23 कर दिया गया है। ईंधन और बिजली में थोक मूल्य महंगाई मई में 30.33 फीसदी पर पहुंच गई। अप्रैल में यह 24.89 फीसदी थी। कच्चे पेट्रोलियम में महंगाई मई में 61.51 फीसदी रही।

**महंगाई बढ़ने के मुख्य कारण** थोक महंगाई में यह तेज वृद्धि पश्चिम एशिया संकट का असर दिखाती है। होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी से कच्चे तेल का आयात प्रभावित हुआ है।

**क्या खाद्य और खुदरा महंगाई भी बढ़ी?**- खाद्य वस्तुओं में महंगाई मई में 3.60 फीसदी दर्ज की गई। अप्रैल में यह 2.43 फीसदी थी। विनिर्मित उत्पादों में महंगाई अप्रैल के 6.68 फीसदी से बढ़कर मई में 7.48 फीसदी हो गई। खुदरा या उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई भी मई में 3.93 फीसदी पर पहुंच गई। भारतीय रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए महंगाई का अनुमान 4.6 फीसदी से बढ़ाकर 5.1 फीसदी कर दिया है। वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि से मई के दूसरे पखवाड़े में पेट्रोल और डीजल के दाम 7.50 रुपये प्रति लीटर बढ़े थे।



**क्या?**- दरअसल, थोक स्तर पर कीमतों में इस तेजी के पीछे कच्चे माल, ईंधन, ऊर्जा और विनिर्मित वस्तुओं की लागत में बढ़ोतरी प्रमुख कारण मानी जा रही है। अपेक्षा से अधिक महंगाई के आंकड़ों ने यह संकेत दिया है कि आने वाले महीनों में उद्योगों की लागत और उपभोक्ताओं पर मूल्य दबाव बढ़ सकता है।

**डब्ल्यूपीआई की गणना पर सरकार ने क्या कहा?**- वित्तीय वर्ष 2024-25 में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) की गणा को लेकर सरकार की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि यह गणना 12 महीने के सूचकांकों के अनुपात पर आधारित है। महत्वपूर्ण बदलावों का जिक्र करते हुए सरकार ने कहा कि सूची में नए और पुराने आइटम के शामिल होने या हटाए जाने से बदलाव आया है। सरकार ने कहा कि सूचकांकों की व्याख्या में सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है।

## बाजार में शानदार बढ़त, सेंसेक्स 736 अंक उछला

*__मुंबई।__ अमेरिका और ईरान के बीच हुए शांति समझौते की घोषणा के बाद सोमवार को बाजार में शानदार माहौल देखने को मिला। बाजार ने बड़ी बढ़त के साथ कारोबार बंद किया। हालांकि, बाजार ने कारोबार के अंत में अपनी शुरुआती बढ़त गंवा दी। हफ्ते के पहले दिन, सोमवार को बीएसई सेंसेक्स 736.38 अंकों (0.97 प्रतिशत) की बंपर बढ़त के साथ 76,264.33 अंकों पर बंद हुआ। जबकि, एनएसई का निफ्टी 50 इंडेक्स 231.00 अंकों (0.98 प्रतिशत) की जोरदार तेजी के साथ 23,853.90 अंकों पर बंद हुआ। एक समय सेंसेक्स 76,821.07 अंकों पर और निफ्टी 24,011.40 अंकों पर पहुंच गया था।*

**ट्रेंट के शेयरों में छप्परफाड़ तेजी**- सोमवार को सेंसेक्स की 30 में से 22 कंपनियों के शेयर ही बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए और बाकी की सभी 4 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी-50 की भी 50 में से 34 कंपनियों के शेयर ही तेजी के साथ हरे निशान में बंद हुए और बाकी की 16 कंपनी के शेयर गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल टाटा ग्रुप की कंपनी ट्रेंट के शेयर सबसे ज्यादा 5.35 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। जबकि, सरकारी पावर कंपनी एनटीपीसी के शेयर सबसे ज्यादा 1.64 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

**इंडिगो, बजाज फिनसर्व समेत इन शेयरों में बढ़त**- सेंसेक्स की बाकी कंपनियों में इंडिगो के शेयर 3.62 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व 3.58 प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट 3.29 प्रतिशत, एटरनल 3.26 प्रतिशत, मारुति सुजुकी 3.06 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा 3.01 प्रतिशत, एलएंडटी 2.99 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस 2.39 प्रतिशत, टाइटन 2.10 प्रतिशत, इन्फोसिस 1.68 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज 1.11 प्रतिशत, भारती एयरटेल 1.09 प्रतिशत, आईटीसी 0.98 प्रतिशत, एचसीएल टेक 0.90 प्रतिशत, बीईएल 0.71 प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक 0.63 प्रतिशत, कोटक महिंद्रा बैंक 0.57 प्रतिशत, एक्सिस बैंक 0.52 प्रतिशत, भारतीय स्टेट बैंक 0.35 प्रतिशत, पावरग्रिड 0.28 प्रतिशत और टीसीएस के शेयर 0.01 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुए।



लाल निशान में बंद हुए इन कंपनियों के शेयर

वहीं दूसरी ओर, आईसीआईसीआई बैंक के शेयर 0.99 प्रतिशत, एशियन पेंट्स 0.58 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.52 प्रतिशत, अडाणी पोर्ट्स 0.49 प्रतिशत, सन फार्मा 0.40 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 0.28 प्रतिशत और टाटा स्टील के शेयर 0.23 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

## यूएस-ईरान डील की खबर से चांदी फिर 2.50 लाख के पार

*__नई दिल्ली।__ अमेरिका ईरान के बीच डील होने की खबर से सोने-चांदी के वायदा भाव में अब तेजी देखने को मिल रही है। दोनों के वायदा भाव सोमवार 15 जून को तेजी के साथ खुले। खबर लिखे जाने के समय घरेलू बाजार में सोने के वायदा भाव 1,53,250 रुपए, जबकि चांदी के भाव 2,52,450 रुपए के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के भाव तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं।*

सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रैक्ट 3,301 रुपए की तेजी के साथ 1,53,829 रुपए के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 1,50,528 रुपए था। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 2,713 रुपए की तेजी के साथ 1,53,241 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रैक्ट 5,377 रुपए की तेजी के साथ 2,51,563 रुपए पर खुला। पिछला बंद भाव 2,46,186 रुपए था। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 6,261 रुपए की तेजी के साथ 2,52,447 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था।



### सोना 3,301 रुपए उछला

**कॉमेक्स पर सोना 4,289.40 डॉलर पर खुला**-अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव में तेजी देखने को मिल रही है। वहीं कॉमेक्स पर सोना 4,289.40 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 4,238.80 डॉलर प्रति औंस था। खबर लिखे जाने के समय यह 110.80 डॉलर की तेजी के साथ 4,349.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के भाव ने इस साल 5,586.20 डॉलर के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया।

## रुपया 47 पैसे चढ़कर 94.71 प्रति डॉलर पर

*__मुंबई।__ रुपया सोमवार को 47 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.71 (अस्थायी) पर रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौता होने की घोषणा करने के बाद वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट से घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला।*

विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, घरेलू शेयर बाजारों में मजबूत शुरुआत और अमेरिकी डॉलर की कमजोरी ने भी रुपए को समर्थन दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.70 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 94.45 से 94.77 के दायरे में कारोबार करता रहा। अंत में यह 94.71 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 47 पैसे की बढ़त है।

रुपया शुक्रवार को 95.18 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। अमेरिका और ईरान ने 107 दिन तक चले युद्ध को समाप्त करने और वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए अहम होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने पर सहमति जताई है। इस समझौते को स्विट्जरलैंड में हस्ताक्षर के बाद शुक्रवार को अंतिम रूप दिया गया।



ट्रम्प ने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर रविवार को इसकी घोषणा की। इससे वैश्विक ऊर्जा बाजारों पर दबाव कम हुआ। अधिकारियों के अनुसार, शांति समझौते पर 19 जून को स्विट्जरलैंड में औपचारिक तौर पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, वैश्विक बाजारों में जोखिम लेने की प्रवृत्ति में वृद्धि और अमेरिका-ईरान समझौते के बीच भारतीय रुपया लगातार दूसरे दिन मजबूत हुआ।

## यात्री वाहनों की थोक बिक्री 27.3 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री मई में सालाना आधार पर 27.3 प्रतिशत बढ़कर 4,38,854 इकाई हो गई। उद्योग संगठन सियाम ने सोमवार को यह जानकारी दी। मई 2025 में थोक बिक्री 3,44,656 इकाई रही थी। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) की ओर से जारी बयान के अनुसार, दोपहिया वाहनों की कुल बिक्री भी पिछले महीने 14.8 प्रतिशत बढ़कर 19,02,209 इकाई हो गई, जो मई 2025 में 16,57,116 इकाई थी। तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री पिछले महीने 31.1 प्रतिशत बढ़कर 70,720 इकाई हो गई।

### मुद्रा बाजार

रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 94.71 |
| एक यूरो | 110.12 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 127.98 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 67. 24 |
| एक जापानी येन | 0. 59 |


परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 124 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट130 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-136नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स - 85 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)


### सराफा बाजार


दुल्हन श्री आभूषण
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-146800 चांदी-246000

सोहन लाल एण्ड संस
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-146800 चांदी-246000


### दाल- चावल भाव



महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज
फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल**- राहर दाल एवरेज 9500-11000, मीडियम बोल्ड 11500-12000, फाइन 12500-13000, एकस्ट्रा बोल्ड 13500-14000, चना दाल एवरेज 6800-7200 चना दाल मार्का 7200-7400, मसूर दाल एवरेज 7700-7800, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 9000-9500, उड़द धुली 10000-10500, फाइन 11000-12000, मूंग दाल छिलका 8500-9000, मूंग दाल फाइन 9000-10000, मूंगदाल धुली 9000- 9500, फाइन 10000-10500। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3500, बीपीटी चालू 3800-4000,फाइन 4000-4500,एचएमटी-4500-5000 फाइन-5000-5500, जेजेएल चालू 5500-5800, फाइन 6100-6200, बासमती कनकी चालू 3000-3300, बासमती कनकी मीडियम 3500-3800, बेस्ट 3800-4000, मोगरा- 4500-4800, दुबार- 4800-5200, तिबार- 5800-6500, बासमती 9000-10000, बेस्ट 12000-12500 पोहा- 4400-4600, फाइन 5000-5200, मुरमुरा- 6000-7000, फाइन- 8000-8500 रु.।


### लोहा भाव


अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 5600, 8 एम एम 5380, 10 एम एम 52 60,12 एम एम, 5200 एवं 16 एम 52 00 रु.। तार- 72 रु. किलो।


## देश का निर्यात मई में 18 प्रतिशत बढ़कर 45.2 अरब डॉलर



*__नई दिल्ली।__ देश का माल निर्यात मई में 18 प्रतिशत बढ़कर 45.2 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, आयात भी मई में 20.62 प्रतिशत बढ़कर 73.41 अरब डॉलर हो गया, जिससे व्यापार घाटा 28.21 अरब डॉलर रहा। आंकड़ो के अनुसार, देश का निर्यात अप्रैल-मई के दौरान सालाना आधार पर 16.09 प्रतिशत बढ़कर 88.91 अरब डॉलर रहा है।*

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि भारत का मई में पश्चिम एशिया को निर्यात मामूली घटकर 5.30 अरब डॉलर रहा, जो मई 2025 में 5.38 अरब अमेरिकी डॉलर था। मंत्रालय के अनुसार, सोने का आयात अप्रैल-मई के दौरान 60 प्रतिशत बढ़कर 9.04 अरब डॉलर हो गया। अग्रवाल ने कहा कि रुझान को देखते हुए यह वर्ष निर्यात के लिए अच्छा रहेगा।

## अमेरिका-ईरान समझौते से धड़ाम हुआ कच्चा तेल

*__नई दिल्ली।__ कच्चे तेल की कीमतों में सोमवार को बड़ी गिरावट देखने को मिली. अमेरिका और ईरान के बीच समझौते की खबर आते ही वैश्विक बाजार में तेल की कीमतें धड़ाम हो गईं. ब्रेंट क्रूड करीब 4 प्रतिशत टूटकर 83.96 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया, जबकि अमेरिकी क्रूड भी फिसलकर 80.25 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया.*

**क्यों गिरे तेल के दाम?**-पिछले कई महीनों से अमेरिका और ईरान के बीच तनाव की वजह से तेल बाजार में चिंता बनी हुई थी. निवेशकों को डर था कि तनाव बढ़ने पर तेल सप्लाई प्रभावित हो सकती है. लेकिन अब दोनों देशों के बीच समझौते की खबर आने के बाद बाजार को राहत मिली है. इस समझौते का सबसे बड़ा असर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर पड़ा है. यह दुनिया का सबसे अहम तेल मार्ग माना जाता है, जहां से वैश्विक तेल सप्लाई का बड़ा हिस्सा गुजरता है. समझौते के बाद इस मार्ग के फिर से सामान्य रूप से खुलने की उम्मीद बढ़ गई है, जिससे सप्लाई को लेकर चिंता कम हुई है.

**भारत के लिए क्यों है अच्छी खबर?**-भारत अपनी जरूरत का ज्यादातर कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है. ऐसे में तेल की कीमतें घटने से देश का आयात बिल कम हो सकता है. इससे पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर दबाव कम होगा और महंगाई को भी राहत मिल सकती है. हालांकि इसका सीधा फायदा कब मिलेगा, यह सरकार और तेल कंपनियों के फैसलों पर निर्भर करेगा.




### एक झटके में 4 प्रतिशत टूटे दाम

## 'हेल्दी' और 'वीगन' जैसे दावों पर एफएसएसएआई सख्त, 8 कंपनियों को नोटिस

*__नई दिल्ली।__ खाद्य उत्पादों के नाम और दावों को लेकर भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने सख्ती की है। एफएसएसएआई ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के नियमों को ताक पर रखकर भ्रामक ब्रांड नाम, ट्रेड नाम और हवाई दावे करने पर 8 कंपनियों को नोटिस दिया है।*

एफएसएसएआई के अनुसार, इमामी हेल्दी एंड टेस्टी नाम पर आपत्ति जताते हुए एफएसएसएआई ने कहा कि इसका 'ट्रेड' नाम ग्राहकों में उत्पाद के लेकर विशेष स्वास्थ्य लाभ की धारणा पैदा कर सकता है। इसलिए यह लागू नियमों का उल्लंघन प्रतीत होता है। वहीं, प्लान बी अपने प्रोडक्ट्स को 'प्लांट बेस्ड वीगन' बताने पर भी सवाल उठाए गए हैं।

एफएसएसएआई का कहना है कि कंपनी ने वीगन खाद्य उत्पादों के समर्थन संबंधी आवश्यक स्वीकृति लिए बिना अपने उत्पादों को वीगन के रूप में प्रस्तुत किया, जिससे उपभोक्ताओं में गलत धारणा बन सकती है।

द हेल्दी फैक्टरी के 'जीरो मैदा होल व्हीट ब्रेड' और 'जीरो मैदा पिज्जा बेस' उत्पाद भी जांच के दायरे में हैं। एफएसएसएआई का मानना है कि इन उत्पादों से जुड़े दावे ग्राहकों को भ्रमित कर सकते हैं और नियमों के अनुरूप नहीं दिखते।




न्यूहबस की 'ट्रू विटामिन' उत्पाद श्रृंखला को भी नोटिस मिला है। एफएसएसएआई के अनुसार, 'ट्रू विटामिन' जैसा व्यापारिक नाम उसके नियमों में परिभाषित या मान्यता प्राप्त नहीं है, इसलिए यह उपभोक्ताओं को गुमराह कर सकता है। इसी प्रकार, टूवी के 'हेल्दी मिक्स वेजी चिप्स', 'हेल्दी रागी चिप्स' और 'हेल्दी मूंग दाल चिप्स' जैसे स्नैक उत्पादों पर 'हेल्दी' होने के दावे को लेकर सवाल उठाए गए हैं। इसका कहना है कि इनमें कई अन्य सामग्री भी शामिल हैं, ऐसे में इन उत्पादों को 'हेल्दी' बताना भ्रामक हो सकता है।

**इनके नाम पर भी आपत्ति**-एफएसएसएआई ने हेल्दी मास्टर की टैगलाइन ''विजन टू सर्व हेल्दी'', हेल्दी चॉइस के ''हेल्दी फूड फॉर हेल्दी लाइफ पोहा' और हेल्थ एड के ब्रांड नाम पर भी आपत्ति जताई है। नियामक का मानना है कि ये सभी भारी-भरकम शब्द केवल ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए पैकेट पर लिखे गए हैं, जिनका उत्पाद की वास्तविक प्रकृति से दूर-दूर तक कोई लेना-देना नहीं दिखता।

### इन कंपनियों को जारी हुआ नोटिस

एफएसएसएआई ने जिन कंपनियों को नोटिस दिया है, उनमें इमामी हेल्दी एंड टेस्टी, हेल्थ एड, टूवी, द हेल्दी फैक्टरी, हेल्दी मास्टर, हेल्दी चॉइस, प्लान बी और न्यूहबर्स शामिल हैं।


देशबन्धु
ग्राहक सेवा

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है।
अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
डॉ. विश्वास
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु कॉम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

## गोरखपुर राजुल ड्यूप्लेक्स में सनसनीखेज वारदात

# महिला बिजनेस पार्टनर की हत्या कर युवक ने खुद को मारी गोली



**जबलपुर, देशबन्धु।** गोरखपुर थाना क्षेत्रांतर्गत राजुल ड्यूप्लेक्स में एक युवक ने अपनी महिला बिजनेस पार्टनर की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद युवक ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने सूचना मिलने पर शवों को पंचनामा कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस के अनुसार दोनों के बीच चार दिन पूर्व भी विवाद हुआ था। पुलिस ने प्रकरण को विवेचना में लेकर जांच प्रारंभ कर दी है। दोनों के बीच रुपयों व कारोबार को लेकर झगड़ा हुआ था।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोरखपुर स्थित राजुल ड्यूपलैक्स में सोमवार दोपहर के वक्त शक्ति कोहली अपना ब्यूटीपार्लर का सामान लेने गई थी। इस दौरान फूटाताल निवासी 32 वर्षीय दीपेश वहां पहुंचा, दोनों के बीच कारोबार व रुपयों को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दीपेश ने पिस्टल से शक्ति को गोली मार दी। गोली लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

जिसके बाद उसकी सहायिका ने बाहर से दरवाजा बंद कर दिया, इसके बाद दीपेश ने स्वयं को गोली मारकर



आत्महत्या कर ली। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग




मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे तो दोनों मृत मिले। पुलिस ने घटनास्थल को सील कर दिया है। एफएसएल टीम साक्ष्य जुटा रही है।

**पुलिस ने दोनों के मोबाइल किए जब्त–** मौके से हथियार सहित अन्य सामग्री जब्त की गई है। पुलिस दोनों के मोबाइल फोन और अन्य दस्तावेजों की जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।

### परिजन बोले, युवक पर आपराधिक केस दर्ज थे

महिला शक्ति के जीजा शरद जाटव ने बताया कि फूटाताल निवासी दीपेश राठौर पहले फर्नीचर का व्यवसाय करता था। उसने शक्ति को यह कहकर भरोसे में लिया था कि वह ब्यूटी पार्लर का आकर्षक इंटीरियर डिजाइन करेगा और उसे जबलपुर का सबसे अच्छा पार्लर बनाएगा। इसी दौरान दोनों के बीच पार्टनरशिप हुई। पिछले 6 से 7 महीनों से लगातार बिजनेस को लेकर मुलाकातें हो रही थीं। जब दीपेश राठौर के बारे में जानकारी जुटाई गई तो पता चला कि उसका आपराधिक रिकॉर्ड है। जिसके बाद शक्ति ने उससे दूरी बनाना शुरू कर दी थी।

### चार दिन पहले हुआ था विवाद

गोरखपुर सीएसपी एमडी नागोतिया ने बताया कि मृतिका शक्ति और दीपेश के बीच विजयनगर मुस्कान प्लाजा स्थित फ्लैट में किसी बात को लेकर चार दिन पहले विवाद हुआ था। दोनों ने गोरखपुर राजुल ड्यूप्लेक्स में ब्यूटी पार्लर का संचालन शुरु किया था। सोमवार को शक्ति सामान लेने गई थी। जहां दोनों के बीच विवाद हुआ और उक्त घटनाक्रम घटित हुआ।

## बरगी क्रूज हादसा: सबूत मिटाने की कोशिश? कटघरे में जिला प्रशासन



**जबलपुर, देशबन्धु।** बरगी बांध में 30 अप्रैल को हुए भीषण क्रूज हादसे की जांच के दौरान अब कई नए सवाल सामने आ रहे हैं। हादसे में 14 लोगों की मौत के बाद गठित एकल सदस्यीय जांच आयोग के समक्ष याचिकाकर्ता अखिलेश त्रिपाठी और सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. पी.जी. नाजपांडे ने अलग-अलग प्रतिवेदन प्रस्तुत कर जांच की दिशा और पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंताएं जताई हैं। दोनों ने इस बात पर सवाल उठाया है कि आखिर जांच पूरी होने से पहले दुर्घटनाग्रस्त क्रूज को क्यों डिस्मेंटल किया गया और इसके लिए किस स्तर पर अनुमति दी गई।

> ● क्रूज डिस्मेंटल करने पर उठे गंभीर सवाल, जांच आयोग के समक्ष आरोप

अखिलेश त्रिपाठी ने आयोग से मांग की है कि हादसे की स्वतंत्र तकनीकी जांच किसी विशेषज्ञ संस्था से कराई जाए। उनका कहना है कि अब तक किसी स्वतंत्र तकनीकी एजेंसी की रिपोर्ट जांच का हिस्सा नहीं बनी है, जबकि किसी भी बड़े जलयान हादसे में तकनीकी परीक्षण सबसे महत्वपूर्ण कड़ी माना जाता है। उन्होंने आवेदन में कहा है कि दुर्घटनाग्रस्त नाव और उसके इंजन को खोल दिए जाने से कई महत्वपूर्ण तकनीकी साक्ष्य प्रभावित हो सकते हैं। ऐसे में उपलब्ध अवशेषों, दस्तावेजों और अन्य तकनीकी प्रमाणों की विशेषज्ञ जांच कराकर हादसे के वास्तविक कारणों का पता लगाया जाना चाहिए।

**क्रूज डिस्मेंटल कराने वाले अधिकारियों पर हो एफआईआर –** वहीं डॉ. पी.जी. नाजपांडे ने आयोग के समक्ष प्रस्तुत प्रतिवेदन में कहा कि जांच पूरी होने से पहले क्रूज को डिस्मेंटल किया जाना अपने आप में गंभीर संदेह पैदा करता है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब हादसे की जांच चल रही थी तो आखिर किस आवश्यकता और किसके निर्देश पर क्रूज को तोड़ा गया। उन्होंने मांग की कि क्रूज को डिस्मेंटल कराने वाले अधिकारियों की भूमिका की भी जांच की जाए और आवश्यक होने पर उनके खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाए। प्रतिवेदन में यह भी कहा गया है कि इन्लैंड वेसल्स एक्ट, 2021 के तहत दुर्घटनाग्रस्त जलयान में बिना वैधानिक प्रक्रिया के छेड़छाड़ या तोड़फोड़ नहीं की जा सकती। आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी ने दोनों प्रतिवेदनों को रिकॉर्ड पर लेते हुए आश्वस्त किया कि स्वतंत्र तकनीकी जांच, क्रूज के डिस्मेंटल किए जाने की परिस्थितियों तथा अधिकारियों की संभावित जिम्मेदारी सहित सभी बिंदुओं का परीक्षण जांच प्रक्रिया में किया जाएगा।

## पहले राशन पर्ची बनवाओ, फिर तीन माह राशन लो, तब मिलेगी इलाज की गारंटी

देशबन्धु खबर

### आयुष्मान कार्ड के नाम पर गरीबों की परीक्षा!

**जबलपुर, देशबन्धु।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी आयुष्मान भारत योजना का उद्देश्य गरीब परिवारों को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध कराना है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि जिले में हजारों गरीब परिवार आज भी इस सुविधा से दूर हैं। आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए रोजाना 50 से 100 लोग विभिन्न केंद्रों पर पहुंच रहे हैं, लेकिन उन्हें एक ही जवाब सुनने को मिल रहा है– 'पहले राशन पर्ची बनवाइए, तीन माह तक राशन लीजिए, फिर आइए, तब कार्ड बनने की संभावना है।

' सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब कोई व्यक्ति आर्थिक रूप से कमजोर है, इलाज की जरूरत है और सरकार की योजना उसी के लिए बनाई गई है, तो उसे पहले कई सरकारी प्रक्रियाओं की भूलभुलैया में क्यों धकेला जा रहा है? आयुष्मान कार्ड केंद्रों पर पहुंचने वाले अनेक लोगों का कहना है कि वे महीनों से चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उनका नाम पात्रता सूची में नहीं होने के कारण कार्ड नहीं बन पा रहा है। जानकारों के मुताबिक आयुष्मान कार्ड बनने के लिए केवल गरीबी पर्याप्त नहीं है। लाभार्थी का नाम - एसईसीसी-2011 (सामाजिक-आर्थिक एवं जाति जनगणना) की सूची या अन्य स्वीकृत पात्रता सूची में होना जरूरी है। जिनके पास राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत राशन कार्ड या पात्रता पर्ची नहीं है, उनके सामने सबसे बड़ी परेशानी खड़ी हो जाती है। विडंबना यह है कि राशन पर्ची बनवाना भी आसान नहीं है। आय, दस्तावेज और सत्यापन की लंबी प्रक्रिया के बाद पात्रता तय होती है। इसके बाद भी कई लोगों को महीनों इंतजार करना पड़ता है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर गरीब व्यक्ति इलाज की व्यवस्था करे या सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाए

**क्यों अटक रहा है आयुष्मान कार्ड–** पात्रता सूची में नाम नहीं होना। राशन कार्ड या पात्रता पर्ची का अभाव। आधार और समग्र आईडी में त्रुटियां।

पोर्टल पर परिवार की जानकारी अपडेट न होना। दस्तावेजों में नाम और पते का मिलान न होना। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि यदि कोई परिवार वास्तव में गरीब है, लेकिन किसी सूची में उसका नाम नहीं है, तो क्या उसे इलाज के अधिकार से वंचित कर दिया जाएगा? सरकार करोड़ों रुपये खर्च कर योजना का प्रचार कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर पात्र गरीबों को योजना का लाभ दिलाने के लिए विशेष अभियान की जरूरत महसूस की जा रही है। अन्यथा 'आयुष्मान' का सपना कागजों में ही चमकता रहेगा और जरूरतमंद इलाज के लिए दर-दर भटकते रहेंगे।

#### फैक्ट फाइल

- इलाज की सीमा : 5 लाख रुपये प्रतिवर्ष
- जबलपुर में जारी कार्ड : 9 लाख से अधिक
- प्रतिदिन सेंटर पहुंचने वाले आवेदक : 50-100
- बड़ी बाधा : पात्रता सूची और राशन पर्ची की शर्तें
- वंचित परिवार : हजारों


#### इनका कहना है

**यह बात सही है कि जिले में प्रतिदिन आधा सैकड़ा आवेदक कार्ड के लिए पहुंचते हैं लेकिन जो मापदण्ड तय किए गए है उसकी के आधार पर कार्ड बनाना संभव हो पा रहा है।**

**डॉ. नवीन कोठारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग**

## नर्मदा नदी के पुल पर हाइवा ने दो को रौंदा

**जबलपुर, देशबन्धु।** गौर चौकी और बरगी थाना के बीच पड़ने वाले नर्मदा नदी के पुल के ऊपर से गुजरने वाला जबलपुर-नागपुर राष्ट्रीय राजमार्ग में एक तेज रफ्तार डंपर ने दो युवकों को रौंदकर मौत के घाट उतार दिया। वहीं एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। बताया जाता है कि सोमवार की दोपहर नेशनल हाईवे के गौर पुलिस चौकी और बरगी थाना क्षेत्र के बीच पड़ने वाले नर्मदा नदी के पुल पर एक तेज रफ्तार डंपर एमपी34 जेडएफ 6543 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बरगी से आ रहे बाइक सवार युवकों व महिला को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं बाइक में आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही गौर चौकी पुलिस मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंच गए और हादसे में गंभीर रूप ले घायल महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया। साथ ही मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया।




## कैनाइन डिस्टेंपर वायरस से ग्रसित तेंदुए की हालत में सुधार

### आखिरी जांच के लिये ब्लड सैंपल लेने वन विभाग को भेजा पत्र

**जबलपुर, देशबन्धु।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ वाइल्डलाइफ में पिछले डेढ़ महीने से कैद तेंदुए की सेहत की अंतिम टेस्टिंग की तैयारी शुरू हो गई है। शुरुआती जांच में कैनाइन डिस्टेंपर जैसे जानलेवा वायरस से पीड़ित इस तेंदुए की सेहत में डॉक्टरों की देखरेख, सटीक इलाज और विशेष डाइट से काफी सुधार हुआ है।

अब वाइल्डलाइफ एक्सपर्ट डॉ. अमोल रोकड़े और उनकी टीम यह सुनिश्चित करना चाहती है कि तेंदुआ पूरी तरह संक्रमण मुक्त हुआ है या नहीं। इसके लिए टीम तेंदुए को बेहोश करके उसके ब्लड सैंपल लेगी, जिसकी आधिकारिक मंजूरी के लिए सोमवार को वन विभाग को पत्र भेजा गया है।

**अंतिम मेडिकल जांच की तैयारी–** वाइल्डलाइफ डॉक्टरों की टीम अब केवल बाहरी सुधार के आधार पर तेंदुए को स्वस्थ घोषित नहीं करना चाहती। तेंदुए के शरीर के अंदरूनी अंगों की वास्तविक स्थिति जानने के लिए उसका विस्तृत मेडिकल चेकअप किया जाएगा।

इसके लिए मेडिकल टीम तेंदुए को ट्रेंकुलाइज यानी बेहोश करने की योजना बना रही है। बेहोश करने के बाद उसके शरीर से खून और अन्य जरूरी फ्लूइड के नमूने लिए जाएंगे। इन सैंपलों की लैब में बारीकी से जांच होगी, जिससे शरीर में वायरस की मौजूदगी का सटीक पता लगाया जा सके। इस संवेदनशील और महत्वपूर्ण जांच प्रक्रिया को अमलीजामा पहनाने के लिए वन विभाग की कानूनी और प्रशासनिक अनुमति अनिवार्य है। डॉक्टरों की टीम ने अपनी ओर से सभी कागजी औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं और सोमवार को यह फाइल वन विभाग के अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कर दी गई है।




**J.B.F.A**

**जबलपुर ब्रॉयलर फार्मस् एसोसियेशन**

| | |
|---|---|
| मुर्गा छोटा | - रु. 140 |
| मुर्गा मीडियम | - रु. 134 |
| मुर्गा बड़ा | - रु. 128 |
| मुर्गा जम्बो | - रु. 128 |

मो.-9039925000, 9425800409

**सोनू पोल्ट्री**

| | |
|---|---|
| बड़ा ब्रॉयलर | - रु. 124 |
| मीडियम ब्रॉयलर | - रु. 130 |
| छोटा ब्रॉयलर | - रु. 136 |

मो.- 9039925999

## रेल वन ऐप से रिजर्वेशन पर 3 प्रतिशत की छूट खत्म

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए शुरू किए गए एकीकृत डिजिटल प्लेटफार्म रेलवन ऐप की डिस्काउंट को अब खत्म कर दिया गया है। अनारक्षित और आरक्षित टिकटों की बुकिंग पर मिलने वाली 3 प्रतिशत की विशेष छूट 14 जून को समाप्त हो गई है। ऐसे में 15 जून से यात्रियों को टिकट बुकिंग पर पूरा किराया चुकाना होगा। रेलवे प्रशासन द्वारा यह छूट प्रयोगिक तौर पर 14 जून 2026 तक ही दी गई थी। रेलवन सुपर ऐप को डाउनलोड करने के बाद यात्रियों को अब अन्य किसी ऐप की आवश्यकता नहीं पड़ रही है।